CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 17°C

लखनऊ, शुक्रवार 13 मार्च 2026 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 126 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन कृष्ण पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 | 23 रमज़ान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



रसोई गैस की कमी मोदी की कूटनीतिक विफलता : खड़गे पेज 2



भारतीय क्रिकेट के लिए अगले 12 महीने होंगे बेहद व्यस्त खेल टाइम्स



पिघलते ग्लेशियर चिंता का विषय सम्पादकीय



युद्ध खत्म करने का ट्रम्प के पास कोई प्लान नहीं पेज 12

# अमेरिकी ठिकानों पर हमले जारी रहेंगे: मुजतबा

**यूएस-इजरायल से जंग के बीच ईरान के नए सर्वोच्च नेता ने जारी किया पहला बयान, सेना का किया धन्यवाद**



**तेहरान।** ईरान के नए सर्वोच्च नेता अयातुल्ला मुजतबा खामेनेई ने अमेरिका और इजरायल के साथ जारी जंग के बीच अपना पहला बयान जारी किया, जिसे गुरुवार को सरकारी टेलीविजन पर एक समाचार एंकर ने पढ़ा। खामेनेई खुद कैमरे पर नजर नहीं आए, लेकिन उनके बयान को पूरे देश में दिखाया गया।

बयान में खामेनेई ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने का इस्तेमाल ताकत के रूप में किया जाना चाहिए और खाड़ी के अरब पड़ोसी देशों पर हमले जारी रहेंगे। पश्चिम एशिया में युद्ध के बीच यह उनका पहला संदेश है। मुजतबा खामेनेई के सार्वजनिक रूप से दिखाई न देने पर कई रिपोर्ट्स में बताया गया था कि उन्हें युद्ध के दौरान शुरुआती हमलों में चोटें आई थीं। शुरुआती अमेरिकी और इजरायली हवाई हमलों में उनके पिता पूर्व सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई और उनके परिवार के कई सदस्य मारे गए थे। बयान में उन्होंने यह भी कहा कि ईरान अपने पड़ोसी देशों के साथ मित्रता चाहता है और अब केवल अमेरिका के ठिकानों को निशाना बना रहा है, जिस पर हमले जारी रहेंगे। मुजतबा खामेनेई ने देश से एकजुटता आह्वान किया और कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद रखा जाएगा, ताकि ईरान के दुश्मनों पर दबाव बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि हम अपने शहीदों के खून का बदला लेंगे। उन्होंने देश की सेना का धन्यवाद किया और कहा कि उन्होंने ईरान को विभाजित होने या कब्जे में जाने से बचाया। खामेनेई ने कहा कि मैं बहादुर लड़ाकों का शुक्रगुजार हूं, जो उस समय बेहतरीन काम कर रहे हैं, जब हमारा देश दबाव और हमले का सामना कर रहा है। खामेनेई ने यह भी कहा कि ईरान आगे भी अपनी रक्षा करता रहेगा। यमन और इराक में सशस्त्र समूह ईरान का समर्थन कर रहे हैं। ईरान के नए सर्वोच्च नेता ने कहा कि जो लोग नुकसान झेल चुके हैं, उन्हें आर्थिक मुआवजा दिया जाएगा।

# होर्मुज स्ट्रेट से होकर गुजरे भारतीय झंडे वाले तेल टैंकर

**विदेश मंत्री एस. जयशंकर और उनके ईरानी समकक्ष अराघची की बातचीत के बाद निकला रास्ता, मिली बड़ी राहत**



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव और ईरान-इजरायल- अमेरिका युद्ध के बीच भारत को एक बड़ी कूटनीतिक सफलता हाथ लगी है।

ईरान ने भारतीय झंडे वाले तेल टैंकरों को रणनीतिक रूप से अहम 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' से सुरक्षित गुजरने की अनुमति दे दी है। यह घटनाक्रम भारतीय विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर और ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची के बीच हुई उच्च-स्तरीय वार्ता के बाद सामने आया है। इसके बाद कम से कम दो भारतीय टैंकर पुष्पक और परिमल सुरक्षित रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे हैं। यह वही समुद्री मार्ग है, जहां बढ़ते तनाव के कारण कई अंतर्राष्ट्रीय जहाजों की -शेष पृष्ठ दो पर

## 23वां रोजा

### जरूरतमंदों को दान देने की सीख देता है रोज़ा



रमजान का आखिरी अशरा चूंकि दोजख से निजात का है, इसलिए ज़ेहन में यह सवाल उठना बहुत कुदरती बात है कि जहन्नुम की आग से बचने के लिए क्या कदम उठाए जाएं? इसका जवाब है सच्चे दिल और पाक ज़ज़्बे के साथ अल्लाह की इबादत की जाए, लेकिन फिर यह सवाल है कि दिल सच्चा और ज़ज़्बा पाक कैसे होगा? इसका जवाब है कि जब अल्लाह तौफीक देगा, तो बंदे का दिल सच्चा होगा और जज्बा पाक होगा। यहां फिर सवाल उठता है कि अल्लाह दिल की सच्चाई और ज़ज़्बे की पाकीज़गी की तौफीक किसे देगा? इसका जवाब हमें कुरआने-पाक की सूरह 'लैल' की पांचवीं-छठी और सातवीं आयत में मिलता है। इन आयतों में अल्लाह का इरशाद है-'तो जिसने दिया और परहेज़गारी की और नेक बात को सच जाना उसको हम आसान तरीके की तौफीक देंगे।' इन आयतों की रोशनी में ज़ाहिर हो जाता है कि तौफीक देने वाला अल्लाह है और रोज़ेदार के लिए ज़रूरी है कि अल्लाह की इस तौफीक को पाने के लिए वो ज़रूरतमंदों को जकात, सदका और खैरात दे। इसके अलावा परहेज़गारी और नेक बात को सच तस्लीम करे और जाने भी और माने भी। ऐसा परहेज़गार और नेक रोज़ेदार अल्लाह से तौफीक पाता है एतेकाफ में बैठने की।




# ईरान का ओमान पर बड़ा हमला

## सलालाह बंदरगाह पर ड्रोन से किया अटैक



**हमले में तेल के स्टोरेज टैंकों को निशाना बनाया गया, खाड़ी देशों में बढ़ा तनाव**

**ओमान के सुल्तान ने ईरान के राष्ट्रपति पेजेशकियान से संपर्क कर कड़ा विरोध दर्ज कराया**

**मस्कट।** खाड़ी क्षेत्र में तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। अमेरिका और इजरायल के साथ चल रहे युद्ध के बीच ईरान ने अब ओमान के सलालाह बंदरगाह पर ड्रोन से हमला किया है। इस हमले में तेल के स्टोरेज टैंकों को निशाना बनाया गया है। इस घटना ने क्षेत्र में एक नया संकट पैदा कर दिया है, क्योंकि ओमान अब तक इस युद्ध में एक तटस्थ देश की भूमिका निभा रहा था।

अल जजीरा और ओमान टीवी की रिपोर्ट के अनुसार, ड्रोन हमलों ने सलालाह बंदरगाह पर स्थित तेल टैंकों को काफी नुकसान पहुंचाया है। ब्रिटेन की समुद्री सुरक्षा कंपनी एम्ब्रे ने भी इस हमले की पुष्टि की है। हालांकि राहत की बात यह है कि इस हमले में किसी भी व्यापारिक जहाज को नुकसान नहीं पहुंचा है। यह हमला ईरान द्वारा खाड़ी देशों के ऊर्जा ठिकानों पर किए जा रहे हमलों का हिस्सा माना जा रहा है। इस हमले के बाद ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक अल सैद ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान से संपर्क किया। सुल्तान ने ओमान की धरती पर हुए इन हमलों पर कड़ा विरोध दर्ज कराया और इसकी निंदा की। उन्होंने साफ किया कि ओमान युद्ध में किसी का पक्ष नहीं ले रहा है। सुल्तान ने कहा कि ओमान अपनी सुरक्षा और स्थिरता बनाए रखने के लिए हर जरूरी कदम उठाएगा। बता दें कि यह हमला उस समय हुआ जब सुल्तान हैथम ने अयातुल्ला मुजतबा खामेनेई को ईरान का नया सर्वोच्च नेता बनने पर बधाई दी थी। ओमान की न्यूज एजेंसी के मुताबिक सुल्तान ने खामेनेई के चयन पर उन्हें शुभकामना संदेश भेजा था।

## इराक में हुए हमले में एक भारतीय की मौत

**ईरानी सुसाइड बोट से टक्कर के बाद अमेरिकी तेल टैंकर में लगी आग**

**नई दिल्ली।** इराक की समुद्री सीमा में एक अमेरिकी तेल टैंकर पर ईरानी सुसाइड बोट ने हमला किया। इस हादसे में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई।

कंपनी ने भारत सरकार से नाविकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और इस हमले के खिलाफ सख्त रुख अपनाने की मांग की है। इराक के खोर अल जुबैर बंदरगाह के पास बुधवार को एक अमेरिकी तेल टैंकर पर बड़ा हमला हुआ। इस हमले में एक भारतीय नागरिक की जान चली गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, ईरान की एक सुसाइड बोट ने इस टैंकर को निशाना बनाया। यह घटना इराक की समुद्री सीमा के अंदर हुई। जिस जहाज पर हमला हुआ, मृतक का नाम सेफसी विष्णु है। यह अमेरिका का जहाज है और इस पर मार्शल आइलैंड्स का झंडा लगा है। हमले के समय जहाज पर कुल 28 लोग मौजूद थे। इनमें से एक भारतीय की मौत हो गई, जबकि बाकी 27 कर्मियों को सुरक्षित बचा लिया गया है। बचाए गए सभी लोगों को इराक के बसरा शहर ले जाया गया है।

# शब्बीर शाह को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

शाह टाइम्स ब्यूरो



**कोर्ट ने लंबे समय से चल रही न्यायिक हिरासत और ट्रायल में सामने आई कुछ अनियमितताओं पर भी गंभीर टिप्पणी की**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कश्मीरी अलगाववादी नेता शब्बीर अहमद शाह को टेरर फंडिंग मामले में जमानत दे दी। उन्हें राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 4 जून 2019 को गिरफ्तार किया था।

अदालत ने लंबे समय से चल रही न्यायिक हिरासत और ट्रायल में सामने आई कुछ अनियमितताओं पर भी गंभीर टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट की पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता शामिल थे, ने कहा कि शाह को जमानत दी जा रही है। हालांकि अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि इस मामले में विस्तृत आदेश बाद में जारी किया जाएगा और जमानत कुछ सख्त शर्तों के साथ दी जाएगी। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने शब्बीर अहमद शाह की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कॉलिन गोंसाल्वेस की दलीलें सुनीं। उन्होंने अदालत में पुनः तर्क प्रस्तुत करते हुए कहा कि शाह लंबे समय से जेल में हैं और मुकदमे की प्रक्रिया अभी भी लंबित है। वहीं, राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा ने पक्ष रखा और जमानत का विरोध किया। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने ट्रायल की प्रक्रिया में कुछ विसंगतियों की ओर भी संकेत किया। अदालत ने कहा कि मामले में मुकदमा अपेक्षा से अधिक लंबा खिंच रहा है और आरोपी लंबे समय से जेल में है। इसी आधार पर अदालत ने फिलहाल शब्बीर अहमद शाह को जमानत देने का फैसला किया। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने टेरर फंडिंग से जुड़े मामले में 4 जून 2019 को शब्बीर अहमद शाह को गिरफ्तार किया था।

## माता-पिता की सैलरी ओबीसी क्रीमी लेयर का आधार नहीं: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि ओबीसी आरक्षण में क्रीमी लेयर का फैसला केवल माता-पिता की आय के आधार पर नहीं किया जा सकता। माता-पिता या अभिभावकों के पद (पोस्ट) और सामाजिक स्थिति (स्टेटस) को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए। साथ ही कहा कि अगर सरकारी कर्मचारियों के बच्चों और प्राइवेट या पीएसयू कर्मचारियों के बच्चों को अलग-अलग तरीके से आरक्षण दिया जाए, तो यह अनुचित भेदभाव होगा। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने फैसला दिया। कोर्ट ने केंद्र सरकार की अपील को खारिज करते हुए दिल्ली, मद्रास और केरल हाईकोर्ट के फैसलों को सही माना। कोर्ट ने उन यूपीएससी कैंडिडेट्स को बड़ी राहत दी है, जिन्हें सिविल सेवा परीक्षा पास करने के बावजूद नौकरी नहीं दी गई थी। सरकार ने उनके माता-पिता की सैलरी को आधार मानकर उन्हें क्रीमी लेयर की श्रेणी में डाल दिया था। कोर्ट ने साफ किया कि सरकार ने कैंडिडेट्स को आरक्षण से बाहर करने के लिए गलत पैमाना अपनाया। यह पूरा विवाद उन कैंडिडेट्स से जुड़ा है जिनके माता-पिता पीएसयू, बैंक या इसी तरह के संस्थानों में काम करते थे।

# सीईसी के पद से हटाए जा सकेंगे ज्ञानेश कुमार!

**लोकसभा के 130 और राज्यसभा के 63 सांसदों ने नोटिस पर हस्ताक्षर किए, किसी एक सदन में आज जमा होगा नोटिस**

**नई दिल्ली।** लोकसभा के 130 और राज्यसभा के 63 सांसदों ने एक नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने की मांग की गई है। एक सूत्र ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

सूत्र के मुताबिक, इस नोटिस को शुक्रवार (आज) किसी एक सदन में जमा किया जा सकता है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि किस सदन में सौंपा जाएगा। इस बीच, विपक्ष के एक नेता ने कहा कि सांसदों ने नोटिस पर हस्ताक्षर करने में काफी उत्साह दिखाया है। आवश्यक संख्य पहले ही पूरी हो जाने के बावजूद गुरुवार को कई सांसद इस नोटिस पर हस्ताक्षर करने के लिए आगे आए। नियम के मुताबिक, सीईसी को पद से हटाने के लिए लोकसभा के कम से कम 100 सांसदों के हस्ताक्षर होने जरूरी हैं। वहीं, राज्यसभा के 50 सांसदों के हस्ताक्षर जरूरी हैं। सूत्र ने बताया कि नोटिस पर इंडिया ब्लॉक के राजनीतिक दलों के सदस्यों ने हस्ताक्षर किए। एक अन्य सूत्र ने कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) के सांसदों ने भी इस नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं, जबकि आप अब इंडिया ब्लॉक का हिस्सा नहीं है। यह पहली बार है, जब किसी मुख्य चुनाव आयुक्त को पद से हटाने के लिए नोटिस दिया जा रहा है।

## घर में नमाज पढ़ने से रोकने के मामले में बरेली के डीएम- एसएसपी तलब

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बरेली में एक घर में नमाज पढ़ने पर पुलिसिया कार्रवाई और उसके बाद पीड़ित को मिलीं धमकियों को गंभीरता से लिया है। कोर्ट ने डीएम अविनाश सिंह और एसएसपी अनुराग आर्य को अवमानना का दोषी मानते हुए 23 मार्च को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया है। कहा है कि तय समय पर उपस्थित नहीं होते हैं, तो गैर-जमानती वारंट जारी किया जाएगा। यह आदेश न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन और न्यायमूर्ति सिद्धार्थ नंदन की खंडपीठ ने तारिक खान की याचिका पर दिया है। बुधवार को मामले की सुनवाई के दौरान घर के मालिक हसीन खान ने अदालत के सामने बयान दर्ज कराया। बताया कि 16 जनवरी 2026 को परिवार के साथ वह घर में नमाज पढ़ रहे थे, तब पुलिस उन्हें उठाकर ले गई और उनका चालान कर दिया।

# सरकार एलपीजी आपूर्ति पर ध्यान दे: राहुल गांधी




**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि देश में रसोई गैस और तेल की किल्लत का यह शुरुआती दौर है और बदले माहौल में सरकार को ऊर्जा उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जरूरी कदर उठाने चाहिए।

राहुल गांधी ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए गुरुवार को कहा कि देश में एलपीजी और तेल की जो स्थिति है, वो अभी शुरुआत है। इस बारे में मैं सदन में बोलना चाहता था, लेकिन कोई नई प्रक्रिया शुरू हुई है। इसमें मंत्री पहले तय करेंगे, फिर मैं बोलूंगा और फिर मंत्री उस पर जवाब देंगे। अभी तैयारी करने की जरूरत है, क्योंकि अभी हमारे पास समय है। प्रधानमंत्री और सरकार को तुरंत इस समस्या से निकलने के लिए तैयारी शुरू कर देनी चाहिए। अगर तैयारी नहीं की तो करोड़ों लोगों का नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि यह इससे भी बड़ा मुद्दा है कि ईरान हमें ईंधन लेने देता है या नहीं। यह अस्थिरता की तरफ बढ़ने की स्थिति है और जब आप अस्थिर समय में जाते हैं, तो इस हाल में मानसिकता बदलने लगती है, क्योंकि यह पहले जैसी में नहीं रह सकती इसलिए सरकार को सुझाव है कि वह संभावनाओं के बारे में गहराई से सोचना शुरू करे।

# देश के किसी भी पेट्रोल पंप पर तेल खत्म नहीं: सरकार

शाह टाइम्स ब्यूरो



**देश में कच्चे तेल की उपलब्धता पूरी तरह सामान्य और आरामदायक स्थिति में: पेट्रोलियम मंत्रालय**

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में तनाव के बीच भारत में पेट्रोल-डीजल और एलपीजी की सप्लाई को लेकर सरकार ने बड़ी राहत भरी जानकारी दी है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव (मार्केटिंग और ऑयल रिफाइनरी) सुजाता शर्मा ने कहा कि देश में कच्चे तेल की उपलब्धता फिलहाल पूरी तरह सामान्य और आरामदायक स्थिति में है और किसी भी पेट्रोल पंप पर ईंधन खत्म होने की कोई खबर नहीं है। उन्होंने बताया कि भारत हर दिन लगभग 55 लाख बैरल कच्चे तेल का इस्तेमाल करता है और देश दुनिया का चौथा सबसे बड़ा रिफाइनर है। इसी वजह से पेट्रोल और डीजल जैसे उत्पादों की उपलब्धता को लेकर सरकार को भरोसा है कि आम लोगों को किसी तरह की कमी का सामना नहीं करना पड़ेगा। देशभर में करीब एक लाख पेट्रोल पंप काम कर रहे हैं और इनमें से अधिकांश सरकारी तेल कंपनियों के हैं। मंत्रालय के मुताबिक किसी भी पंप पर ड्राई आउट यानी तेल खत्म होने की स्थिति नहीं आई है। एलपीजी को लेकर भी सरकार ने विशेष कदम उठाए हैं। 9 मार्च को आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत आदेश जारी कर सभी रिफाइनरियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद घरेलू उत्पादन बढ़कर 28 प्रतिशत तक पहुंच गया है, जो पहले करीब 25 प्रतिशत था। सरकार का कहना है कि इससे घरेलू गैस की उपलब्धता और बेहतर होगी। सुजाता शर्मा ने यह भी बताया कि भारत अपनी एलपीजी जरूरत का लगभग 60 प्रतिशत आयात करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### दो बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने देश में कथित तौर पर गैर-कानूनी तरीके से रह रहे बंगलादेश के दो नागरिकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने गुरुवार को बताया कि आरोपियों को जहांगीरपुरी मेट्रो स्टेशन के पास से पकड़ा गया। इनकी पहचान दीप्तू कुमार पाल और रमा बेगम के रूप में हुई है। वे बिना वैध दस्तावेजों के भारत में रह रहे थे। पुलिस ने उनके पास से दो स्मार्टफोन और छह बांग्लादेशी पहचान पत्र बरामद किए हैं। अधिकारियों ने बताया कि दोनों आरोपी पहले भी गैर-कानूनी तरीके से भारत में आए थे और उन्हें पहले उत्तराखंड से वापस भेजा गया गया था। हालांकि, वे देश में फिर से घुसने में कामयाब रहे और फिर से गैर-कानूनी कामों में शामिल हो गए। पुलिस ने बताया कि दोनों कथित तौर पर अवैध गतिविधियों का हिस्सा थे और लोगों को भारत में गैर-कानूनी तरीके से रहने में मदद कर रहे थे।

### फारूक पर हुए हमले की कड़ी निंदा की

**श्रीनगर।** विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला पर हुए हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इस घटना की गहन जांच की मांग की है। अब्दुल्ला बुधवार रात उस समय बाल-बाल बच गए थे, जब एक व्यक्ति ने एक शादी समारोह में बेहद करीब से उनपर गोली चला दी थी। इस दौरान अब्दुल्ला के साथ उपमुख्यमंत्री सुरिदर चौधरी और मुख्यमंत्री के सलाहकार नासिर वानी भी मौजूद थे। आरोपी की पहचान कमल सिंह जामवाल के रूप में हुई है तथा उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने हमले पर चिंता व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि पुलिस इस 'परेशान करने वाली सुरक्षा चूक' की तह तक जाएगी।

### घरेलू एलपीजी की आपूर्ति पर्याप्त, किसी तरह की कमी नहीं है: सरकार

# यूपी के कई शहरों में अफवाहों से अफरा-तफरी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ उस नियम के कारण भी लोगों में घबराहट बढ़ी है, जिसमें पिछले रिफिल के 25 दिन बाद ही नई बुकिंग की अनुमति है

**लखनऊ।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच उत्तर प्रदेश के कई शहरों में घरेलू एलपीजी सिलेंडर की संभावित कमी को लेकर अफवाहों से घबराहट का माहौल बन गया है। इसके चलते बड़ी संख्या में लोगों ने एक साथ गैस सिलेंडर की बुकिग कर दी, जिससे कंपनियों के सर्वर धीमे पड़ गए और कई जगहों पर गैस एजेंसियों के बाहर लंबी कतारें लग गईं। हालांकि प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि घरेलू एलपीजी की आपूर्ति पर्याप्त है और किसी तरह की कमी नहीं है।

गैस एजेंसी संचालकों के मुताबिक, हाल ही में लागू किए गए उस नियम के कारण भी लोगों में घबराहट बढ़ी है, जिसमें पिछले रिफिल के 25 दिन बाद ही नई बुकिंग की अनुमति है। संचालकों का कहना है कि हजारों उपभोक्ताओं द्वारा एक साथ बुकिंग करने से ऑनलाइन सिस्टम पर दबाव बढ़ गया और कई जगह सर्वर अस्थाई रूप से प्रभावित हुए। इसके बाद कई उपभोक्ता सीधे गैस एजेंसियों पर पहुंचने लगे। मेरठ में करीब 80 गैस एजेंसियों पर लोगों की भीड़ देखी गई। कई उपभोक्ताओं ने शिकायत की कि बुकिंग के बाद भी सिलेंडर की डिलीवरी में देरी हो रही है। हालांकि मेरठ गैस डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नमोह जैन ने कहा कि घरेलू गैस की आपूर्ति सामान्य है और घबराहट के कारण बार-बार बुकिंग करने से सिस्टम पर दबाव बढ़ा है। जिलाधिकारी वीके सिंह ने भी कहा कि जिले में घरेलू गैस की कोई कमी नहीं है और जमाखोरी या कालाबाजारी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मेरठ गैस डीलर्स एसोसिएशन के प्रेसिडेंट नमोह जैन ने किसी भी कमी की चिंता को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि घरेलू एपीजी सप्लाई बिना किसी रुकावट और ठीक-ठाक बनी हुई है। उनके मुताबिक कंज्यूमर्स में घबराहट की वजह से बेवजह और बार-बार बुकिंग हो रही है, जिससे सिस्टम पर दबाव पड़ रहा है। उन्होंने आगे कहा कि दुनिया भर के मौजूदा हालात की वजह से लोगों में डर बढ़ गया है, भले ही सप्लाई चेन स्थिर हैं और स्थिति कंट्रोल में है। प्रयागराज में होटल और रेस्तरां संचालकों ने आरोप लगाया कि व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर खुले बाजार में बेचे जा रहे हैं। कुछ होटल संचालकों का कहना है कि व्यावसायिक सिलेंडरों की आपूर्ति धीमी होने से कारोबार पर असर पड़ रहा है।

### घरेलू गैस की किल्लत नहीं होने देंगे: खन्ना

**इटावा।** उत्तर प्रदेश के संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि ईरान-इजरायल युद्ध से उत्पन्न परिस्थितियों पर सरकार की नजर है और घरेलू उपभोक्ताओं को गैस की किसी भी तरह की किल्लत नहीं होने दी जाएगी। भाजपा सदर विधायक सरिता भदौरिया के पुत्र रोहित के विवाह समारोह में शामिल होने इटावा पहुंचे श्री खन्ना ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि युद्ध के कारण कुछ परिस्थितियां बनी हैं, लेकिन सरकार स्थिति से प्रभावी तरीके से निपट रही है और प्रयास है कि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई गैस या अन्य आवश्यक वस्तुओं की कालाबाजारी करते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कालाबाजारी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंत्री ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार के दौरान कानून व्यवस्था बेहतर हुई है।

## रसोई गैस की कमी मोदी की कूटनीतिक विफलता

नई दिल्ली, वार्ता



■ प्रधानमंत्री चुनावी दौरों में व्यस्त और देश रसोई गैस की कमी के संकट से त्रस्त: खड़गे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर कूटनीतिक रूप से विफल होने का आरोप लगाते हुए कहा है कि देश रसोई गैस की कमी के संकट से जूझ रहा है और मोदी अपनी सरकार की इस विफलता पर ध्यान देने की बजाय चुनावी दौरों में व्यस्त हैं।

खड़गे ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में गुरुवार को कहा कि जब देश भारी संकट से जूझ रहा होता है, तो प्रधानमंत्री मोदी चुनावी दौरों में मशगूल होते हैं। उन्होंने कहा कि देशभर में एलपीजी की भारी कमी है और लोग कतारों में खड़े हैं। कितने सारे छोटे-बड़े उद्योग भाजपा की विफलता का खामियाजा भुगतने पर मजबूर हैं, पर सरकार के पास केवल झूठे दावे के अलावा कोई जवाब नहीं। खड़गे ने एलपीजी संकट को सरकार की कूटनीतिक विफलता बताया और कहा 'कूटनीति की विफलता' गंभीर मुद्दा है और ऊर्जा प्रबंधन की नाकामी का नतीजा आज देश की 140 करोड़ जनता भुगत रही है। उन्होंने मोदी को संबोधित करते हुए लिखा- नरेन्द्र मोदी, बहुत हुई 'मन की बात' जरा संसद में आकर करिए मुद्दे की बात।

## देश में पेट्रोल व डीजल की कोई कमी नहीं: पुरी

नई दिल्ली, वार्ता



एलपीजी का उत्पादन 28 प्रतिशत बढ़ा

केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने गुरुवार को कहा कि देश में पेट्रोल-डीजल और केरोसिन की कोई कमी नहीं है, एलपीजी उत्पादन में 28 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है और सरकार की प्राथमिकता है कि देश में करोड़ों परिवारों की रसोई में खाना पकाने के लिए गैस की कमी नहीं रहे।

ईरान और अमेरिका-इजराइल के युद्ध के कारण देश में होर्मुज जलडमरुमध्य में बने प्रतिकूल हालात का जिक्र करते हुए पुरी ने लोकसभा में कहा कि पश्चिम एशिया के संघर्ष में कोई भूमिका नहीं होने के बावजूद भारत को इसके परिणामों से पार पाना होगा। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा यह मुद्दा उठाए जाने के बाद पुरी ने कहा कि दुनिया ने ऐसा संकट ऊर्जा के इतिहास में कभी नहीं देखा। होर्मुज जलडमरूमध्य से 20 प्रतिशत कच्चे तेल की आपूर्ति होती है। इतिहास में पहली बार वाणिज्यिक पोत परिवहन के लिए होर्मुज को प्रभावी रूप से बंद कर दिया गया है। उन्होंने देश में सामने आ रही एलपीजी सिलेंडर की कमी से निपटने के लिए उठाए गए कदमों का जिक्र करते हुए कहा कि पिछले पांच दिन में एलपीजी उत्पादन 28 प्रतिशत बढ़ा है। मोदी सरकार की प्राथमिकता है कि भारत के 33 करोड़ परिवारों, गरीबों की रसोई को (एलपीजी की) किसी कमी का सामना नहीं करना पड़े। पुरी ने पाकिस्तान का नाम लिए बिना कहा कि एक पड़ोसी देश ने सारे स्कूल बंद कर दिए हैं।

## यूपी बनेगा मेडिकल हब, मिलेंगे युवाओं को रोजगार: सीएम योगी

लखनऊ, वार्ता



■ यमुना एक्सप्रेसवे पर 215 करोड़ के निवेश से लगेगी चिकित्सा उपकरण इकाई

सीएम योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट ने यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक क्षेत्र में 215.20 करोड़ निवेश से टीआई मेडिकल्स प्रा. लि. की मेडिकल डिवाइस निर्माण इकाई स्थापना और भूमि सब्सिडी को मंजूरी दी।

कंपनी द्वारा गौतमबुद्ध नगर स्थित यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यीडा) के मेडिकल डिवाइस पार्क क्षेत्र में 4.48 हेक्टेयर भूमि पर करीब 215.20 करोड़ रुपये के निवेश से चिकित्सा उपकरण निर्माण इकाई स्थापित की जाएगी। यह परियोजना उत्तर प्रदेश की एफडीआई, एफसीआई और फॉर्च्यून इंडिया-500 निवेश प्रोत्साहन नीति-2023 के तहत प्रस्तावित है। कैबिनेट के निर्णय के अनुसार कंपनी को अनुमन्य सब्सिडी के तहत 14.77 करोड़ रुपये की राशि प्रतिपूर्ति के रूप में प्रदान की जाएगी। यह राशि केंद्र सरकार की मेडिकल डिवाइस पार्क योजना के अंतर्गत पहले से प्राप्त सब्सिडी को समायोजित करने के बाद दी जाएगी। इस निवेश से प्रदेश में मेडिकल डिवाइस निर्माण क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा, औद्योगिक गतिविधियां बढ़ेंगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। यह पहल राज्य को निवेश के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने और अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में सहायक होगी।

### राष्ट्रपति के अयोध्या आगमन और रामनवमी को लेकर तैयारियां समय से हों पूरी: योगी

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अयोध्या में राष्ट्रपति के प्रस्तावित दौरे और राम नवमी की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

## समाज में नकली संतों का अंत होगा: अखिलेश



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को लखनऊ के कृष्णानगर क्षेत्र में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती से मुलाकात की और कहा कि शंकराचार्य का आशीर्वाद मिलने से समाज में फैले नकली संतों का अंत होगा। यादव दोपहर करीब 12:30 बजे अपने आवास से कृष्णानगर स्थित कार्यक्रम स्थल पहुंचे और स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद से भेंट की। मुलाकात के बाद अखिलेश यादव ने कहा कि वह शंकराचार्य से आशीर्वाद लेने आए थे। उन्होंने कहा कि किसी भी अच्छे कार्य की शुरुआत से पहले शंकराचार्य का आशीर्वाद मिलना सौभाग्य की बात होती है।

उन्होंने गोरक्षा के मुद्दे पर भी अपनी बात रखते हुए कहा कि समाजवादी सरकार के समय गायों की सेवा और संरक्षण के लिए कई फैसले लिए गए थे और भविष्य में भी गायों की सेवा के लिए जो संभव होगा, वह किया जाएगा। इस दौरान अखिलेश यादव ने कार्यक्रम स्थल पर मौजूद संतों को हाथ जोड़कर प्रणाम भी किया। उनके साथ पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व मंत्री राजेंद्र चौधरी और पूर्व सांसद अनु टंडन भी मौजूद रहीं। गौरतलब है कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने बुधवार को लखनऊ से गोरक्षा जनजागरण अभियान की शुरुआत की है। इससे पहले वह 8 मार्च को वाराणसी से यात्रा शुरू कर विभिन्न जिलों का दौरा करते हुए 11 मार्च को लखनऊ पहुंचे थे।

काम कोर्स उदास क्यों? अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा। फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें। ऋषि इन्टरनेशनल 08899787114 09808917010

सेंसेक्स 76034.42
निफ्टी 23866.85



सोना 161557 प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 267182 प्रति किलो



## स्थानीय शेयर बाजारों में गिरावट जारी, प्रमुख शेयर सूचकांक और एक प्रतिशत तक नीचे आए

मुंबई, वार्ता



पश्चिम एशिया में युद्ध की विभीषिका गहराने और फारस की खाड़ी में तेल टैंकरों पर हमले की बढ़ती घटनाओं से ईंधन बाजार पर दूरगामी असर की आशंकाओं के बीच स्थानीय शेयर बाजारों में जारी गिरावट का सिलसिला गुरुवार को भी जारी रहा और प्रमुख शेयर सूचकांक लगभग एक प्रतिशत नीचे बंद हुए। आज के कारोबार में बैंकिंग, वित्तीय सेवा और वाहन कंपनियों के शेयरों में बिकवाली का जोर था।

बीएसई 30 में बिजली क्षेत्र की एनटीपीसी और पावरग्रिड, रिलायंस इंडस्ट्रीज, सन फार्मा, टेक महिंद्रा और एचसीएल को छोड़ कर 24 शेयर गिरावट घाटे में बंद हुए। बाजार कल भी गिरावट में था। मुंबई बाजार में सबसे ज्यादा खरीदे-बेचे जाने वाले 30 शेयरों पर आधारित बीएसई 30 सेंसेक्स कल की तुलना में 829.29 अंक (1.08 प्रतिशत) गिर कर 76,034.42 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का 50 प्रमुख शेयरों पर आधारित निफ्टी-50 भी 227.70 अंक (0.95 प्रतिशत) गिरकर 23,628 .65 पर बंद हुआ। सेंसेक्स 1,342.27 अंक लुढ़ककर 76,863.71 अंक और निफ्टी-50 सूचकांक 394.75 अंक टूटकर 23,866.85 अंक पर बंद हुआ था। बीएसई 30 आज 76,369.65 पर खुला और कारोबार के दौरान इसका अधिकतम स्तर 76,681.71 तथा निम्नतम स्तर 75,871.18 रहा। इसी तरह 23,674.85 पर खुल कर ऊपर में 23,833.15 और नीचे में 23,556.30 तक गया था। भारत अपनी तेल और गैस की जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर है। ईरान की लड़ाई के बाद फारस की खाड़ी में हार्मूज जल-डमरूमध्य मार्ग से गुजरने वाले समुद्री नौवहन मांग में टैंकर पोत परिवहन प्रभावित हुआ है। फारस की खाड़ी में पिछले कुछ दिन से कई पोतों पर सैन्य हमलों के कारण चिंता बढ़ गई है। इस मार्ग से विश्व में करीब 20 प्रतिशत ईंधन की ढुलाई होती है। इसके प्रभावित होने के कारण वैश्विक बाजार में तेल और गैस की कीमतें उछाल पर हैं।

### लगातार दूसरे दिन सोने और चांदी में आई गिरावट

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी में लगातार दूसरे दिन गिरावट दर्ज की गई है। दो दिन गिरावट की वजह से चांदी का भाव 2.67 लाख रुपये प्रति किलो के आसपास आ गया है। हालांकि सोने की कीमत 1.61 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के ऊपर बनी हुई है। सुबह 10 बजे के आसपास चांदी में 900 रुपये प्रति किलो से ज्यादा की तेजी देखी जा रही है। इसके साथ ही सोने में 200 रुपये प्रति 10 ग्राम से ज्यादा का उछाल है। सुबह 10 बजे के आसपास 10 ग्राम सोने का दाम 1,61,557 रुपये चल रहा था। इसमें 232 रुपये प्रति 10 ग्राम की गिरावट है। सोने ने 12 मार्च सुबह 10 बजे तक 1,61,081 रुपये प्रति 10 ग्राम का लो और 1,62,991 रुपये प्रति 10 ग्राम का हाई बनाया है। सुबह 10.02 बजे 1 किलो चांदी का दाम 2,67,182 रुपये चल रहा था। इसमें 1309 रुपये प्रति किलो की गिरावट है। चांदी ने अब तक 2,66,174 रुपये प्रति किलो का लो और 2,74,665 रुपये प्रति किलो का हाई बनाया है। देश के महानगरों पटना में 10 ग्राम सोने का भाव 161,780 रुपये, जयपुर में 161,850 , कानपुर में 163,270 , लखनऊ में 163,270, भोपाल में 163,400 , इंदौर में 163,400 और चंडीगढ़ में 163,220 रुपये था।

## लौह अयस्क अपशिष्ट को सड़क निर्माण में उपयोग के लिए होगा अनुसंधान

नई दिल्ली, वार्ता

सड़क निर्माण में लौह अयस्क के अपशिष्ट पदार्थों के उपयोग की संभावनाओं का पता लगाने के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय की एजेंसी वैज्ञानिक एवं औद्योगिकी अनुसंधान परिषद के तहत परिचालित केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान और इस्पात क्षेत्र की अग्रणी कंपनी आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया के बीच अनुसंधान एवं विकास में सहयोग के एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय की गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति में यह जानकारी देते हुए कहा कि यह करार सीएसआईआर-केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह के अवसर पर किया गया। इस कार्यक्रम में हरित अवसंरचना विकास के लिए चक्रीय अर्थव्यवस्था और अपशिष्ट से धन रूपांतरण के महत्व को उजागर करते हुए सीएसआईआर की महानिदेशकडा. एन. कलैसेल्वी ने कहा कि सड़क निर्माण में लौह अयस्क अपशिष्ट के संभावित उपयोग से खनन अपशिष्ट से हरित सड़कों का मार्ग प्रशस्त हो सकता है।

इस्पात स्लैग जैसी अपशिष्ट सामग्री को इस्पात स्लैग सड़क निर्माण में परिवर्तित करने के लिए संस्थान के अग्रणी कार्य की सराहना करते हुए, सीएसआईआर के महानिदेशक ने बताया कि ओडिशा, छत्तीसगढ़ और कर्नाटक में फैले विभिन्न लौह अयस्क शोधन संयंत्रों से देश में प्रतिवर्ष लगभग 180-200 लाख टन लौह अयस्क अपशिष्ट उत्पन्न होता है जिसके जमा होने से पर्यावरणीय और आर्थिक चुनौतियां खड़ी होती हैं। विज्ञप्ति में कहा गया है कि उद्योग जगत के साथ मिल कर इस अनुसंधान एवं विकास समझौता से लौह अयस्क अपशिष्ट प्रबंधन की बढ़ती चुनौती का समाधान निकलेगा। इस पहल में सीएसआईआर सीआरआरआई के शोधकर्ता प्रयोगशाला जांच, सामग्री लक्षण वर्णन और सड़क डिजाइन का अध्ययन करेंगे।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

### उपभोक्ता परिषद विद्युत नियामक आयोग से की स्मार्ट प्रीपेड मीटर के नियमों में संशोधन की अपील

**लखनऊ।** लखनऊ में उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर से जुड़े उपभोक्ता अधिकारों की सुरक्षा को लेकर उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग (यूपीईआरसी) में नियमों में संशोधन का प्रस्ताव दाखिल किया है। परिषद ने मांग की है कि पॉजिटिव बैलेंस होने के बाद बिजली कनेक्शन बहाल करने की समय सीमा वर्तमान दो घंटे से घटाकर अधिकतम 10 मिनट की जाए।

### प्रथम पृष्ठ के शेष...

**होर्मुज स्ट्रेट...**

आवाजाही प्रभावित हुई है। यह अनुमति भारत के लिए इसलिए भी अहम है, क्योंकि वर्तमान में इस क्षेत्र से गुजरने वाले अमेरिका, यूरोप और इजरायल के जहाजों को प्रतिबंधों और हमलों के गंभीर जोखिम का सामना करना पड़ रहा है। अमेरिका और इजरायल की ओर से ईरान पर किए गए हमलों के बाद शुरू हुआ संघर्ष अब 12वें दिन में पहुंच गया है। लगातार बढ़ते तनाव के कारण क्षेत्र में समुद्री यातायात लगभग ठप हो गया है और वैश्विक तेल कीमतों में तेज उछाल देखा जा रहा है। ईरान ने भी इस दौरान होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों पर कड़े प्रतिबंध लगा दिए हैं। तेहरान का कहना है कि केवल वे जहाज सुरक्षित रूप से गुजर सकते हैं, जो अमेरिका और इजरायल के हितों से जुड़े नहीं हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य ईरान और ओमान के बीच लगभग 55 किलोमीटर चौड़ा समुद्री मार्ग है, जो फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है। यह दुनिया के सबसे व्यस्त और रणनीतिक समुद्री मार्गों में से एक है। सामान्य परिस्थितियों में यहां से प्रतिदिन करीब 1.3 करोड़ बैरल तेल गुजरता है, जो वैश्विक तेल आपूर्ति का लगभग 31 प्रतिशत है। इस मार्ग में बाधा आने से इराक, कुवैत, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और ईरान जैसे प्रमुख तेल उत्पादक देशों के निर्यात पर सीधा असर पड़ता है। दुनिया के तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) का भी बड़ा हिस्सा इसी रास्ते से होकर गुजरता है। इसलिए यहां तनाव बढ़ने पर वैश्विक बाजार, सप्लाई चेन और ऊर्जा कीमतों पर तुरंत असर देखने को मिलता है। रक्षा विश्लेषकों के मुताबिक ईरान के पास ऐसे एंटी-शिप मिसाइल, ड्रोन, तेज हमला करने वाली नौकाएं और समुद्री बारूदी सुरंगें हैं, जिनकी मदद से वह पूरे होर्मुज क्षेत्र में जहाजों को निशाना बना सकता है। यही वजह है कि इस समुद्री मार्ग पर बढ़ता तनाव वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा के लिए गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है। ईरान द्वारा विदेशी जहाजों को निशाना बनाए जाने के बीच केवल भारतीय टैंकरों को सुरक्षित मार्ग मिलना भारत की स्वतंत्र कूटनीति का परिणाम माना जा रहा है। इस कदम से युद्ध और नाकेबंदी के मौजूदा हालात में भी भारत की ऊर्जा आपूर्ति श्रृखला के सुचारू रूप से चलते रहने में मदद मिलेगी।

## 2027 के यूपी विस चुनाव में ताकत दिखाएंगे विपक्षी दल

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ काशीराम जयंती पर बसपा व सपा का कार्यक्रम 15 को, कांग्रेस का 13 मार्च को

**लखनऊ।** यूपी 2027 विधानसभा चुनाव का बिगुल बज गया है, सभी पार्टियों ने दलितों को अपने पाले में लाने की कवायद तेज कर दी है। 15 मार्च को काशीराम जयंती पर मायावती लखनऊ में बड़ा शक्ति प्रदर्शन करने जा रही है, वहीं समाजवादी पार्टी ने इसे 'बहुजन समाज दिवस' य' पीडीए दिवस' के रूप में मनाने का ऐलान किया है। इसके अलावा कांग्रेस भी 13 मार्च को लखनऊ में सोशल ट्रांसफॉर्मेशन कॉन्फ्रेंस आयोजित कर रही है, इसमें राहुल गांधी शामिल हो सकते हैं।

बहुजन समाज पार्टी ने अपने संस्थापक कांशीराम की 92वीं जयंती पर 15 मार्च 2026 को पूरे देश में अपनी राजनीतिक ताकत का भव्य प्रदर्शन करने की तैयारी की है। पार्टी सुप्रीमो मायावती के निर्देश पर बसपा के भव्य प्रदर्शन का यह कार्यक्रम खासतौर पर उन राज्यों में फोकस है, जहां आने वाले एक-डेढ़ साल में विधानसभा चुनाव होने हैं। लखनऊ में कांशीराम स्मारक स्थल पर मुख्य आयोजन होगा, जहां दो लाख से अधिक समर्थकों, कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के जुटने की संभावना जताई जा रही है। पार्टी ने उत्तर प्रदेश में लखनऊ चलो अभियान जोर-शोर से चलाया है। प्रदेश के 12 मंडलों के कार्यकर्ताओं को लखनऊ पहुंचने का आह्वान किया गया है। बाकी छह मंडलों के लोगों को नोएडा के दलित प्रेरणा स्थल पर कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कहा गया है।

बसपा सूत्रों के मुताबिक यह आयोजन सिर्फ श्रद्धांजलि तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी की रणनीति और संगठनात्मक मजबूती का संदेश देने वाला होगा। मायावती ने कांशीराम जयंती को बहुजन आंदोलन की विरासत को मजबूत करने का अवसर बनाया है। यूपी के अलावा राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, हरियाणा, तेलंगाना, केरल, पश्चिम बंगाल और पंजाब में भी बड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पार्टी ने विभिन्न राज्यों के लिए जिम्मेदारियां बांटी हैं।

## असम से जारी होगी पीएम किसान निधि की 22वीं किस्त

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा असम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त जारी की जाएगी। इस किस्त के तहत उत्तर प्रदेश के 2-15 करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से 4335-11 करोड़ रुपये भेजे जाएंगे।

सरकार के अनुसार योजना के तहत पात्र किसान परिवार के एक सदस्य को प्रतिवर्ष छह हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है। यह राशि दो-दो हजार रुपये की तीन किस्तों में सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजी जाती है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19 नवम्बर 2025 को कोयंबटूर से किसानों के खातों में इस योजना की पिछली किस्त जारी की थी। प्रदेश के किसानों को इस योजना के तहत अब तक बड़ी आर्थिक सहायता मिल चुकी है। 21वीं किस्त तक राज्य के किसानों के खातों में कुल 94,668-58 करोड़ रुपये भेजे जा चुके हैं। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को जारी होने वाली 4335.11 करोड़ रुपये की राशि के बाद यह आंकड़ा बढ़कर 99,003.69 करोड़ रुपये हो जाएगा। सरकार का कहना है कि इस योजना के माध्यम से किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के साथ ही खेती-किसानी को भी प्रोत्साहन मिल रहा है।

# गैस की किल्लत को लेकर सपा का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाज वादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने एलपीजी सिलेंडर की किल्लत को लेकर जोर दार प्रदर्शन किया। इस दौरान समा. जवादी के कार्यकर्ता ष्नाम नरेनदर काम सलेंडरष के नारे लगा रहे थे। धरने प्रदर्शन के द्वारा पुलिस मौके पर पहुंच गई और प्रदर्शनकारियों को पदकर इको गार्डन ले गई प्रदर्शनकारी पुलिस की पकड़ से बचने के लिए सड़क पर लेट गए और सरकार के खिलाफ नारे करने बाजी करने लगे पुलिस ने सभी को वह अरेस्ट गिरफ्तार कर बस के द्वारा इको गार्डन ले गई।



इस दौरान केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पुलिस ने एक-एक कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेना शुरू कर दिया। यह देखते ही कई कार्यकर्ता सड़क पर लेटकर नारेबाजी करने लगे। पुलिस ने घसीट-घसीटकर गाड़ी में बैठा दिया। इस दौरान कुछ कार्यकर्ता पुलिस की गाड़ी की छत पर चढ़ गए। सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने श्नाम नरेंदर, काम सरेंडरश जैसे नारे लगाते हुए सरकार पर महंगाई को नियंत्रित करने में विफल रहने का आरोप लगाया। प्रदर्शन के कारण कुछ देर के लिए हजरतगंज चौराहे पर हलचल का माहौल रहा। सपा नेताओं का कहना है कि रसोई गैस के दाम बढ़ने से गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। एक कार्यकर्ता ने कहा- सिलेंडर का दाम बढ़ गया है, गरीब आदमी परेशान है। इस सरकार को इस्तीफा देना चाहिए। हम समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता जनता की आवाज उठाएंगे। इस सरकार को सुझाव भी देते हैं कि जल्द से जल्द सिलेंडर उपबल्ध कराए। नरेंद्र मोदी सरकार को इस्तीफा देना चाहिए। इनका कोई विजन नहीं है। केवल जनता को परेशान किया जा रहा है। सरकार किसान विरोधी, छात्र विरा. धी, गरीब विरोधी है। वार्तालु कि पिछले कई दिन से लखनऊ सिटी में रसोई गैस की कीमत उत्पन्न हो गई है होटल में गैस न मिलने के कारण खाना बनाना मुश्किल हो गया है कुछ होटल स्वामियों में तो अपने होटल को बंद कर दिया है समा. जवादी कार्य पार्टी के कार्यकर्ताओं का आरोप है कि की गैस की कीमत सरकार की देन है क्योंकि सरकार ने अपने पड़ोसी पुराने मित्रों को छोड़कर ऐसे व्यक्ति को चुना है जिसके चलते पूरी दुनिया आज मुसीबत में पड़ी हुई है। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं को पुलिस ने अरेस्ट कर बस के द्वारा इको गार्डन ले गई समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता सरकार के खिलाफ जबरदस्त नारेबाजी कर रहे थे उनका आरोप था कि हमारी सरकार ने पूर्ण रूप से सिलेंडर कर दिया है पुलिस और प्रदर्शन कार्यों में काफी देर तक खींचतान चलती रही।

# नशा मुक्ति शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** नेशनल पीजी कॉलेज में आज शराबबंदी संघर्ष समिति के तत्वावधान में नशा मुक्ति शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुर्तजा अली एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने किया।

यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर देवेंद्र कुमार सिंह तथा राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अर्चना सिंह के नेतृत्व में मोतीलाल मेमोरियल मैदान में सफाई अभियान से किया गया। इसके पश्चात मां सरस्वती को पुष्प अर्पित कर प्रार्थना 'ऐ मालिक तेरे बंदे हम' के साथ प्रथम सत्र का विधिवत प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के दौरान कावेरी, नर्मदा और गोमती टीमों द्वारा नशा मुक्ति विषय पर प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए गए, जिनके माध्यम से समाज में नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोहित अग्रवाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, शराबबंदी संघर्ष समिति ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आधुनिक जीवन की भागदौड़, पढ़ाई का दबाव और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं कई बार युवाओं को नशे की ओर धकेल देती हैं।

उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति को गंभीर बीमारियों जैसे फेफड़ों के रोग, हृदय रोग, स्ट्रोक, कैंसर तथा मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं की ओर ले जाता है, इसलिए युवाओं को इससे दूर रहकर स्वस्थ जीवन की ओर अग्रसर होना चाहिए।

इस अवसर पर शराबबंदी संघर्ष समिति से श्रीमती हलीमा अज़ीम, फहद हसन और कैफ भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही शराबबंदी संघर्ष समिति की ओर से सभी टीम लीडर एवं कप्तानों को ट्रॉफी प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के कई शिक्षकगण-डॉ. श्वेता, डॉ. गौरवी, डॉ. सुरेंद्र मणि त्रिपाठी, डॉ. अभिषेक, डॉ. ऋतु जैन और डॉ. संतोष यादव सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# अधिशाषी अधिकारी कार्यालय में नहीं मिलते

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बांगरमऊ।** नगर पालिका परिषद के सभासद इन दिनों एक अनोखी समस्या से जूझ रहे हैं। समस्या सड़क, नाली या सफाई की नहीं, बल्कि अधिशाषी अधिकारी के दर्शन की है।

सभासदों का कहना है कि नगर पालिका कार्यालय में अधिशाषी अधिकारी का मिलना किसी दुर्लभ खगोलीय घटना जैसा हो गया हैख्रकभी-कभार ही दिखाई देती हैं। इस मामले को लेकर सभासदों ने अधिशाषी अधिकारी को एक पत्र सौंपा है। पत्र मे सभासदो ने कहा है कि जनता की समस्याएं लेकर वे सुबह से लेकर शाम तक कार्यालय में डेरा डाले रहते हैं । पर अधिशाषी अधिकारी का कहीं पता ही नहीं चलता। अगर संयोग से वह कुर्सी पर मिल भी जाएं तो सभासदों की परेशानी सुनते-सुनते अचानक यह कहकर उठ खड़ी होती हैं, अभी आते हैं।

इसके बाद वह अभी कब आएगा, यह किसी को मालूम नहीं। सभासदों का कहना है कि इंतजार करते-करते कई बार तो पूरा दिन बीत जाता है। मजबूर होकर जब फोन किया जाता है तो फोन बजता जरूर है, मगर रिसीव होना शायद उसके नसीब में नहीं। सभासदों का तंज है कि लगता है फोन भी अधिकारी से मिलने की तरह ह्वीआईपी अपॉइंटमेंटह्न मांगता होगा।

नगर पालिका परिसर में आवास होने के बावजूद अधिशासी अधिकारी अपने आवास पर कभी भी रात्रि निवास नहीं करती। नगर के सभासदों ने चेतावनी दी है कि यदि यही हाल रहा तो वे जल्द ही जिला अधिक. ारी के दरबार में हाजिरी लगाकर अपनी फरियाद सुनाएंगे। पत्र में सभासद राहुल शुक्ला, गुड़िया बानो, रिजवाना, इसरार खान , शिखा , वीरपाल , इसरार, आशीष कुमार, अनिल कुमार, प्रियंका गौतम, सूरज बली , हरि ओम आदि सहित डेढ़ दर्जन सभासदों के हस्ताक्षर हैं।

# अच्छी नींद स्वस्थ जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** श्वसन एवं क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग, द्वितीय तल शताब्दी चिकित्सालय फेज-2, किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ में 13 मार्च 2026 को विश्व नींद दिवस मनाया गया। इस वर्ष की थीम 'अच्छी नींद लें, बेहतर जीवन जिएं' रखी गई है।




विभागाध्यक्ष प्रो. (डा.) वेद प्रकाश ने कहा कि नींद से जुड़ी बीमारियों की पहचान बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इनके कारण हृदय रोग के मामले बढ़ रहे हैं और मधुमेह, रक्तचाप व मोटापा जैसी समस्याएं भी अनियंत्रित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए समाज में जागरूकता और सही जानकारी देना जरूरी है। सफलता की दौड़ में लोगों को अच्छी नींद का महत्व नहीं भूलना चाहिए, क्योंकि अच्छी नींद शरीर की बुनियादी आवश्यकता है। विशेषज्ञों के अनुसार पूरे विश्व में लगभग 40 प्रतिशत वयस्क अनिद्रा से ग्रसित हैं, जो सबसे सामान्य निद्रा रोग है। लगभग 3 से 7 प्रतिशत वयस्क अवरोधक निद्रा श्वास रुकावट नामक बीमारी से प्रभावित हैं, जो दूसरा प्रमुख निद्रा विकार है। अधि. कतर मामलों में यह बीमारी समय पर पहचान में नहीं आ पाती, जबकि यह उच्च रक्तचाप तथा मस्तिष्क संबंधी कई बीमारियों की प्रमुख वजह बनती है।

करीब 80 प्रतिशत मामलों में इसकी पहचान देर से हो पाती है। इसके अलावा लगभग 2 से 3 प्रतिशत वयस्क बेचौन पैरों की समस्या से ग्रसित होते हैं, जबकि 4 से 5 प्रतिशत लोग अन्य निद्रा विक. ारों जैसे नींद में चलना या घबराहट की समस्या से प्रभावित पाए जाते हैं। लगभग 45 प्रतिशत लोग नींद की कमी के प्रभाव को महसूस करते हैं, जो उनके स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर डालता है।यदि इन बीमारियों का समय पर उपचार न किया जाए तो उच्च रक्तचाप, हृदयाघात, मधुमेह, मोटापा, याददाश्त में कमी, पक्षाघात, मान. सिक रोग और दिन में काम करने की क्षमता में कमी जैसी जटिलताएं उत्पन्न हो सकती हैं। श्वसन एवं क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग में इस बीमारी के निदान और उपचार के लिए सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। विभाग में अत्याधुनिक 64 चौनल वाली नींद प्रयोगशाला स्थापित है, जहां नींद अध्ययन किया जाता है। इसके लिए मरीज को एक रात अस्पताल में रुकना होता है और जांच के आधार पर उचित उपचार किया जाता है। कार्यक्रम में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद (एरा विश्वविद्यालय), प्रो. वेद प्रकाश, डॉ. ऋषि सेठी (हृदय रोग विभाग), प्रो. श्रीकांत श्रीवास्तव (वृद्धावस्था मानसिक विभाग), प्रो. राजेश वर्मा (तंत्रिका रोग विभाग), डॉ. अनुपम मिश्रा (कर्ण-नाक-गला विभाग), प्रो. पी. के. वर्मा तथा प्रो. पूरन चन्द्र उपस्थित रहे और निद्रा विकारों के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डा. सचिन कुमार, डा. आरिफ, डा. अनुराग त्रिपाठी, डा. रत्न त्यागी, डा. यश जगधारी, डा. दीपक शर्मा, डा. शुभ्रा श्रीवास्तव सहित अन्य चिकित्सक एवं गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। विशेषज्ञों ने लोगों से अपील की कि स्वस्थ जीवन के लिए अच्छी और पर्याप्त नींद को प्राथमिकता दें।

# सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बांगरमऊ।** इंदिरा गांधी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर का उद्घाटन जमुनिया बंगर के प्रधान कन्हैया लाल कुशवाहा ने किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार द्विवेदी वरिष्ठ प्राध्यापक डॉक्टर रवि राज वर्मा व प्रधान ने सर्वप्रथम सरस्वती मां की मूर्ति पर माल्यार्पण व उनके समक्ष दीप प्रज्वलन किया। सरस्वती वंदना नील कुमारी, मानसी ने प्रस्तुत की।

छात्राओं में नैंसी, गुंजन, रोशनी ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया डॉ सविता राजन, डॉ हरिओम दिवाकर, डॉ सुनीता निरंकारी, डॉ अभिषेक कुमार, डॉ शैलजा त्रिपाठी, डॉ बृजकिशोर गुप्ता का स्वागत छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय सेवा योजना का बैज लगाकर किया मुख्य अतिथि प्रधान कन्हैयालाल ने विशेष सप्त दिवसीय शिविर के उद्घाटन की घोषणा करते हुए स्वयंसेवियों को हर संभव सहायता प्रदान करने को कहा।धन्यवाद ज्ञापन डॉ धर्मेंद्र कुमार द्विवेदी ने दिया इस अवसर पर अनेकों स्वयंसेवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ रवि राज वर्मा ने किया कार्यक्रम का समापन संकल्प गीत व राष्ट्रगान के साथ किया गया।

# शीघ्र सुलभ व सक्षम न्याय पाने के लिए आएं लोक अदालत: जीवक कुमार सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च को किया जाएगा। उक्त के संबंध में जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सिविल जज (सीडी ) जीवक कुमार सिंह ने बताया कि 14 मार्च को विशाल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है जिसमें वादों का निस्तारण किया जाएगा।



उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च शनिवार को सुबह 10:00 बजे से कार्यावधि तक जनपद न्यायालय परिसर लखनऊ, परिवार न्यायालय, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, कमर्शियल कोर्ट लखनऊ तथा कलेक्ट्रेट, समस्त तहसीलों एवं अन्य सम्बन्धित विभागों में वादों का निष्पादन किया जायेगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में फौजदारी वाद दीवानी वाद भारत पोषण वैवाहिक पारिवारिक बाद स्टांप बात पंजीयनवाद मोटर अधिनियम चकबंदी मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद श्रम वाद उपभोक्ता फॉर्म बाद भूमि अधिकरण करण वाद उपभोक्ता फॉर्म वाद मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद बात माफ अधि. नियम के अंतर्गत चालान से संबंधित मुकदमें ;ण वसूली अभिकरण के मामले बैंक रिकवरी आदि के मामले की राजधानी चेक बाउंस उत्तराधिकार प्रमाण पत्र बीपीएल राशन कार्ड जनहित गारंटी कानून अंतरिम रिपोर्ट चलचित्र अधिनियम के अंतर्गत चालान मनोरंजन कर अधिनियम के अंतर्गत चालान विकास प्राधिकरण के अंतर्गत के मामले आदि मामलों की आपसी सहमति के आधार पर निपटाया जाता है।

# बारात से लौट रहे युवक की सड़क दुर्घटना में मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमेठी।** जिले के थाना संग्रामपुर क्षेत्र के भगतपुर -गोरखापुर निवासी प्रदीप वर्मा पुत्र स्व धर्मराज वर्मा उम्र 25 वर्ष बीती रात बारात से करीब 11 बजे चंद्रि. कन से वापस अपने गांव भगतपुर थाना क्षेत्र संग्रामपुर वापस आ रहे थे कि कालिकन - विशेषरगंज मार्ग भैरोपुर बाग की पुलिया के पास मृतक प्रदीप वर्मा की मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गई और वह जाकर पुलिया के रेलिंग से टकरा गयी जो एक बिजली के खम्भे से टकरा गई,

पीछे बैठा राम करन बाल बाल बच गया मृतक प्रदीप पुत्र स्व धर्मराज वर्मा का सिर का बीच का भाग फट गया सूचना पर पहुंची थाना संग्रामपुर पुलिस घायल प्रदीप को एम्बुलेंस के माध्यम से साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर लायी जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों के अनुसार मृतक प्रदीप वर्मा की मां शीला देवी आंगनबाड़ी कार्यकत्री है प्रदीप किसान मजदूर था । प्रदीप की शादी को दो वर्ष पहले गायत्री देवी से हुई थी जिनसे एक वर्ष का शनवीर बच्चा भी है परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है तीन भाईयों में बड़ा लड़का प्रदीप था।

# स्टाम्प-निबंधन विभाग राजस्व संग्रह बढ़ाने के लिए विशेष अभियान शुरू

**मुहम्मद जान तुर्की**

**लखनऊ।** सरकार प्रदेश के राजस्व संग्रह व्यवस्था को मजबूत करने और प्रशासनिक पारदर्शिता बढ़ाने के लिए लगातार प्रभावी कदम उठा रही है। जिसके तहत स्टाम्प-निबंधन विभाग राजस्व संग्रह बढ़ाने के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया हैं। प्रदेश के प्राधिकरणों, आवास विकास, यूपीएसआईडीसी की अपंजीकृत संपत्तियों का पंजीकरण कराया जा रहा हैं।

एनएचएआई के टोल प्लाजा से 72 करोड़ का स्टाम्प देय निर्धारित किया है और जीडीए की न्यू टाउनशिप योजना से मिलेगा 100 करोड़ का राजस्व की प्राप्ति होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर स्टाम्प एवं निबंधन विभाग विशेष अभियान चलाकर अपंजीकृत संपत्तियों के पंजीकरण, लंबित स्टाम्प वादों के निस्तारण और विभिन्न संस्थाओं से देय स्टाम्प शुल्क की वसूली पर जोर दे रहा है। अभियान का उद्देश्य राजस्व में वृद्धि के साथ-साथ संपत्ति लेनद. ेन की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और व्यवस्थित बनाना है। इस अभियान के तहत स्टाम्प दरों का कराया जा रहा व्यापक सर्वे कराया जा रहा है।प्रदेश भर के विकास प्राधिकरणों, आवास विकास परिषद, यूपीएसआईडीसी तथा अन्य संस्थाओं की अपंजीकृत संपत्तियों का विशेष अभियान के तहत पंजीकरण कराया जा रहा है। इसके साथ ही विभिन्न विकास प्राधिकरणों और सरकारी एजेंसियों से जुड़े समझौतों और परियोजनाओं की समीक्षा कर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि निर्धारित स्टाम्प शुल्क का भुगतान समय पर हो। इसके साथ ही स्टाम्प दरों का भी व्यापक सर्वे कराया जा रहा है।

सर्वे का उद्देश्य प्रदेश में संपत्तियों की अद्यतन और वास्तविक न्यूनतम बाजार दरों को मूल्यांकन सूची में शामिल करना है, ताकि राजस्व संग्रह में पारदर्शिता आए और बाजार की वास्तविक स्थिति के अनुरूप दरें तय की जा सकें। सर्किल दर सूची के सरलीकरण और मानकीकरण का प्रारूप पहले ही जारी किया जा चुका है। विभाग की ओर से राजस्व बढ़ाने के लिए विभिन्न जिलों में विशेष कार्ययोजनाएं भी बनाई गईं हैं।

मुरादाबाद में एमडीए की सहायक और गोविंदपुरम आवासीय योजनाओं से लगभग 22 करोड़ रुपये, वाराणसी में वीडीए की गंजारी स्पोर्ट्स सिटी परियोजना से करीब 40 करोड़ रुपये तथा गोरखपुर में जीडीए की न्यू टाउनशिप योजना से लगभग 100 करोड़ रुपये के राजस्व की संभावना है। इसके अलावा जीआईडीए के लीज और फीहोल्ड विलेखों से लगभग 50 करोड़ रुपये की आय का अनुमान है। इन सभी स्रोतों से मार्च 2026 तक करीब 200 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होने की संभावना है। एनएचएआई के टोल प्लाजा से जुड़े मामलों की भी गहन समीक्षा की जा रही है। प्रदेश में एनएचएआई के कुल 123 टोल प्लाजा और संबंधित एजेंसियों के बीच हुए समझौतों का परीक्षण कर लगभग 72 करोड़ रुपये की स्टाम्प देयता निर्धारित की गई है। इन मामलों में विभिन्न न्यायालयों में वाद दर्ज किए गए हैं और प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। गाजियाबाद में एक मामले का निस्तारण करते हुए लगभग 70 लाख रुपये की वसूली की गई है, जबकि कुशीनगर में दो मामलों में लगभग 52 लाख रुपये की वसूली की प्रक्रिया चल रही है। प्रदेश के कई जिलों में विकास प्राधिकरणों और निजी कॉलोनाइजरों की अपंजीख्रत संपत्तियों के पंजीकरण के माध्यम से भी राजस्व बढ़ाने की योजना है। गौतमबुद्धनगर में यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से जुड़े मामलों से लगभग 93 करोड़ रुपये का राजस्व की संभावना है। वहीं, मेरठ में निजी बिल्डरों की अपंजीकृत संपत्तियों और आरआरटीएस परियोजना से लगभग 252 करोड़ रुपये की आय का अनुमान है। इसी तरह गाजियाबाद में जीडीए की हरनंद. ीपुरम आवासीय योजना और यूपीएसआईडीसी की मोदीनगर परियोजना से लगभग 153 करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्ति की संभावना जताई गई है। इसी तरह बरेली में बीडीए की पीलीभीत आवासीय योजना से करीब 50 करोड़ रुपये का राजस्व मिलने की उम्मीद है।

# मौसमी बीमारियों में पैर पसारने किए शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बांगरमऊ, उन्नाव।** जैसे-जैसे पारा चढ़ रहा है, गर्मी की शुरुआत के साथ ही मौसमी बीमारियों ने अपने पैर पसारने शुरू कर दिए हैं। नगर के प्रमुख सरकारी और निजी अस्पतालों में मरीजों की तादाद में 30 से 40 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की गई है।

सुबह आठ बजे से ही पंजीकरण काउंटरों पर लंबी कतारें देखी जा रही हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर सागर पटेल के अनुसार, सबसे अधिक मरीज नज़ला, जुकाम, खांसी, बदन दर्द और तेज बुखार की शिकायतों के साथ आ रहे हैं। बच्चों और बुजुर्गों पर इस बदलते मौसम का सबसे गहरा असर पड़ रहा है। सामान्य दिनों की तुलना में ओपीडी में मरीजों की संख्या दोगुनी हो गई है। डॉक्टरों को अतिरिक्त समय देना पड़ रहा है। ओआरएस और बुखार की दवाइयों की मांग में अचानक तेजी आई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी के चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सागर पटेल ने एक बातचीत में बताया कि यह समय बहुत सावधानी बरतने का है। पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। पानी के साथ-साथ नींबू पानी, छाछ और नारियल पानी का अधिक प्रयोग करें बासी खाने से बचें क्योंकि गर्मी में खाना जल्दी खराब होता है, जिससे फूड पॉइजनिंग का खतरा रहता है।

# अतिक्रमण के चलते जाम की समस्या उत्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बांगरमऊ, उन्नाव।** नगर के मुख्य बाज़ार व मुख्य मार्गों पर अनियंत्रित अतिक्रमण और उसके कारण प्रतिदिन लगने वाले भीषण जाम से स्थानीय नागरिकों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस गंभीर समस्या को देखते हुए समा. जसेवी फजलुर्रहमान ने जिला प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित किया है और शीघ्र ठोस कार्यवाही की मांग की है।

नगर के मुख्य बाजार व मुख्य मार्गों पर दुकानदारों द्वारा सड़कों तक किए गए अतिक्रमण और बेतरतीब खड़े वाहनों के कारण यातायात व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। आलम यह है कि पैदल चलना भी दूभर हो गया है। स्कूली बच्चे, एंबुलेंस और कामकाजी लोग घंटों इस जाम में फंसे रहते हैं। समाजसेवी फजलुर्रहमान ने कहा कि अतिक्रमणकारी मुख्य मार्ग के बड़े हिस्से को घेर चुके हैं, जिससे सड़क संकरी हो गई है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि घ्मुख्य मार्गों से तत्काल अवैध अतिक्रमण हटाया जाए और घ्सड़कों के किनारे अवैध पार्किंग पर रोक लगाई जाए तथा घ्यातायात पुलिस की समुचित तैनाती सुनिश्चित की जाए।घ्फजलुर्रहमान ने कहा बांगरमऊ नगर की जनता प्रतिदिन जाम के झाम से जूझ रही है। अतिक्रमण के चलते व्यापारियों का व्यापार भी प्रभावित हो रहा है और आम जनता का कीमती समय बर्बाद हो रहा है। यदि प्रशासन ने जल्द ही अतिक्रमण हटाओ अभियान नहीं चलाया, तो समस्या और विकराल हो जाएगी।घ्स्थानीय निवासियों ने भी समाजसेवी की इस मांग का समर्थन किया है और उम्मीद जताई है कि जिला प्रशासन जनहित में इस पर त्वरित संज्ञान लेगा।

# ज्वलंत मुद्दों पर प्रधानमंत्री को सामूहिक हस्ताक्षर याचिका प्रस्तुत करेंगे पेंशनर्स

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** भारत सरकार एवं केंद्रीय 8वें वेतन आयोग द्वारा पुराने पेंशनर्स के हितों की अनदेखी से खिन्न लाखों पेंशनर्स के प्रतिनिधि संगठन श्सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उ.प्र ने चरणबद्ध प्रदेशव्यापी आंदोलन का ऐलान कर दिया है,

जिसके तहत प्रधानमंत्री को प्रस्तुत की जाने वाली सामूहिक हस्ताक्षर याचिका का अभियान 20 मार्च से प्रारम्भ करने और 21 अप्रैल को प्रदेश भर के जनपदों मे धरना-प्रदर्शन, विरोध सभा कर स्थानीय प्रशासन के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भी सौंपा जायेगा। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अमरनाथ यादव द्वारा सभी जनपद शाखाओं को परिपत्र व सामूहिक हस्ताक्षर याचिका का प्रारूप भेजकर पूरी शक्ति से आंदोलन को सफल बनाने के लिए निर्देशित किया गया है। संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बी.एल.कुशवाहा एवं महामंत्री ओ.पी.त्रिपाठी ने बताया कि आंदोलन का निर्णय विगत दिनों हुई आनलाइन मीटिंग मे लिया गया है जिसमे शीर्ष नेतृत्व सहित तमाम प्रांतीय व जनपदीय पदाधिकारियों ने भाग लिया था। प्रत्येक हस्ताक्षरकर्ता पेंशनर से रु.10/- (दस रुपये) मात्र अभिदान की भी अपेक्षा की गई है।

लोकप्रिय हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स
में समाचारों एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिये सम्पर्क करें।
नोट: इच्छुक पत्रकार-शाह टाइम्स में विज्ञापन प्रतिनिधि एवं संवाददाता के रूप में कार्य करने के लिए संपर्क करें।
मौहम्मद जान तुर्की,
ब्यूरो चीफ लखनऊ
कार्यालय: 21, शाह टावर, स्टेशन रोड लखनऊ, उ0प्र0।
Mob. 8630533498
E-mail: shahtimeslko313@rediffmail.com

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# महिला प्रधान को पुत्र ने पीटा

## प्रधान की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** नगर के बस्ती मार्ग स्थित एक विशाल मेगा मार्ट में खरीददारी करने आई महिला ग्राम प्रधान के साथ उसके पुत्र ने गाली गलौच करते हुए मारपीट की। शोर सुनकर आसपास के लोग दौड़े तो आरोपी प्रधान को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार डॉ. कुसुमलता नगलिया मेव की वर्तमान ग्राम प्रधान हैं। उनके द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार वे 28 फरवरी को नगर के बस्ती मार्ग स्थित विशाल मेगा मार्ट में खरीददारी के लिए गई थी। आरोप है कि तभी प्रधान का पुत्र वहां पहुंचा और गाली गलौच करने लगा। प्रधान ने विरोध किया तो उसने मारपीट की। शोर सुनकर आसपास के लोग दौड़े तो आरोपी प्रधान को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पुलिस ने प्रधान की तहरीर पर आरोपी पुत्र चेतन के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# योगी की मां पर अपमानजनक टिप्पणी करने वाले मौलाना का पुतला जलाया

## एटा में हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं में आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता, एटा।** एटा में हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने बिहार के एक कथित मौलाना द्वारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां को लेकर सोशल मीडिया पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में प्रदर्शन कर पुतला दहन किया।

विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और विश्व हिंदू महासंघ (भारत) के कार्यकर्ता शहीद पार्क पर एकत्र हुए और वहां से पैदल मार्च करते हुए पं- दीनदयाल चौक पहुंचे, जहां उन्होंने मौलाना सलीम का पुतला फूंका। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने पुतले का चेहरा काला किया और जूतों से प्रहार भी किया। इस मौके पर कुलदीप शर्मा ने कहा कि किसी की माता के प्रति इस प्रकार की टिप्पणी करना निदनीय है और इसकी कड़ी निंदा की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ न केवल प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं, बल्कि एक धार्मिक पीठ के प्रमुख भी हैं, इसलिए उनके परिवार के प्रति अपमानजनक टिप्पणी स्वीकार नहीं की जा सकती। उन्होंने प्रशासन से मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की।कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने हाल में दिल्ली में भीड़ हिंसा की घटना में मारे गए तरुण खटीक नामक युवक के प्रति शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन भी रखा। इस मौके पर अभिनव मिश्रा, श्याम जादौन, सुनील चौहान, अवधेश कुशवाहा, नितिन गुप्ता, प्रदीप गुप्ता पप्पन, अंकित मिश्रा, सौरभ सोलंकी, सदानंद गिहार, राम लखन, अनिल वाल्मीकि, नारायण सिंह, मुकेश वार्ष्णेय, दीपक चौहान और अभय राठौर सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हजरत अली की शहादत का जिक्र सुनकर रोये



## मजलिसों का सिलसिला सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** शहर के मोहल्ला जाफरी स्थित अजाखाना में मौला-ए-काएनात हजरत अली इब्ने अबी तालिब (अ.स.) की शहादत के सिलसिले में आयोजित तीन दिवसीय मजलिसों का सिलसिला बुधवार रात गमगीन माहौल में संपन्न हो गया। आखिरी मजलिस में भारी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत की और इमाम की बारगाह से निकलने वाले ताबूत की ज्यारत की। मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना असगर एजाज कायमी अलीगढ़ ने हजरत अली के जीवन और उनकी शिक्षाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने हजरत अली के फजाईल का बयान करते हुए कहा कि अली का जीवन न्याय, साहस और मानवता के लिए एक मशाल की तरह है। मौलाना ने हजरत अली की शहादत के मासाईब (कष्टों) को बयां किया, जिसे सुनकर अजाखाने में मौजूद हर शख्स की आंख नम हो गई। उन्होंने कूफा की मस्जिद में हुए उस दर्दनाक मंजर को याद किया जब इमाम को सजदे की हालत में शहीद किया गया था। संबोधन में मौलाना ने हजरत अली के प्रवचनों और पत्रों के संग्रह 'नहजुल ब्लागा' की महत्ता पर भी विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि नहजुल ब्लागा केवल एक किताब नहीं, बल्कि जिंदगी जीने का मुकम्मल दस्तूर है। यह किताब हमें भ्रष्टाचार मुक्त शासन, ज्ञान की खोज और आपसी भाईचारे का संदेश देती है। मजलिस के अंत में हजरत अली का ताबूत बरामद किया गया। ताबूत देखते ही अकीदतमंदों के सब्र का बांध टूट गया और पूरा माहौल या अली-या अली की सदाओं से गूंज उठा। लोगों ने कतारबद्ध होकर ताबूत की ज्यारत की। इस दौरान मातम और नौहा ख्वानी मकामी मातमी अंजुमन ने की। इस तीन दिवसीय आयोजन ने शहर में शिया समुदाय में माहौल पूरी तरह से सोगवार रहा। शहर की अधिकतर इमाम बारगाहों और मस्जिदों में मजलिस का आयोजन रहा।

## युवाओं का भविष्य बर्बाद करता नशा



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** नगर के अमर सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज में गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन नशा मुक्ति जन जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं और समाज को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और स्वस्थ समाज की दिशा में कदम बढ़ाना था। कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के प्रबंधक अशोक सैनी और प्राचार्य डॉ. अशोक कटारिया ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर प्रबंधक अशोक सैनी ने कहा कि नशा व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक रूप से कमजोर बना देता है। इस अवसर पर मुशर्रफ खां, योगेश त्यागी, डॉ. रूपा, निसार अहमद, जितेंद्र सिंह, शिवा सैनी, रविंद्र सिंह, अर्शी, निशीन सैनी सहित कई लोग मौजूद रहे।

# कोतवाली में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट

## काउंसिलिंग कराने पहुंचे थे कोतवाली, पुलिस ने पिता-पुत्र को भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** डिडौली कोतवाली में काउंसिलिंग के पहुंचे दो पक्ष आपस में भिड़ गये। इस दौरान एक दूसरे पर जमकर प्रहार किये गये। एक युवक ने दूसरे के सिर पर ईट से वार किया। पुलिस कर्मियों ने किसी तरह दोनों पक्षों को अलग किया। मामले में दो के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया गया है। जबकि पुलिस ने पिता-पुत्र का चालान कर दिया। मारपीट के दौरान कोतवाली में स्थित मिशन शक्ति केन्द्र का शीशा भी टूट गया।

क्षेत्र के गांव रायपुर खुर्द निवासी शाहनवाज के मुताबिक वह अपनी साली के मामले में काउंसलिंग के लिए गुरुवार को डिडौली कोतवाली पहुंचे थे। उनके साथ साला वसीम अहमद, साली उजमा और पत्नी खुशनुमा भी थीं। इसी दौरान दूसरे पक्ष से आए गांव नीलीखेड़ी निवासी रियाज और उसके पिता दिलशाद अली भी मौजूद थे। दोपहर करीब तीन बजे काउंसलिंग के दौरान दोनों पक्षों के बीच कहासुनी होने लगी। आरोप है कि दिलशाद ने अपने बेटे रियाज को हमला करने के लिए उकसाया, जिसके बाद रियाज ने पास में पड़ी ईंट उठाकर शाहनवाज के चेहरे पर मार दी। वहीं दिलशाद ने दबोचते हुए काट लिया। आरोपियों ने बीच-बचाव करने पहुंचे परिजनों के साथ भी मारपीट की, हमले में शाहनवाज, वसीम, खुशनुमा और उजमा घायल हो गईं। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने किसी तरह दोनों पक्षों में बीच-बचाव कराया। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने मामले में दिलशाद और रियाज के खिलाफ हत्या का प्रयास करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज करने की बात कही। बताया कि मौके से गिरफ्तार आरोपी पिता-पुत्र का चालान कर दिया है। मारपीट के दौरान मिशन शक्ति केंद्र का एक शीशा भी टूटा है।

# हजरत अली की जिंदगी पूरी इंसानियत के लिए रौशनी

**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** अमीर-उल-मोमिनीन हजरत अली के यौमे शहादत पर शहर के मोहल्ला दरबार-ए-कलां में नाजिम हुसैन आरिफ के आवास पर बुधवार रात महफिल का आयोजन किया गया। जिसकी शुरुआत नाजिम हुसैन आरिफ ने नात-ए-पाक पढ़कर की। वक्ताओं और शायरों ने हजरत अली की जिंदगी और इस्लाम के लिए उनकी बेमिसाल खिदमात पर रोशनी डाली। सैय्यद शिबान कादरी, नाजिम हुसैन आरिफ, सामी अमरोहवी व जैद जैदी समेत अन्य कई शायरों ने अपना कलाम पेश कर हजरत अली को श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने कहा कि हजरत अली की जिंदगी पूरी इंसानियत के लिए रोशनी की किरण है। उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी को इस्लाम की सेवा, इंसाफ और इंसाफ की स्थापना और सच्चाई और नेकी की तरक्की के लिए समर्पित किया। उनकी जिंदगी हमें सब्र, बहादुरी, तालीम, दोस्ती और इंसानियत की खिदमत का सबक सिखाती है। आखिर में मुल्क में अमन-चैन और कौम की खुशहाली-तरक्की की दुआ की गई।



## स्वयं सेवकों ने आश्रम में चलाया सफाई अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** नगर के भागीरथी देवी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विशेष शिविर का छठा दिन गुरुवार को स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अवनीश कुमार के नेतृत्व में मौहल्ला महादेव स्थित आनंद धाम आश्रम में सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए डॉ. अवनीश कुमार ने कहा कि साफ-सफाई न रखने से कई गंभीर बीमारियां फैलती हैं, इसलिए सभी को स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना चाहिए। इस दौरान डॉ. सुधा रानी, चारू वशिष्ठ समेत कई स्वयंसेवी मौजूद रहे।

# बारात आने से पहले युवती का रिश्ता तुड़वाया

## युवती और खुद के फोटो मंगेतर को दिखाए, 23 मार्च को आनी थी बारात

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** एक युवक ने युवती के मंगेतर को युवती के साथ अपना फोटो दिखाकर शादी तुड़वाने की नौबत खड़ी कर दी है। युवक ने युवती के परिजनों को धमकाया है कि जहां पर भी युवती की शादी होगी, वह तुड़वाएगा। पहले भी वह एक बार रिश्ता तुड़वा चुका है। युवक की हरकतों से तंग आकर युवती के पिता ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती का रिश्ता बिजनौर जनपद के गांव निवासी युवक से हुआ है। शादी भी आने वाली 23 मार्च को निर्धारित हो गई थी। युवती के परिजन शादी की तैयारियों में जुटे थे। आरोप है कि गांव के ही एक युवक ने युवती के मंगेतर के घर पहुंचर युवती और अपनी फोटो दिखा दी। जिसके बाद मंगेतर व उसके परिजनों ने बारात लाने को मना कर दिया है। युवती के परिजन उन्हें समझाने बुझाने में जुटे हैं। वहीं युवक ने यह भी धमकी दी है कि जहां पर भी युवती का रिश्ता तय होगा, वह तुड़वाएगा। युवक पहले भी युवती का रिश्ता तुड़वा चुका है। युवक की हरकतों से तंग आकर युवती के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

**पिता की तहरीर के आधार पर युवक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज**

## डा. सत्यवीर ने सुरभि यादव को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** यूपीएसई परीक्षा आईएएस में 14वीं रेंक हासिल कर जिले का नाम रौशनी करनी वाली सुरभि यादव को लगातार बधाईयों का सिलसिला जारी है। आज राष्ट्रीय प्रोफेशनल मंच के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्यवीर सिंह चौहान ने उनके आवास पहुंचकर उन्हें सम्मानित किया। बताते चलें कि नौगांवा सादात क्षेत्र के ग्राम नसीर नगला के निवासी श्री राकेश कुमार यादव जी की सुपुत्री सुरभि यादव ने यूपीएसएसी परीक्षा में (14वीं) रैंक उत्तीर्ण की है। आज राष्ट्रीय प्रोफेशनल मच राष्ट्रीय लोकदल पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्यवीर सिंह चौहान उनके आवास पर पहुंचे तथा उन्हें बधाई दी तथा सम्मानित किया। इस मौके पर डॉ नवनीत यादव, अवनीश यादव, धर्मेन्द्र यादव, लोकेश यादव ,मुकेश यादव, शिवम जी, नरेश यादव, हरि सिंह यादव, पंकज यादव ,मनीष यादव, जयपाल सिंह यादव, रामकिशोर यादव, जगतपाल सिंह यादव, नरेश चौहान, अभिषेक जैन, रामवीर सिंह पाल, हरज्ञान जाटव आदि मौजूद रहे।

# मन्दिर के दानपात्र से चोरी का 24 घंटे में खुलासा

## पुलिस ने दो चोरों को गिरफ्तार कर नकदी व औजार किये बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता आदमपुर।** थाना क्षेत्र में स्थित ग्राम गारवपुर उर्फ रुस्तमपुर के चामुंडा मंदिर के दान पात्र से हुई चोरी की घटना का पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की नगदी और दान पात्र तोड़ने में इस्तेमाल किए गए औजार भी बरामद किए हैं।



गिरफ्तार आरोपियों में रघुवीर पुत्र किशनलाल, हाल निवासी चामुंडा मंदिर ग्राम गारवपुर उर्फ रुस्तमपुर थाना आदमपुर जनपद अमरोहा (मूल निवासी ग्राम भटौला थाना केला देवी जनपद संभल) तथा अनिल कुमार पुत्र हरचरन सिंह निवासी ग्राम हिसामपुर थाना नखासा जनपद संभल शामिल हैं। पुलिस ने आरोपी रघुवीर के कब्जे से 8500 रुपये तथा आरोपी अनिल कुमार के कब्जे से 6240 रुपये बरामद किए। इस प्रकार कुल 14,740 रुपये की नगदी बरामद हुई है। इसके अलावा पुलिस ने दान पात्र और उसे तोड़ने में इस्तेमाल किए गए औजार, जिनमें हथौड़ा और छैनी शामिल हैं, भी बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक रामनिवास, हेड कांस्टेबल दिनेश कुमार, कांस्टेबल अजय कुमार तथा कांस्टेबल अंकित कपासिया शामिल रहे। थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने और अपराध पर अंकुश लगाने के लिए इस तरह के अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

# एलपीजी गैस की कमी की अफवाहों पर लगाया विराम

**मुरादाबाद।** जिले में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर की कमी को लेकर फैल रही अफवाहों पर जिला प्रशासन ने स्पष्टता देते हुए लोगों से घबराने की जरूरत न होने की अपील की है।

जिलाधिकारी अनुज कुमार ने कहा कि मुरादाबाद में गैस सिलेंडरों की कोई कमी नहीं है और आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सामान्य रूप से चल रही है।जिलाधिकारी ने बताया कि हाल ही में गैस आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा के लिए जिले की सभी गैस एजेंसियों और संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की गई थी। समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि सभी एजेंसियों के पास उपभोक्ताओं की मांग पूरी करने के लिए पर्याप्त गैस सिलेंडरों का स्टॉक उपलब्ध है। इसलिए लोगों को किसी भी तरह की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है।डीएम अनुज कुमार ने बताया कि कालाबाजारी और अनियमितता पर रोक लगाने के लिए जिला स्तर पर विशेष टीमों का गठन किया गया है। ये टीमें लगातार गैस एजेंसियों और वितरण केंद्रों की निगरानी कर रही हैं, ताकि उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडर उपलब्ध कराया जा सके। इसके साथ ही सभी आपूर्ति निरीक्षकों को भी निर्देश दिए गए हैं कि वह सुनिश्चित करें कि गैस सिलेंडर तय समय के भीतर उपभोक्ताओं तक पहुंचें।

**न्यायालय अपर प्रधान न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय कक्ष सं0-2, बरेली।**

वाद सं0 683/2022

1. अरूण यादव पुत्र स्व0 रंजीत सिंह निवासी अवध कॉलोनी थाना सुभाषनगर बरेली हाल निवासी बेरीनाग, जिला पिथौड़ागढ़।

बनाम

2. निधि यादव पत्नी अरुण कुमार यादव पुत्री स्व0 कप्तान सिंह यादव निवासी म0नं0-750, सेक्टर 24, द्वारिकापुरा, आगरा रोड, थाना जिला एटा यू0पी0।

अन्तर्गत धारा-

थाना-

चूंकि अरुण यादव ने आपके खिलाफ न्यायालय में एक मुकदमा वास्ते 13 HM Act प्रस्तुत किया है।

अत: आपको एतद्द्वारा निर्देशित किया जाता है कि नियत दिनांक 16/3/2026 को वास्ते लिखित कथन/एवज राजीनामा प्रयास हेतु स्वयं उपस्थित हो। यह भी निर्देशित किया जाता है कि लिखित कथन पर स्वयं का पासपोर्ट आकर का फोटो अवश्य चिपकाया जाये। विशेष रूप से निर्देशित किया जाता है कि लिखित कथन प्रस्तुत के समय अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होवे। नियत दिनांक 16/3/2026 को आपके द्वारा पैरवी न किये जाने की स्थिति में वाद की सुनवाई नियमनुसार की जायेगी।

दिनांक- आदेशानुसार

न्यायालय अपर प्रधान न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय कक्ष सं0-2, बरेली।

# मुगलपुरा थाना पुलिस ने किया हनी ट्रैप गैंग का भंडाफोड़, सरगना समेत 5 आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो मुरादाबाद।** थाना मुगलपुरा पुलिस ने एक हनी ट्रैप गिरोह का पर्दाफाश करते हुए उसकी मुखिया समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 10 हजार रुपये नकद और तीन मोबाइल भी बरामद किए हैं।

यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई।पुलिस के अनुसार, इस मामले में पीड़ित नौशाद पुत्र अहमदउल्ला निवासी जामा मस्जिद पार्क बरबालान, थाना मुगलपुरा ने 25 फरवरी को तहरीर देकर बताया था कि कुछ लोगों ने संगठित होकर उसके साथ मारपीट की। आरोप है कि आरोपियों ने जबरन उसके कपड़े उतरवाकर वीडियो बनाया और उसे वायरल करने तथा झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर ब्लैकमेल किया। इसके बाद आरोपियों ने डराकर और धमकाकर उससे 85 हजार रुपये भी ठग लिए।पीड़ित की तहरीर के आधार पर थाना मुगलपुरा में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश और पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन में क्षेत्राधिकारी कोतवाली नगर सुनीता दहिया के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कृष्ण कुमार राणा के नेतृत्व में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया गया।इसी क्रम में गुरुवार को पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए हनी ट्रैप गैंग की सरगना रिहाना पत्नी फैसल निवासी ताजपुर माफी थाना कटघर समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में चांद बी पत्नी वली अहमद, इलमा पत्नी सुलेमान, शगुफ्ता पुत्री वली अहमद और सुलेमान पुत्र निजामुद्दीन शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 10 हजार रुपये नकद तथा तीन मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इनमें एक सैमसंग गैलेक्सी ।15, एक वीवो ́1◦ और एक वीवो ट23 5ळ मोबाइल शामिल है, जिनका इस्तेमाल ब्लैकमेलिंग के लिए किया जा रहा था।इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक तेजराम सिंह, उपनिरीक्षक भानू प्रताप सिंह, महिला उपनिरीक्षक नरगिस सैफी, महिला उपनिरीक्षक रानी सिंह, महिला कांस्टेबल रुचि और हेड कांस्टेबल शेखर कुमार शामिल रहे। पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई की क्षेत्र के लोगों ने सराहना की है।

## जफर और उसके दो बेटों पर 50-50 हजार इनाम

**शाह टाइम्स ब्यूरो मुरादाबाद।** नागफनी थाना क्षेत्र में बीती 27 फरवरी को हुए बेकरी कारोबारी मोहम्मद असद हत्याकांड में फरार चल रहे मुख्य आरोपी हिस्ट्रीशीटर जफर और उसके दो बेटों सैफुल व हुसैन पर पुलिस ने इनाम की राशि बढ़ा दी है। डीआईजी ने तीनों आरोपियों की गिरफ्तारी पर 50-50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। इससे एक दिन पहले वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने तीनों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।पुलिस के अनुसार, जिगर कॉलोनी निवासी मोहम्मद असद बेकरी और पशुपालन से जुड़े कारोबार करते थे। उनकी बेटी आसमा सुल्तान बुलंदशहर में अपर सिविल जज (सीनियर डिवीजन) के पद पर तैनात हैं, जबकि दामाद भी न्यायिक सेवा में कार्यरत हैं। असद की हत्या के मामले में उनके साले जफर, उसके बेटे सैफुल और हुसैन समेत कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।

घटना 27 फरवरी की रात की है, जब असद थाना सिविल लाइंस क्षेत्र जिगर कॉलोनी स्थित अपने घर से तरावीह की नमाज पढ़ने के लिए निकले थे। बताया जाता है कि नागफनी क्षेत्र के बंगला गांव चौराहे के पास पहले से घात लगाए बैठे हिस्ट्रीशीटर जफर और उसके साथियों ने उन पर हमला कर दिया। आरोप है कि जफर ने असद के सिर में गोली मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी।

इस मामले में मुजाहिद की तहरीर पर जफर, उसके बेटे सैफुल व हुसैन, कटघर निवासी आलमगीर, मुगलपुरा के कानूनगोयान निवासी मोहम्मद फैजान और एक अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस अब तक इस मामले में जफर के दामाद मोहम्मद फैजान और उसके साथी आलमगीर को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है, जबकि मुख्य आरोपी जफर और उसके दोनों बेटे अभी भी फरार हैं।पुलिस का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है।

# छह लाख लेकर भी नहीं कराया बैनामा अब दे रहा धमकी, एसएसपी के आदेश पर मामला दर्ज

**कांठ (शाह टाइम्स)।** थाना क्षेत्र के गांव आबिहफीजपुर निवासी नरेश पुत्र सोमपाल ने ग्राम पैगम्बरपुर सुखवासीलाल की गाटा संख्यां 310 नि0 रकयई 0.118 हेक्टेयर में से 130 वर्ग मीटर का सोना देवी पत्नी रामवीर, सत कुमार पुत्र रामवीर व गजराज उर्फ सचिन पुत्र रामवीर सिंह के प्लाट का सोदा किया था।

जिसमें संत कुमार ने कहा कि हमारा प्लाट पाक साफ है हम सभी व्यक्ति उक्त प्लाट को विक्रय करना चाहते है नरेश ने अपने बैंक ऑफ बडोदा शाखा धामपुर के खाते से 2 लाख रुपए और कुल 6 लाख रुपए तीनो व्यक्तियों के खाते में डाले और बेनामा कराने तहसील काठ में आ गए। मालियत के हिसाब से स्टाप निकालकर बैनामा कराने को जब वह गवाह के साथ रजिस्ट्री कार्यालय गए तव पता चला कि उक्त प्लाट का उपरोक्त व्यक्तियों ने 25.08.2025 को इकरारनामा राहुल कुमार पुत्र नौवहार सिंह, निवासी मोहनपुर सुमाली तहसील नौगांवा सादात के हक में कर रखा था। इससे पूर्व उक्त भूमि का दान पत्र भी सोना व सत कुमार ने अपने नाबालिक पुत्र पौत्र के नाम भी कर रखा था जब उसने इस बावत बात की तब सत कुमार व उसके परिवार वाले स्टाप सहित मूल बेनामा और चेक द्वारा दी गई रकम को लेकर फरार हो गए वह अब तक बयनामें को लेकर फैसले की बात करता रहा लेकिन अब बह धमकी दे रहा है कि में तुम्हें जमीन नहीं दूंगा और कही शिकायत की तो जान से मार दूंगा अपनी बहन व मा के साथ छेडछाड को लेकर मुकदमे की धमकी भी देता है। सनी ना होने पर एसपी के सामने पहुंचा और अपनी शिकायत रखी उनके आदेश से पुलिस ने अब मामला दर्ज किया है।

# सीएम ने अयोध्या में राष्ट्रपति के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के सम्बन्ध में की समीक्षा

## राष्ट्रपति के प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत सभी तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूर्ण कर ली जाए: मुख्यमंत्री



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज जनपद अयोध्या में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जी के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके पूर्व, मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि राष्ट्रपति जी के प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत सभी तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूर्ण कर ली जाएं।

सुरक्षा, साफ-सफाई, आगन्तुकों के प्रवास की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। राष्ट्रपति जी के आगमन मार्ग पर प्रत्येक 500 मीटर की दूरी पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए तथा इन स्थलों की सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या एयरपोर्ट पर राष्ट्रपति के स्वागत के लिए स्कूली बच्चे तिरंगा लेकर उपस्थित रहेंगे। मंच पर उपस्थित लोगों की सूची पूर्व से तैयार कर ली जाए। पूज्य सन्तों के आगमन, ठहरने आदि के सभी प्रबन्ध सुव्यवस्थित रखे जाएं। कार्यक्रम में वाल्मीकि मन्दिर, सिख एवं जैन समुदाय के सन्तों व महन्तों को भी आमंत्रित किया जाए। समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों को भी कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि खाली पड़े स्थानों पर साफ-सफाई सुनिश्चित करते हुए उपयुक्त स्थानों पर गमले लगाए जाएं।

रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट, बस स्टेशन एवं टैक्सी स्टैण्ड पर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखी जाए। वाहनों की पार्किंग की समुचित व्यवस्था पहले से सुनिश्चित की जाए। आने वाले व्यक्तियों का पूर्व सत्यापन कराया जाए। जांच एजेंसियों को सक्रिय रखते हुए एण्टी-ड्रोन कंट्रोल रूम को अलर्ट रखा जाए। जिला प्रशासन एवं ट्रस्ट के पदाधिकारी आपसी समन्वय के साथ सभी तैयारियां समय से पूर्ण करें। मुख्यमंत्री ने आगामी रामनवमी पर्व की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। रामनवमी अयोध्या के प्रमुख पर्वों में से एक है, श्रद्धालुओं की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। फुटपाथों को खाली रखा जाए, जिससे श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी प्रकार की समस्या न हो। सम्भावित भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रभावी व्यवस्था करते हुए दर्शन-पूजन कार्यक्रम को स्क्रीन के माध्यम से प्रसारित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि रामनवमी के अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं के अयोध्या आगमन की सम्भावना है, जिनमें से अधिक श्रद्धालु दर्शन-पूजन करेंगे। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए लता मंगेशकर चौक से हनुमानगढ़ी तक गोल्फ कार्ट संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि उन्हें अधिक दूरी तक पैदल न चलना पड़े। वी0आई0पी0 मूवमेंट को न्यूनतम रखा जाए, जिससे आम श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि पार्किंग व्यवस्था पूर्व से सुनिश्चित की जाए तथा सड़कों के किनारे वाहनों की पार्किंग न होने दी जाए। सेवा भाव से विभिन्न स्थानों पर पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। इस अवधि में रामपथ, धर्मपथ सहित प्रमुख मार्गों पर शराब एवं मांस-मदिरा की बिक्री पूर्णतया प्रतिबन्धित रखी जाए। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने परिक्रमा मार्ग एवं मन्दिर म्यूजियम के निर्माण की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपने सुझाव प्रस्तुत किए। अयोध्या भ्रमण के अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने श्री हनुमानगढ़ी मन्दिर तथा श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर में दर्शन-पूजन किया। उन्होंने श्रीराम मन्दिर परिसर में निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री जी ने हनुमानगढ़ी में सन्तों से भेंट कर उनका कुशलक्षेम जाना। इस अवसर पर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, रामचंद्र यादव, डॉ0 अमित सिंह चौहान, अजय सिंह, चंद्रभानु पासवान, अयोध्या के महापौर गिरीशपति त्रिपाठी तथा शासन-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## सीएम योगी ने श्रीराम मंदिर व हनुमानगढ़ी में किया दर्शन-पूजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ/ अयोध्या।** गोरक्षपीठाधीश्वर व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को एक दिवसीय दौरे पर अयोध्या पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले संकटमोचन हनुमानगढ़ी मंदिर में दर्शन-पूजन किया और प्रदेश की सुख-शांति की कामना की।

इसके बाद सीएम योगी ने श्रीराम मंदिर में श्रीरामलला के चरणों में शीश झुकाया। उन्होंने श्रीराम मंदिर परिसर के निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी भी ली। मुख्यमंत्री ने अपने दौरे की शुरुआत संकटमोचन हनुमानगढ़ी मंदिर से की। उन्होंने यहां विधिवत पूजा-अर्चना करते हुए प्रदेशवासियों के सुखमय जीवन की प्रार्थना की। यहां से निकल कर मुख्यमंत्री श्रीराम मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने श्रीरामलला के दर्शन किए, आरती उतारी और मंदिर की परिक्रमा की। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर परिसर में निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी भी ली। श्रीराम मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को निर्माण कार्यों की वर्तमान स्थिति और आगामी योजनाओं से अवगत कराया।मुख्यमंत्री ने हनुमानगढ़ी में संतों से भी मुलाकात की और उनका कुशलक्षेम जाना। मुख्यमंत्री यहां सबसे पहले महंत प्रेमदास जी महाराज से मिले। इसके बाद मुख्यमंत्री ने अन्य संतों से भी मिलकर उनका हालचाल जाना। इससे पहले मुख्यमंत्री के अयोध्या आगमन पर रामकथा पार्क हेलीपैड पर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान जनपद के प्रभारी मंत्री/कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, रामचंद्र यादव, चंद्रभानु पासवान, अमित सिंह चौहान,अभय सिंह, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय आदि मौजूद रहे।

# छात्रों ने ईसीसी पर किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** इविंग क्रिश्चियन डिग्री कालेज के छात्रों ने जोरदार तरीके से प्रदर्शन करके फेल किए गए विद्यार्थियों के हित को ध्यान में रखकर पुर्नपरीक्षा में शामिल किए जाने की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने कालेज प्रशासन पर आरोप लगाया कि जानबूझकर भारी संख्या में विद्यार्थियों को फेल कर दिया गया।

हैरान करने वाली बात तो यह है कि पुर्नपरीक्षा में भी शामिल नहीं किए जाने की लिखित घोषणा करते हुए उन्हें एक साल पीछे धकेल दिया गया। जबकि देश प्रदेश के समस्त उच्च शिक्षण संस्थानों में द्वितीय परीक्षा आयोजित कराये जाने का न केवल प्रावधान है,

बल्कि फेल छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए उन्हें शामिल भी किया जाता है। प्रदर्शनकारी



छात्रों ने कालेज प्रशासन को चेताया कि वे अपनी मनमानी पर यथाशीघ्र विचार करके समस्या का समाधान निकाले।

यदि समय रहते ऐसा नहीं किया गया तो छात्र अनिश्चित कालीन आमरण अनशन करने को बाध्य होंगे।

### तिलोई के रजनपुर में 15को होगा होली मिलन समारोह

**अमेठी।** जनपद अमेठी की तिलोई विधानसभा क्षेत्र के रजनपुर गांव में 15 मार्च को भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर समाजसेवी रोहित सिंह के आवास पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई, प्रेस वार्ता के दौरान समाजसेवी रोहित सिंह ने बताया कि होली मिलन समारोह का मुख्य उद्देश्य समाज में आपसी भाईचारा, प्रेम और सौहार्द की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि ऐसे सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजन लोगों को एक मंच पर लाकर आपसी संबंधों को मजबूत करते हैं और समाज में सकारात्मक संदेश देने का काम करते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पशु-पक्षियों की प्यास बुझाने वाले होंगे सम्मानित

**प्रयागराज।** गर्मी बढने का सिलसिला निरंतर जारी है। ऐसे में पक्षियों को पानी की के अभाव में उन्हें प्राण गंवाने को मजबूर होना पडता है। इस आसन्न संकट के समाधान को लेकर पशु प्रेमी बेहद गंभीर है। पक्षियों की प्यास बुझाने हेतु समुचित व्यवस्था करने वालों को सम्मानित किए जाने की भी तैयारी है। जनता पार्टी एनजीओ प्रकोष्ठ के प्रांत सहसंयोजक रजनीकांत श्रीवास्तव ने कहा कि सुबह पार्क जाते समय ही भीषण गर्मी की आहट महसूस होने लगी है। आने वाले दिनों में तापमान में वृ( केवल मनुष्यों के लिए ही नहीं बल्कि आसपास रहने वाले पशु-पक्षियों के लिए भी कठिनाई का कारण बनती है। तपती धूप और पानी के सीमित स्रोत इन मूक प्राणियों के जीवन को और भी चुनौतीपूर्ण बना देते हैं। ऐसे समय में समाज के छोटे-छोटे प्रयास भी उनके लिए जीवनदायी सिद्ध हो सकते हैं। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि घर के बाहर, छतों पर, पार्कों में, मंदिरों के पास, पेड़ों की छाया में या मोहल्लों के सुरक्षित स्थानों पर मिटी का बर्तन, परिंडा या पानी से भरा पात्र अवश्य रखें। जब कोई प्यासा पक्षी उस पानी को पीकर राहत पाता है या कोई पशु अपनी प्यास बुझाता है, तो यह मानवता और प्रकृति के प्रति हमारी संवेदनशीलता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति सदैव प्रकृति और जीव-जंतुओं के प्रति दया और सह-अस्तित्व का संदेश देती रही है। यदि हर व्यक्ति अपने घर या आसपास एक पानी का पात्र रख दे तो यह छोटी-सी पहल मिलकर बड़ा सकारात्मक परिवर्तन ला सकती है। यह केवल सेवा नहीं बल्कि एक ग्रीन गुड डीड है, जो पर्यावरण और जीव-जंतुओं के प्रति हमारी जिम्मेदारी को दर्शाता है। उन्होंने काशी प्रांत के सभी जिला संयोजकों और सहसंयोजकों से अपील की कि वे अपने-अपने जिलों में समितियों से संपर्क कर पशु-पक्षियों के लिए प्याऊ और पानी के पात्र लगाने का अभियान चलाएं। साथ ही उन्होंने बताया कि जो सामाजिक कार्यकर्ता, स्वयंसेवक या एनजीओ इस कार्य में सक्रिय भूमिका निभाते हुए पशु-पक्षियों के लिए प्याऊ या पानी की व्यवस्था करेंगे, उन्हें सम्मानित किया जाएगा।

### पीसीएस-2025 मुख्य परीक्षा के अभ्यर्थियों के आवेदन निरस्त

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने पीसीएस मुख्य परीक्षा-2025 के आवेदन पत्रों की जांच के बाद 410 अभ्यर्थियों के आवेदन निरस्त कर दिए हैं। योग ने इन अभ्यर्थियों को आवेदन निरस्तीकरण के खिलाफ अपील करने का अवसर दिया है। अभ्यर्थी 17 मार्च शाम पांच बजे तक अपील संबंधी आवेदन आयोग को भेज सकते हैं। यह आवेदन पंजीकृत डाक या व्यक्तिगत रूप से आयोग के पूछताछ काउंटर पर भी जमा किए जा सकेंगे। परीक्षा नियंत्रक हर्षदेव पांडेय ने बताया कि 95 अभ्यर्थियों ने मुख्य परीक्षा का आवेदन पत्र निर्धारित तिथि में आयोग के कार्यालय में जमा नहीं किए। इस कारण उनके आवेदन निरस्त कर दिए गए। वहीं, खाद्य सुरक्षा अधिकारी पद के लिए सफल छह अभ्यर्थियों, जिला लेखा परीक्षा अधिकारी पद के लिए सफल 37 अभ्यर्थियों व जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी पद के लिए सफल 35 अभ्यर्थियों के आवेदन शैक्षिक अर्हता पूरी न करने के कारण निरस्त हुए हैं। इसके अलावा 170 अभ्यर्थियों के आवेदन इसलिए निरस्त हुए क्योंकि वह परास्नातक परीक्षा आवेदन की अंतिम तिथि के बाद 15 जुलाई को उत्तीर्ण किए, जिससे वे अनिवार्य शैक्षिक योग्यता की शर्त पूरी नहीं करते। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि एक अभ्यर्थी का आवेदन दिव्यांगता प्रमाण पत्र के परीक्षण में 24 प्रतिशत दिव्यांगता पाए जाने के कारण निरस्त किया गया। वहीं, 13 अभ्यर्थियों ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्रेणी का दावा किया था, लेकिन आवेदन के साथ कोई प्रमाण पत्र न संलग्न करने और न ही अपलोड करने के कारण उनके आवेदन निरस्त किए गए। आयोग के अनुसार कुल मिलाकर करीब 34 अलग-अलग कारणों से 410 अभ्यर्थियों के आवेदन निरस्त किए गए हैं।

### लखनऊ में साढ़े सात कुंतल गांजा बरामद, तस्कर गिरफ्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने अंतर्राज्ईय स्तर पर अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से7-75 कुंतल गांजा बरामद किया है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बरामद मादक पदार्थ की कीमत करीब 1-93 करोड़ रुपये आंकी गई है। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि एसटीएफ को पिछले कुछ दिनों से विभिन्न राज्यों से अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले शातिर तस्करों के सक्रिय होने की सूचनाएं मिल रही थीं। इसी के तहत एसटीएफ की विभिन्न इकाइयों को अभिसूचना संकलन और कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में 11 मार्च को एसटीएफ की टीम लखनऊ क्षेत्र में गश्त कर रही थी, तभी सूचना मिली कि एक ट्रक में ओडिशा से अवैध गांजा लोड कर रायबरेली होते हुए लखनऊ लाया जा रहा है। यह भी जानकारी मिली कि गांजे की खेप को रायबरेली-लखनऊ रोड से नगराम जाने वाले मार्ग पर रेलवे क्रॉसिग के आगे किसी स्थान पर उतारा जाएगा। सूचना के आधार पर एसटीएफ टीम ने मौके पर पहुंचकर ट्रक की तलाशी ली। तलाशी के दौरान टाटा अल्ट्रा डीसीएम ट्रक में बनी गुप्त कैविटी से भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ। इसके बाद ट्रक चालक कौशल कुमार, निवासी मुरादपुर थाना बिदकी, जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि समरजीत उर्फ सोनू गुप्ता, मयंक कुमार गुप्ता और सैय्यद दावर अलवी का एक गिरोह अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करता है। समरजीत के कहने पर वह ओडिशा से गांजा लाकर तय स्थान पर पहुंचाता था।

# कलयुगी मां ने की पुत्र की हत्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** गंगापार इलाके के सरायममरेज थाना क्षेत्र पिलखिनी गांव में एक कलयुगी मां ने अपने ही चार वर्षीय पुत्र की निर्मम हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी मां को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सरायममरेज थाना क्षेत्र के पिलखिनी गांव के पूरे जयसिंह निवासी संतोष यादव खेती बारी और मजदूरी करता है। उसकी शादी मनोरमा यादव से हुई है। दोनों को चार माह का एक बच्चा ईश्वर है। बताया जाता है पति-पत्नी में आए दिन खाना बनाने और अन्य बातों को लेकर विवाद होता रहता है। पिछले तीन चार दिनों से लगातार दोनों में झगड़ा चल रहा था। पुलिस के अनुसार पति से झगड़े के बाद अनुराधा ने अपने बेटे ईश्वर (4 माह) की घर में ही सिर पर ईंट से मारकर हत्या कर दी। इसके बाद शव को रसोई घर में रखे लकड़ी के ढेर में छिपा दिया। इसके बाद अपने काम में जुट गई। काफी देर तक बच्चे को न देखकर पति और परिवार के अन्य लोग परेशान थे। पूछने पर मनोरमा कुछ बता भी नहीं रही थी। परेशान परिजनों ने जब काफी दबाव डाला तो बुधवार रात्रि करीब 10 बजे महिला ने बेटे की हत्या की बात बताई। इसके बाद परिजनों ने शव को निकाला। सूचना पाकर सुबह पुलिस पहुंच गई। बताया जाता है कि महिला के खिलाफ हत्या और साक्ष्य छिपाने की एफआईआर दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। घटना को लेकर पूरे इलाके में चर्चा है। एसीपी हंडिया ने बताया कि आरोपी महिला का मानसिक संतुलन ठीक नहीं लग रहा है।

### ठेकेदारों के भरोसे स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने स्वरूप रानी नेहरू (एसआरएन) अस्पताल में प्रस्तावित चिल्ड्रेन वार्ड (विंग) के निर्माण का प्रोजेक्ट सात साल बाद भी पूरा नहीं होने पर कड़ी नाराजगी जताई है। कहा, इतने लंबे समय तक प्रोजेक्ट का अधूरा रहना सूबे के जिम्मेदार अधिकारियों की घोर उदासीनता को दर्शाता है। ऐसा प्रतीत होता है कि इस महत्वपूर्ण परियोजना को पूरी तरह यूपी सिडको और ठेकेदारों के भरोसे छोड़ दिया गया है। यह टिप्पणी न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकल पीठ ने डॉ. अरविंद गुप्ता की याचिका पर सुनवाई करते हुए की। मामले में यूपी सिडको के प्रबंध निदेशक, मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य और एसआरएन अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक को 23 मार्च को व्यक्तिगत रूप से तलब किया है। कोर्ट ने उनसे पूछा है कि वे बताएं कि अस्पताल विस्तार के लिए प्रस्तावित 31,314 वर्ग मीटर भूमि के हस्तांतरण में आखिर देरी क्यों हो रही है।

# 50 हजार के इनामी अभियुक्त किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमेठी।** कोतवाली पुलिस ने एक ईनामी अपराधी को मुठभेड के दौरान गिरफ्तार किया है बताया जाता है कि पुलिस पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे,

अभियान के क्रम में बृहस्पतिवार बारह मार्च 2026 को क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक मुसाफिरखाना विवेक कुमार सिंह मय हमराह द्वारा जनपद अमेठी पुलिस द्वारा चलाये जा रहे आपरेशन चक्रव्यूह के तहत तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान इसौली रोड जाखा शिवपुर के पास मौजूद थे कि मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि कबाड़ व्यापारी रमन अग्रहरि से रंगदारी की घटना में वांछित व रुपये 50 हजार का ईनामिया अभियुक्त कहीं जाने की फिराक में है । मुखबिर की बात पर विश्वास कर पुलिस टीम द्वारा इसौली रोड़ पर पहुंच कर घेराबंदी की गई तभी इसौली घाट की तरफ से एक मोटरसाइकिल आती हुई दिखाई दी जिसे पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति द्वारा गाड़ी मोड़कर गुलाम हैदर जाने वाले कच्चे रास्ते से भागने लगा और हडबड़ाकर गिर गया तथा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया । पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ फायरिंग करने पर अभियुक्त घायल हो गया । घायल अभियुक्त का नाम व पता पूछने पर उसने अपना नाम इस्लाम अहमद उर्फ सोनू उर्फ मच्छर पुत्र रसीद अहमद निवासी इमामबाड़ा काशीराम कलोनी थाना कोतवाली नगर जनपद गोण्डा उम्र करीब 28 वर्ष बताया जिसके कब्जे से 01 तमंचा, 01 जिन्दा कारतूस व 01 खोखा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। घायल अभियुक्त को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया। मोटरसाइकिल एच.एफ. डिलक्स बिना नंबर प्लेट के कागज मांगने पर दिखा न सका। प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह ने बताया कि पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि दिनांक 10 फरवरी को उसने अपने साथियों के साथ मिलकर रमन अग्रहरि नाम के कबाड़ व्यापारी से रंगदारी कर 9,28,000 रुपये वसूले थे घटना के बाद अनुज प्रताप सिंह द्वारा घटना में शामिल सभी को रुपये बांट दिया था।




किडनी दिवस के अवसर पर मोतीलाल नेहरू मेडिकल कालेज के प्राचार्य डॉ वीके पाण्डेय की निगहबानी में विविध तरह के हेल्थ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### घर से निकला किशोर लापता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गोंडा।** थाना क्षेत्र के ढेमवा घाट चौकी क्षेत्र में घर से निकला एक 13 वर्षीय नाबालिग किशोर गायब हो गया। इस मामले में पुलिस ने पिता की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। दत्तनगर गांव के अहिरन टाडी मजरा निवासी नाथूराम पुत्र सरजू प्रसाद ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि उनका 13 वर्षीय नाबालिग पुत्र अंकुर उर्फ काले बुधवार की सुबह 10 बजे घर से निकला था लेकिन वापस नहीं लौटा। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिला।

# शिया समुदाय सादगी के साथ मनाएगा ईद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** प्रयागराज में शिया समुदाय के लोगों ने इस वर्ष ईद पर्व पर पारंपरिक उत्सव न मनाने का निर्णय लिया है। समुदाय के लोगों का कहना है कि ईरान के सुप्रीम लीडर इमाम आयातुल्ला खामेनई की शहादत के चलते इस बार ईद सादगी और गम के माहौल में मनाई जाएगी।

समुदाय के लोगों के अनुसार, ईद के अवसर पर नए कपड़े नहीं पहने जाएंगे और लोग पुराने कपड़ों में ही नमाज अदा करेंगे। नमाज के दौरान काली पट्टी बांधकर शोक व्यक्त करने की भी बात कही गई है। इसके साथ ही घरों में पारंपरिक रूप से बनने वाली सेवइयों सहित अन्य उत्सव से जुड़े आयोजन भी नहीं किए जाएंगे। महिलाओं द्वारा रंगीन कपड़े और नई चूड़ियां न खरीदने का भी निर्णय बताया गया है। शहर के कई इलाकों जैसे रानीमंडी, दरियाबाद, करेली, बहादुरगंज, शाहगंज, मीरापुर और अतरसुइया सहित अन्य मोहल्लों में शिया समुदाय के लोग इस संबंध में बैठकें और मजलिस आयोजित कर रहे हैं।

# अदालत व जजों के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने वाले दो भाई गिरफ्तार

**प्रयागराज।** प्रयागराज में सोशल मीडिया पर अदालत और जजों के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने के मामले में कैंट थाना पुलिस ने दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान 29 वर्षीय दीपक कुमार और 26 वर्षीय देविदर कुमार के रूप में हुई है, जो उरई, जालौन जिले के निवासी हैं। दोनों भाई खेती-किसानी का कार्य करते हैं।

बताया गया कि हाल ही में फेसबुक अकाउंट ष्अश्विनी अंबेडकरष नाम से अदालत और जजों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश पर कैंट थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। इसके बाद पुलिस ने फेसबुक आईडी की जानकारी जुटाकर आरोपियों की पहचान की और पुलिस टीम ने जालौन पहुंचकर दोनों को गिरफ्तार कर प्रयागराज ले आई। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने आपत्तिजनक टिप्पणी के पीछे कोई विशेष कारण नहीं बताया। कैंट थाने में इस मामले में अपराध संख्या 52/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 353(1)(बी), 352, 356 तथा आईटी एक्ट की धारा 67 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# मां पाटेश्वरी के दरबार में योगी ने टेका माथा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार सुबह बलरामपुर जिले के तुलसीपुर स्थित प्रसिद्ध देवी शक्तिपीठ मां पाटेश्वरी देवी मंदिर में दर्शन-पूजन किया। गोरक्षपीठाधीश्वर ने मां पाटेश्वरी की आरती उतारकर प्रदेशवासियों के सुख, स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना की।

मुख्यमंत्री दो दिवसीय दौरे पर बुधवार को बलरामपुर पहुंचे थे और उन्होंने मंदिर परिसर में ही रात्रि विश्राम किया। गुरुवार सुबह उन्होंने मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की और आगामी चैत्र नवरात्रि से पहले मंदिर की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मंदिर में आए श्रद्धालुओं का अभिवादन भी किया। पूजा-अर्चना के बाद मुख्यमंत्री मंदिर परिसर स्थित गोशाला पहुंचे, जहां उन्होंने गोमाता को गुड़ और चारा खिलाया तथा गोशाला की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से नवरात्रि मेले की तैयारियों के बारे में जानकारी भी ली। इस अवसर पर मंदिर के महंत मिथिलेश नाथ योगी तथा कालीबाड़ी मंदिर के महंत रविंद्र दास भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से गुरुवार सुबह कई जनप्रतिनिधियों ने मुलाकात की। इनमें विधायक पलटूराम, कैलाश नाथ शुक्ल, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मिश्र और नगर पालिका चेयरमैन धीरेन्द्र प्रताप सिंह शामिल रहे। मुख्यमंत्री ने सभी का कुशलक्षेम पूछा और निर्देश दिया कि जनप्रतिनिधि जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें। साथ ही सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने पर विशेष ध्यान देने को कहा। वहीं योगी आदित्यनाथ ने वर्ष 1930 में शुरू हुए ऐतिहासिक दांडी मार्च की वर्षगांठ पर 'राष्ट्रपिता' महात्मा गांधी और स्वतंत्रता संग्राम के सभी सत्याग्रहियों को कोटिश नमन किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 1930 में आज ही के दिन महात्मा गांधी के नेतृत्व में नमक सत्याग्रह की शुरुआत साबरमती आश्रम से हुई थी। यह भारतीय स्वाधीनता संग्राम की उस ज्योति का प्रज्ज्वलन था, जिसने देश के जन-जन में आत्मबल और स्वराज का नया मंत्र भर दिया। उन्होंने कहा कि बर्बर और अलोकतांत्रिक ब्रिटिश शासन की जड़ें हिलाने वाले इस अभूतपूर्व आंदोलन ने यह सि( कर दिया कि सत्य, साहस और सामूहिक संकल्प से बड़े से बड़ा साम्राज्य भी डगमगा सकता है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम के सभी सत्याग्रहियों के त्याग और बलिदान को नमन करते हुए कहा कि उनका संघर्ष देशवासियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने अपने संदेश का समापन भारत माता की जय के उद्घोष के साथ किया। गौरतलब है।

**सूचना**

**प्रयागराज ( इलाहाबाद ) में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-**

**अश्वनी कुमार श्रीवास्तव**

( प्रयागराज जोन प्रभारी/जिला प्रभारी/ब्यूरो चीफ )
मो. 9415351850
कार्यालय पता:- 99 ए/1, अशोक नगर ( नवादा ), प्रयागराज
email-shahtimesprayagrajjashwani@gmail.com

# बिजली मीटर बनाने वाली फैक्ट्री में लगी आग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा में बिजली मीटर बनाने वाली एक फैक्ट्री में अचानक भीषण आग लग गई। कुछ ही मिनटों में आग फैक्ट्री की पांचों मंजिलों में फैल गई, जिससे अंदर अफरा-तफरी मच गई। फैक्ट्री में काम कर रहे 200 से ज्यादा कर्मचारियों ने भागकर जान बचाई, लेकिन करीब 35 कर्मचारी अंदर फंस गए। इनमें से कई बेसुध होकर गिर गए।

आसपास के लोगों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। थोड़ी देर में फायर ब्रिगेड की 30 से ज्यादा गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकलकर्मियों ने सीढ़ी लगाकर पहली मंजिल की बालकनी पर चढ़े। फिर शीशे तोड़कर अंदर फंसे लोगों को निकाला। फिर कंधों लादकर नीचे उतारा। घायलों को पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। ज्यादातर कर्मचारियों को हल्की चोटें आईं, लेकिन 2 लोग गंभीर रूप से झुलस गए हैं। इनमें से एक को इलाज के लिए दिल्ली रेफर किया गया है। दमकल विभाग को आग पर काबू पाने में करीब 4 से 5 घंटे लगे। घटना थाना फेज-1 क्षेत्र स्थित कैपिटल पावर सिस्टम लिमिटेड फैक्ट्री की है।

**शॉर्ट सर्किट से लगी आग:** बताया जा रहा है कि आग सुबह करीब साढ़े 5 बजे ग्राउंड फ्लोर पर शॉर्ट सर्किट से लगी। फैक्ट्री में प्लास्टिक और बिजली के तारों का सामान ज्यादा होने के कारण आग तेजी से फैल गई। आग इतनी भीषण थी कि धुएं का गुबार 2 किलोमीटर दूर से दिखाई दे रहा था।

**घायलों को अस्पताल पहुंचाया, फैक्ट्री की तलाशी के बाद रेस्क्यू पूरा:** पुलिस ने एंबुलेंस से सभी घायलों को जिला अस्पताल भेजा। अन्य दमकलकर्मियों ने पानी की तेज बौछारों से आग पर काबू पाया। इसके बाद पूरी फैक्ट्री की तलाशी ली गई, लेकिन अंदर कोई और फंसा हुआ नहीं मिला।

जॉइंट कमिश्नर ऑफ पुलिस (लॉ एंड ऑर्डर) राजीव नारायण मिश्रा ने बताया कि सुबह सेक्टर-4 स्थित एक फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिली थी। स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया गया है।

## डीएम ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों का जाना हालचाल, चिकित्सा अधिकारियों को दिए निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा सेक्टर-4 स्थित बिजली का मीटर बनाने वाली एक कंपनी में गुरुवार सुबह हुई आग की घटना में घायल हुए लोगों से डीएम मेधा रूपम ने सेक्टर-39 स्थित जिला अस्पताल पहुँचकर मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में भर्ती घायलों के स्वास्थ्य की जानकारी लेते हुए चिकित्सकों को सभी घायलों का बेहतर उपचार कराने के निर्देश दिए।

इस दौरान डीएम ने जिला अस्पताल के डाक्टरों से कहा कि सभी घायलों का उपचार पूरी संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता के आधार पर किया जाए तथा उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न होने दी जाए। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को यह भी निर्देश दिए कि घायलों के उपचार से संबंधित समस्त जानकारी समय-समय पर जिला प्रशासन को उपलब्ध कराई जाए। जिससे उपचार की प्रगति पर सतत निगरानी रखी जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि सभी घायलों की स्थिति की जानकारी उनके परिजनों को भी यथाशीघ्र उपलब्ध कराई जाए, जिससे परिवारजनों को किसी प्रकार की असुविधा या अनिश्चितता का सामना न करना पड़े।

डीएम ने अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिए कि घायलों की देखभाल में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा आवश्यकता अनुसार विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा निरंतर निगरानी रखी जाए। इस दौरान उन्होंने घायलों के परिजनों से भी मुलाकात कर उन्हें आश्वस्त किया कि प्रशासन की ओर से हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी और सभी घायलों के समुचित उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेंद्र कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ अजय राणा सहित अन्य उपस्थित रहें।

## एयरपोर्ट और रबूपुरा में प्रदूषण मापने की मशीनें लगेंगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** नोएडा अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट जेवर और रबूपुरा में वायु प्रदूषण मापने मशीनें लगेंगी। जेवर में एयरपोर्ट प्रबंधन मशीन लगाएगा। यह रियल टाइम रिपोर्ट देगी। वहीं, रबूपुरा में मैनुअल मशीन लगेगी। प्रदेश सरकार ने एयरपोर्ट के पास वायु प्रदूषण मापक मशीन लगाने के निर्देश दिए थे, जिसे देखते हुए मशीन लगाई जाएगी। यहां के लिए मशीन भी आ गई है। संभवतः एयरपोर्ट के मुख्यद्वार पर यह लगाई जाएगी। रबूपुरा में लगने वाली मशीन मैनुअल होगी। इस मशीन से एक अप्रैल से वायु प्रदूषण से संबंधित आंकड़े आने शुरू हो जाएंगे। एक साल के बाद रियल टाइम आंकड़े वाली मशील लगाने की तैयारी है।

रबूपुरा नगर पंचायत के भवन पर मशीन लगाई जाएगी। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने एक निजी एजेंसी से एक साल के लिए समझौता किया है। एजेंसी हफ्ते में दो से तीन दिन प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को वायु प्रदूषण के आंकड़े उपलब्ध कराएगी। लिहाज अप्रैल से दादरी के वायु प्रदूषण की रिपोर्ट भी शासन को भेजी जाएगी। बाद में यहां रियल टाइम आंकड़ों के लिए मशीन लगेगी।ग्रेटर नोएडा में वर्तमान में दो वायु प्रदूषण मापक मशीन काम कर रही हैं।

एक मशीन नॉलेज पार्क थ्री और एक नॉलेज पार्क फाइव में लगी है। दोनों मशीन प्रदूषित कणों की रियल टाइम आंकड़े देती हैं। अप्रैल से जिले में आठ स्थानों की वायु गुणवत्ता रिपोर्ट मिलनी शुरू होगी। नोएडा में चार स्थानों से वायु प्रदूषण के रियल टाइम आंकड़ें मिलते हैं। इस साल नोएडा में मशीनों की संख्या चार ही रहेगी। भविष्य में इसकी संख्या बढ़ सकती है। ग्रेटर नोएडा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी विकास मिश्रा ने बताया कि रबुपुरा में लगाई गई मशीन एक साल तक मैनुअल काम करेगी। बाद में रियल टाइम मशीन लगाई जाएगी।

## एक नजर

### दुष्कर्म के आरोप से एचआर मैनेजर बरी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** फास्ट ट्रैक कोर्ट (एफटीसी) ने एक कंपनी के एचआर मैनेजर को दुष्कर्म के आरोपों से बरी कर दिया है। साथ ही अदालत ने शिकायतकर्ता महिला के खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज कराने और गलत साक्ष्य देने पर कार्रवाई के आदेश दिए हैं। बीते साल 25 मार्च को नोएडा के फेज-3 थाने में महिला ने एफआईआर दर्ज कराई थी। उसने एचआर मैनेजर करण गुजराल पर दुष्कर्म के आरोप लगाए ते। महिला ने शिकायत में कहा था कि गुजराल ने उसके खाने-पीने में नशीला पदार्थ मिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। साथ ही वह उसे होटल में बुलाकर एक साल से अधिक समय तक दुष्कर्म करता रहा और शादी का झांसा देता रहा। गर्भवती होने पर आरोपी ने उससे संपर्क करना बंद कर दिया। मामले में पुलिस ने आईपीसी की धारा 376 के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया था। हालांकि ट्रायल के दौरान महिला अपने आरोपों से मुकर गई। उसने अदालत को बताया कि उसकी नौकरी नियमित नहीं थी। वेतन भुगतान में देरी से वह नाराज थी। सहकर्मियों की सलाह पर वह पुलिस के पास गई थी। अदालत ने सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले का हवाला देते हुए कहा कि मजिस्ट्रेट के सामने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा-164 के तहत दर्ज बयान तब तक ठोस साक्ष्य नहीं माने जा सकते। जब तक उन्हें अन्य साक्ष्यों से पुष्ट न किया जाए। इन परिस्थितियों को देखते हुए अदालत ने एचआर मैनेजर को आरोपों से बरी कर दिया।

### नोएडा-ग्रेनो में सात ठिकानों पर आयकर विभाग की जांच जारी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा और ग्रेटर नोएडा समेत देशभर के 35 बिल्डर और खनन कारोबारी के ठिकानों पर गुरुवार को दूसरे दिन भी आयकर विभाग की जांच जारी रही। इसमें नोएडा-ग्रेटर नोएडा में सात और दिल्ली में दो परिसर में जांच की जा रही है। करोड़ों रुपये का कालाधन बिल्डर परियोजना और प्रॉपर्टी और अन्य निवेश में खपाने के आरोप में यह कार्रवाई की गई।आयकर सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक ग्रेटर नोएडा स्थित गोल्डन आई के निदेशक आनंद शुक्ला के नोएडा स्थित लोटस-300 सोसाइटी के आवास, ग्रेटर नोएडा स्थित गोल्डन ग्रांडे व्यावसायिक प्रोजेक्ट और उनके कारोबार से संबंधित कुल सात परिसर में जांच की जा रही है।
इसमें कई ऐसे सबूत मिले हैं, जिनमें बिना हिसाब के करोड़ों रुपये को खपाने की जानकारी सामने आई है। सभी दस्तावेजों को जब्त कर लिया गया है।सूत्रों के अनुसार उनके सहयोगियों में खनन कारोबारी सीरजध्वज सिंह की बांदा स्थित कंपनी और अन्य ठिकानों, एविएशन, खनन और रियल एस्टेट कारोबारी अज्ञात गुप्ता के दिल्ली, लखनऊ और मध्य प्रदेश स्थित ठिकानों पर जांच जारी रही। आरोप है कि बिल्डर के प्रोजेक्ट में खनन का करोड़ों रुपये लगे हैं। ज्यादातर रकम नगद में दी गई है। आयकर सूत्रों के अनुसार जांच तीन से चार दिन तक जारी रह सकती है।

### बुकिंग के लिए वैकल्पिक डिजिटल सेवा का इस्तेमाल करें : जिला पूर्ति अधिकारी

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** गैस बुकिंग करने के लिए जारी मोबाइल नंबर के व्यस्त होने, संपर्क न होने एवं अन्य समस्याएं लोगों के सामने आ रही हैं। इस पर जिला प्रशासन ने संज्ञान लिया। बुकिंग के लिए वैकल्पिक डिजिटल सेवा का इस्तेमाल करने की अपील की। जिला पूर्ति अधिकारी स्मृति गौतम ने जिले के लोगों से अपील है कि गैस कंपनियों द्वारा उपलब्ध कराए गए स्मार्ट बुकिंग मॉडल्स व्हाट्सऐप, मिस्डकॉल, एसएमएस/वीआरएस बुकिंग 7718955555, इंडियन ऑयल वन ऐप, भारत बिल पेमेंट सिस्टम, पोर्टल ीजजचे://ब◦.पदकपंदवपस.पद आदि माध्यमों से गैस कंपनियों के नेशनल स्तर पर संचालित विभिन्न प्रकार के विकल्पों का इस्तेमाल कर आवश्यकता होने पर गैस बुकिंग करा सकते हैं। स्मार्ट बुकिंग इंडियन ऑयलव्हाट्सऐप- 7588888824, मिस्सड कॉल 8454955555, इंडियन ऑयल वन ऐप, भारत बिल पेमेंट सिस्टमएचपी गैस-व्हाट्सऐप- 9222201122, मिस्सड कॉल 9493602222, इंडियन ऑयल वन ऐप, भारत बिल पेमेंट सिस्टम।

### यूपी बोर्ड की परीक्षाएं संपन्न, 25 ने छोड़ा आखिरी पेपर

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** बृहस्पतिवार को यूपी बोर्ड की परीक्षाएं संपन्न हो गईं। आखिरी दिन हाईस्कूल में कृषि और इंटरमीडिएट में कम्प्यूटर और संस्कृत की परीक्षाएं हुईं। दोनों कक्षाओं में जिले भर में करीब 25 परीक्षार्थियों ने परीक्षा नहीं दी।
जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि आठ केंद्रों पर कृषि की परीक्षा कराई गई। इसमें पंजीकृत 96 में से 94 परीक्षार्थियों ने ही एग्जाम दिया। वहीं, कंप्यूटर के लिए पंजीकृत 234 परीक्षार्थियों में 225 परीक्षार्थी ही मौजूद रहे। इसी तरह संस्कृत में 188 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी।

## अखिलेश यादव 29 मार्च को दादरी में करेंगे रैली

■ सपा 2027

**विधानसभा चुनाव का बिगुल फूंकेंगी, एक लाख लोग होंगे शामिल**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** समाजवादी पार्टी (सपा) उत्तर प्रदेश के 2027 विधानसभा चुनाव का बिगुल गौतम बुद्ध नगर की दादरी विधानसभा से फूंकेगी। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव 29 मार्च को दादरी में एक विशाल रैली करेंगे, जिसमें एक लाख से अधिक लोगों के शामिल होने का दावा किया जा रहा है।

गुरुवार को ग्रेटर नोएडा प्रेस क्लब में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने बताया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सपा को कमजोर माना जाता है। इस धारणा को बदलने के लिए पार्टी ग्रेटर नोएडा से विधानसभा चुनाव अभियान की शुरुआत कर रही है। अखिलेश यादव दादरी के मिहिरभोज डिग्री कॉलेज में श्समाजवादी समानता भाईचारा रैलीश में शामिल होंगे। राजकुमार भाटी ने बताया कि इस रैली में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 32 जिलों की 142 विधानसभा सीटों से लगभग एक लाख लोग पहुंचेंगे। उन्होंने दावा किया कि यह रैली ऐतिहासिक और सबसे बड़ी होगी, जिसमें लोग बिना किसी प्रलोभन के अपनी इच्छा से आएंगे। पार्टी अगस्त से इस रैली की तैयारी कर रही है। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गांवों और विभिन्न स्थानों पर पंचायतें आयोजित कर लोगों से रैली में शामिल होने का अनुरोध किया है। भाटी के अनुसार, लोगों में रैली को लेकर उत्साह है और कई लोग इस दौरान पार्टी की सदस्यता भी ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि सपा पिछले विधानसभा चुनाव से ही अपनी तैयारियों में जुटी है, और इस बार 2027 में उत्तर प्रदेश में सरकार बनाएगी।

## अंतरराष्ट्रीय साइबर ठगी मॉड्यूल का पर्दाफाश, दो नाइजीरियन गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में पुलिस कमिश्नरेट गौतम बुद्ध नगर की साइबर क्राइम टीम ने एक बड़े अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराध मॉड्यूल का पर्दाफाश करते हुए दो विदेशी नाईजीरियन नागरिकों को गिरफ्तार किया है। यह मॉड्यूल 'सोलर स्पाइडर' नामक साइबर थ्रेट एक्टर से जुड़ा हुआ है, जो को-ऑपरेटिव बैंकों की सुरक्षा प्रणाली में कमजोरियों का फायदा उठाकर करोड़ों रुपये की साइबर ठगी की साजिश रच रहा था।

डीसीपी साइबर शैव्या गोयल ने बताया कि यह कार्रवाई थाना साइबर क्राइम, थाना नॉलेज पार्क और मेरठ जोन की साइबर कमांडो टीम द्वारा संयुक्त रूप से की गई। पुलिस को खुफिया इनपुट मिला था कि 'सोलर स्पाइडर' से जुड़ा एक साइबर मॉड्यूल पिछले सप्ताह से सक्रिय है। बड़े स्तर पर बैंकिंग सिस्टम को निशाना बनाने की तैयारी कर रहा है। इसके बाद पुलिस टीम ने गुप्त तरीके से निगरानी शुरू की और कार्रवाई करते हुए इस गिरोह का भंडाफोड़ कर दिया। जांच में सामने आया है कि यह गिरोह कुछ को-ऑपरेटिव बैंकों की साइबर सुरक्षा में मौजूद वल्नरेबिलिटी का फायदा उठाकर बड़ी राशि ट्रांसफर करने की योजना बना रहा था। उनकी योजना थी कि लक्षित बैंकों से करीब 60 से 80 करोड़ रुपये की रकम अवैध रूप से म्यूल खातों में ट्रांसफर की जाए और बाद में इस रकम को क्रिप्टोकरेंसी के माध्यम से विदेश भेज दिया जाए।

आरोपियों ने 7 से 8 मार्च के सप्ताहांत के दौरान गुजरात स्थित एक को-ऑपरेटिव बैंक से करीब सात करोड़ रुपये की धोखाधड़ी कर ट्रांसफर कर लिए थे। आरोपी जानबूझकर सप्ताहांत के दिनों में इस तरह के ट्रांजेक्शन करते थे, क्योंकि उस समय बैंक बंद रहते हैं और धोखाधड़ी का पता चलने में देरी हो जाती है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच टीम ने तुरंत भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) और संबंधित बैंकों को सूचित किया। समय रहते चेतावनी मिलने के कारण आगे होने वाले कई करोड़ रुपये के संभावित साइबर फ्रॉड को रोका जा सका। गिरफ्तार किए गए आरोपी अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराध नेटवर्क से जुड़े हुए हैं। इनके तार नाइजीरिया तथा दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों में सक्रिय गिरोहों से जुड़े हैं। इसी 'सोलर स्पाइडर' नेटवर्क से जुड़े एक अन्य मॉड्यूल को वर्ष 2025 में भी गौतम बुद्ध नगर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया जा चुका है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर पूरे नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है।

## एनसीईआरटी आधारित आया पेपर, छात्रों के खिले चेहरे

**नोएडा।** सीबीएसई बोर्ड में बृहस्पतिवार को 12वीं की अंग्रेजी की परीक्षा हुई। परीक्षा केंद्र से बाहर निकले अधिकतर विद्यार्थियों के चेहरे पर संतोष दिखाई दिया। विद्यार्थियों ने प्रश्नपत्र को संतुलित, सरल और एनसीईआरटी पर आधारित बताया। परीक्षा केंद्रों के बाहर विद्यार्थी परीक्षा को लेकर एक-दूसरे से चर्चा करते हुए दिखाई दिए। अंग्रेजी के शिक्षक बी. रमेश ने बताया कि प्रश्नपत्र एनसीईआरटी के पाठ्यक्रम पर आधारित ही आया था। सेक्शन-ए रीडिंग स्किल के दोनों पैसेज काफी आसान थे, जबकि सेक्शन-बी सबसे अधिक स्कोरिंग रहा। सेक्शन-सी के प्रश्न भी आसान थे, लेकिन रीजनिंग के सवालों ने विद्यार्थियों को थोड़ा जरूर उलझाया। हालांकि ओवरऑल प्रश्नपत्र स्कोरिंग रहा।

## डीडीआरडब्ल्यूए ने प्राधिकरण एसीईओ संग की बैठक, समस्याओं के समाधान के लिए सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा शहर की प्रमुख समस्याओं को लेकर गुरुवार को डीडीआरडब्ल्यूए फैडरेशन की टीम ने नोएडा प्राधिकरण की अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी वंदना त्रिपाठी से मुलाकात कर बैठक की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए एसीईओ को ज्ञापन सौंपा।

नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ वंदना त्रिपाठी के साथ बैठक के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने सड़क सुरक्षा के संबंध में रोड इंजीनियरिंग पर सही से काम करना, बड़े नालों को कवर करना और उसे पर वेंडिंग जोन बनवाना, प्राधिकरण द्वारा अलॉट किए गए बारात घरों में फायर फाइटिंग के उचित प्रबंध करवाना, बारात घरों की रसोई में ग्रीज ट्रैप लगवाने, सीवर ओवरफ्लो की समस्या लोगों को निजात दिलाने, जल भराव, आग व अन्य आपदा की स्थिति में निवासियों की जान माल की सुरक्षा के लिए हेलीकॉप्टर का प्रबंध करने, पब्लिक ट्रांसपोर्ट बसों का संचालन, नागरिक चार्टर सेवाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने, सेक्टर में होने वाली कमर्शियल गतिविधियों के विरुद्ध कार्रवाई, सेक्टर की ग्रीन बेल्ट को प्राधिकरण द्वारा बिल्डरों को बेचने पर तुरंत रोक लगाने, नोएडा शहर में टूटी हुई सड़कों को तुरंत बनवाने, आवारा कुत्तों की समस्या और डॉग पॉलिसी को इंप्लीमेंट करवाने सहित अन्य समस्याओं पर चर्चा की।

उक्त सभी समस्याओं को सुनने के बाद वंदना त्रिपाठी ने सभी बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि उक्त सभी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर नोएडा प्राधिकरण द्वारा कराया जायेगा। फायर फाइटिंग और ग्रीज ट्रैप के मुद्दे पर एसीईओ ने बताया यह बेहद जरूरी कार्य है और जिनको तुरंत करवाए जाने के लिए मीटिंग की जाएगी और सभी बारात घरों में यह दोनों कार्य नोएडा प्राधिकरण की ओर से करवाए जाएंगे। सीवर ओवरफ्लो इस समय नोएडा की सबसे बड़ी समस्या में से एक है जिस पर तुरंत कार्यबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। पब्लिक ट्रांसपोर्ट के विषय पर बताया कि प्राधिकरण इस ओर कार्य कर रहा है। जल्द ही 300 बसे जिले में दौड़ने लगेगी। सिटिजन चार्टर की सेवाओं को अच्छे तरीके से लागू करवाने के लिए नोएडा प्राधिकरण और अधिक कार्य करेगा।

प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष एनपी सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव कुमार, उपाध्यक्ष अनिल खन्ना, अनिल सिंह, प्रमोद वर्मा, महिपाल सिंह, विजय रतूड़ी, अरविंद शर्मा, योगीराज सिंह सहित अन्य लोग शामिल रहें।

## गैस सिलेंडर की कमी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर 18 में गैस सिलेंडर की कमी से परेशान लोगों ने मुख्य सड़क जाम कर दी। सिलेंडर न मिलने से नाराज लोग गैस एजेंसी से खाली हाथ लौटे, जिसके बाद उन्होंने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाया।

प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि जिले में गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी हो रही है, जिससे आम जनता को सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं। उनका कहना है कि मिडिल ईस्ट के देशों में चल रहे युद्ध का असर अब भारत में भी दिख रहा है, जिससे गौतम बुद्ध नगर जिले में भी सिलेंडर की कमी महसूस की जा रही है।

स्ट्रीट फूड स्टॉल चलाने वाले लोगों ने बताया कि उन्हें कमर्शियल सिलेंडर नहीं मिल रहे हैं।

पहले जो कमर्शियल सिलेंडर 1500 रुपये में मिलता था, वह अब कालाबाजारी में 5000 रुपये तक में मिल रहा है। इस स्थिति के कारण उन्हें अपना काम बंद करने की नौबत आ गई है। गैस सिलेंडर की इस समस्या को देखते हुए, जिला आपूर्ति विभाग ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि घरेलू गैस सिलेंडर के नियमों में कुछ बदलाव किए गए हैं, जिसके तहत एक सिलेंडर बुक करने के 25 दिन बाद ही दूसरा सिलेंडर बुक किया जा सकेगा।

विभाग ने यह भी आश्वस्त किया है कि घरेलू गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता है और लोगों को घबराने या पैनिक होने की कोई आवश्यकता नहीं है।

## करोड़ों की संपत्ति पर कब्जाने के मामले में केस दर्ज का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** दुबई के कारोबारी ने करोड़ों की संपत्ति कब्जाने का आरोप लगाकर सेक्टर-20 थाने में कोर्ट के आदेश पर दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया। पीड़ित ने दोनों पर धमकी देने का भी आरोप लगाया है। सेक्टर-76 स्थित आम्रपाली सिलिकन सोसाइटी निवासी शाकिर हुसैन ने न्यायालय में प्रार्थनापत्र दिया कि वह दुबई में कारोबार करते हैं। उन्होंने सितंबर 2016 में बैंक द्वारा सेक्टर-18 में नीलाम की गई संपत्ति खरीदी थी। वह दिल्ली के रानीबाग निवासी नवीन सचदेवा से करीब 10 साल से परिचित हैं। उसको समय-समय पर रकम उधार भी देते हैं। नवीन ने दिल्ली के हरीनगर के भरत मेहता संग मिलकर वर्ष 2019 में नौ करोड़ 11 लाख रुपये में संपत्ति का सौदा किया था।

एग्रीमेंट टू सेल में तय हुआ कि इस रकम में से तीन करोड़ रुपये नवीन और शेष छह करोड़ 11 लाख रुपये भरत द्वारा दिए जाएंगे। आरोप है कि दोनों ने छह करोड़ रुपये देकर संपत्ति पर कब्जा ले लिया। उसके बाद शाकिर ने शेष रकम देने और बैनामा कराने के लिए कहा तो आरोपी टरकाते रहे। शिकायतकर्ता का कहना है कि आरोपियों ने उन्हें छह करोड़ रुपये वापस देकर संपत्ति लेने को बोला। शाकिर ने छह करोड़ रुपये का चेक भरत को दिया तो दोनों ने इस प्रस्ताव को भी रद्द कर दिया। अब आरोपी न तो बकाया रकम दे रहे हैं और न ही संपत्ति पर कब्जा दे रहे हैं। इस बारे में बात करने पर अभद्रता करते हैं और धमकी देते हैं। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस द्वारा सुनवाई न किए जाने पर कोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

## गैस की कालाबाजारी रोकने के लिए जांच अभियान शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** जिले में एलपीजी गैस के व्यावसायिक उपयोग, कालाबाजारी, अवैध रिफिलिंग एवं अन्य अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन सतर्क हो गया है। गुरुवार का एसडीएम/सिटी मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में बांट माप विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग और ऑयल कंपनियों के अधिकारियों की संयुक्त टीमों का गठन किया गया है। टीमों ने जिले में विभिन्न स्थानों पर जांच की। तहसील दादरी के अंतर्गत संचालित गैस एजेंसियों मैसर्स प्रधान मान सिंह भारत गैस, दादरी इंडेन सेवा, मैसर्स सचिन भारत गैस ग्रामीण वितरक चिटहेरा का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान इन सभी गैस एजेंसियों पर एलपीजी गैस सिलेंडर की पर्याप्त उपलब्धता पाई गई।



टीम ने दादरी स्थित पेट्रोल पंप सतीश चंद्र गोयल एंड कंपनी की भी जांच की। जांच के दौरान पाया गया कि पेट्रोल पंप पर पेट्रोलियम तथा विस्फोटक सुरक्षा संगठन की अनुमति केवल 31 दिसंबर 2025 तक ही वैध थी। साथ ही, यह भी पाया गया कि रिटेल आउटलेट द्वारा शासन के नो हेलमेट, नो फ्यूल निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा था। अनियमितता पाए जाने पर संबंधित ऑयल कंपनी के अधिकारी को पेट्रोल पंप के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया।

जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जिले में जांच अभियान जारी रहेगा।

## जिम्स के पास नाले में मिला पांच माह का भ्रूण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिम्स अस्पताल के बाहर नाले में बुधवार को एक पॉलीबैग में करीब पांच माह का मानव भ्रूण मिला है। कासना कोतवाली पुलिस ने भ्रूण को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। वहीं, मामले की जांच की जा रही है।

स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। लोगों का कहना है कि संभवतः किसी अविवाहित महिला ने सामाजिक बदनामी के डर से गर्भपात करवाकर भ्रूण को नाले में फेंक दिया होगा। हालांकि पुलिस ने अब तक इस तरह की किसी भी संभावना पर आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ करने के साथ ही इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है। कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र कुमार शुक्ल ने बताया कि भ्रूण के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है।

शाह टाइम्स
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
प्रवेश सिंह दतानियां
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email: parveshnoida@gmail.com
खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# एलपीजी गैस की कालाबाजारी पर प्रशासन सख्त

**■ जिला पूर्ति अधिकारी का निरीक्षण, शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** एलपीजी गैस की कालाबाजारी और ओवर रेटिंग पर रोक लगाने के लिए जिला पूर्ति अधिकारी मनीष कुमार सिंह ने शहर की विभिन्न गैस एजेंसियों का निरीक्षण किया। यह कार्रवाई प्रदेश के मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में की गई।

निरीक्षण के दौरान योगेश एंटरप्राइजेज राजेंद्र नगर, वीना इंडियन गैस सर्विस आईवीआरआई रोड, गोयल एंटरप्राइजेज हार्टमैन कॉलेज रोड तथा बरेली गैस सर्विस स्वाले नगर बरेली का निरीक्षण किया गया। जिला पूर्ति अधिकारी ने गैस एजेंसियों और गोदामों का निरीक्षण करते हुए वहां मौजूद गैस सिलेंडरों के स्टॉक का ऑनलाइन स्टॉक स्थिति से मिलान कर सत्यापन किया। जांच में स्टॉक सही पाया गया और मौके पर कोई अनियमितता नहीं मिली।



इस दौरान एजेंसी संचालकों और प्रबंधकों को निर्देश दिए गए कि उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर की बुकिंग प्राप्त होने पर शीघ्र रिफिल उनके घर तक पहुंचाई जाए। यदि किसी गैस एजेंसी के विरुद्ध ओवर रेटिंग संबंधी शिकायत प्राप्त होती है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

इसी क्रम में जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा जनपद की सभी गैस एजेंसियों के निरीक्षण के लिए विस्तृत आदेश जारी किए गए हैं। आदेश के अनुसार संबंधित उप जिलाधिकारी तथा क्षेत्रीय पुलिस अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में संचालित गैस एजेंसियों का समय-समय पर निरीक्षण करेंगे और अनियमितता पाए जाने पर आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

गैस उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए जिला पूर्ति कार्यालय की हेल्पलाइन संख्या 9456667774 जारी की गई है। उपभोक्ता गैस रिफिल से संबंधित किसी भी समस्या या शिकायत को इस नंबर पर दर्ज करा सकते हैं। साथ ही इंडियन ऑयल के वन ऐप के माध्यम से गैस बुकिंग के लिए भी जागरूक किया गया।

निरीक्षण के दौरान इंडियन ऑयल के हेड नितिन बिंदल, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी विवेक श्रीवास्तव, आपूर्ति लिपिक राजेश कुमार अधिकारी व आशीष कुमार मौजूद रहे।

# मोबाइल चार्ज करने के बहाने घर में घुसा युवक, महिला से की छेड़छाड़

**■ विरोध करने पर परिवार पर हमला, पति की दो उंगलियां टूटीं, सास घायल, चार पर मुकदमा**
**■ पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** थाना क्षेत्र के ग्राम जागनडांडी में मोबाइल चार्ज करने के बहाने घर में घुसे युवक ने महिला से छेड़छाड़ की। महिला के शोर मचाने पर आरोपी मौके से भाग गया।

बाद में विरोध करने पर आरोपी पक्ष के लोगों ने महिला के परिवार पर हमला कर दिया, जिसमें महिला के पति की दो उंगलियां टूट गईं, और सास का सिर फट गया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्राम जागनडांडी निवासी शिवानी पत्नी खूबकरन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती रात करीब आठ बजे उनका पड़ोसी धर्मवीर पुत्र देवराज मोबाइल चार्ज करने के बहाने उनके घर में आया। आरोप है कि घर में अकेला पाकर धर्मवीर ने छेड़छाड़ की नीयत से उनका हाथ पकड़ लिया। महिला के शोर मचाने पर आरोपी वहां से भाग गया।

कुछ देर बाद जब महिला के परिजन घर पहुंचे और उन्होंने इस बात का विरोध किया तो आरोपी पक्ष के धर्मवीर, केशव पुत्र देवराज, लक्ष्मी पुत्री देवराज और सुमन पत्नी देवराज ने मिलकर महिला, उसके पति और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मारपीट कर दी।

मारपीट में महिला के पति के हाथ की दो उंगलियां टूट गईं, जबकि सास के सिर में गंभीर चोट आई हैं। दोनों का मेडिकल कराया गया है। महिला को भी चोटें आईं, लेकिन हल्की होने के कारण उसने अपना मेडिकल नहीं कराया।

पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# ज्योति कलश यात्रा का पुष्पवर्षा से किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** शांतिकुंज हरिद्वार गायत्री परिवार बरेली की ओर से निकाली जा रही ज्योति कलश यात्रा का गुरुवार को मीरगंज नगर क्षेत्र में भव्य स्वागत किया गया। गायत्री परिवार की बहनों ने शंखध्वनि और पुष्पवर्षा के साथ यात्रा का अभिनंदन किया। नगर क्षेत्र में कई स्थानों पर स्थानीय लोगों ने भी यात्रा का स्वागत करते हुए पुष्पवर्षा की।

कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ कार्यकर्त्री प्रेम कांति गंगवार ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर शांतिकुंज हरिद्वार से आए टोली नायक संतोष देवांगन ने माता जी की जन्मशताब्दी, अखंड दीपक के शताब्दी वर्ष तथा पूज्य गुरुदेव की साधना के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी कार्यकर्ताओं को दी। उन्होंने कहा कि माता जी का ममत्व और उनका जीवन प्रेरणादायी है, जिसे समाज में आगे बढ़ाने की आवश्यकता है।कार्यक्रम में गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता रामनिवास शर्मा, बृजराज सिंह राघव, विद्या विनोद दीक्षित, केपी सिंह, लीलाधर शर्मा, कमला रानी, राजकुमारी तथा डॉ. दीपमाला शर्मा का मंच पर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन कन्वैक्स दिनेश पांडे ने किया। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता सच्ची श्रद्धा और निष्ठा के साथ क्षेत्र में संगठन के कार्यों को आगे बढ़ाएं। अंत में उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के जिला समन्वयक राजीव जौहरी, शिवेंद्र भदौरिया, अनुज गंगवार, गरिमा गंगवार, संदीप चौधरी, डॉ. नंदकिशोर,संतोष शर्मा,सुनीता सिंह, उर्मिला सिंह सहित त अन्य कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में सक्रिय सहयोग दिया।



# चंडीगढ़ जाते समय ट्रेन से गिरकर ठेकेदार की मौत, सहारनपुर में मिला शव

**■ चंडीगढ़ जाते समय ट्रेन से गिरकर ठेकेदार की मौत, सहारनपुर में मिला शव**
**■ मीरगंज के ठेकेदार की ट्रेन यात्रा बनी आखिरी सफर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** शाही थाना क्षेत्र के गांव सेवाज्वालपुर निवासी एक युवक की सहारनपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक का शव रेलवे ट्रैक के पास मिलने से परिजनों में शोक और क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। जीआरपी और स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान 29 वर्षीय गंगाचरण पुत्र प्यारेलाल के रूप में हुई है, जो ठेकेदारी का काम करता था। बताया जाता है कि वह हाईवे पर बैरियर और सिग्नल लाइट लगाने व उनकी मरम्मत का कार्य करता था।

मंगलवार को गंगाचरण सेवाज्वालपुर से चंडीगढ़ जाने के लिए घर से निकला था और रात करीब साढ़े आठ बजे ट्रेन से रवाना हुआ था। ट्रेन में बैठने के बाद उसने परिजनों को फोन कर अपने चलने की जानकारी भी दी थी।इसके बाद परिजनों का उससे संपर्क नहीं हो सका।

बुधवार को जब परिजनों ने उसका फोन मिलाया तो वह बंद मिला। बाद में एक व्यक्ति ने फोन उठाकर बताया कि युवक सहारनपुर के पास ट्रेन से गिर गया है, जिससे उसकी मौत हो गई।सूचना मिलने के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार के लोग तत्काल सहारनपुर के लिए रवाना हो गए। जीआरपी और स्थानीय पुलिस ने सहारनपुर के काली मां मंदिर के पास रेलवे ट्रैक से करीब तीन किलोमीटर आगे युवक का शव बरामद कर पंचनामा भरकर मोर्चरी भेज दिया।

परिजनों के अनुसार शव पर गंभीर चोट के निशान थे और सिर में गहरी चोट लगी हुई थी। मृतक चार भाई-बहनों में तीसरे नंबर का था। उसका विवाह करीब चार वर्ष पहले हुआ था और उसकी एक वर्ष की बेटी है। पति की मौत की खबर मिलते ही पत्नी गायत्री का रो-रोकर बुरा हाल है।परिजनों ने बताया कि युवक के पास मौजूद मोबाइल फोन और नगदी भी गायब है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# पेपर देने गई नाबालिग छात्रा लापता

**■ परिजनों ने युवक पर बहला-फुसलाकर ले जाने का लगाया आरोप, रिपोर्ट दर्ज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** तहसील क्षेत्र के एक गांव की महिला ने अपनी नाबालिग बेटी के लापता होने पर एक युवक के खिलाफ बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए थाना बहेड़ी में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 10 मार्च को उसकी नाबालिग बेटी गांव बिलैया स्थित एक इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की परीक्षा देने गई थी। परीक्षा समाप्त होने के बाद वह घर वापस नहीं लौटी। काफी देर तक इंतजार करने के बाद परिजनों ने उसकी आसपास के क्षेत्रों में काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका।

महिला का आरोप है कि हमीरपुर निवासी शिवकुमार, थाना सीबीगंज, उसकी बेटी को प्रेम प्रसंग के चलते बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है।

पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी शिवकुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर पवन कुमार सिंह ने बताया कि नाबालिग किशोरी और आरोपी युवक की तलाश के लिए पुलिस टीम को लगाया गया है। जल्द ही दोनों को बरामद कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# दो बार पीएमओ में शिकायत के बाद अब एनएचएआई आया हरकत में

**■ राधा कृष्ण मंदिर कट पर अंडरपास प्रस्ताव मंजूर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** छात्र असद अंसारी ने पीएमओ कार्यालय में जानलेवा राधा कृष्ण मंदिर कट बंद किए जाने को लेकर शिकायत की थी अब प्रकरण का समाधान होता दिख रहा है

राष्ट्रीय राजमार्ग 530 पर स्थित राधा कृष्ण मंदिर कट को लेकर की गई शिकायत पर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने जवाब देते हुए बताया है कि उक्त स्थान पर सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भविष्य में अंडरपास का निर्माण कराया जाएगा। इस प्रकरण में छात्र असद अंसारी ने प्रधानमंत्री कार्यालय में राधा कृष्ण मंदिर कट को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में कहा गया था कि हाईवे पर स्थित यह कट लगातार दुर्घटनाओं का कारण बन रहा है और यहां सुरक्षित आवागमन के लिए स्थायी समाधान की आवश्यकता है। इससे पहले असद अंसारी ने थाना क्षेत्र के दो हाईवे कटों को लेकर प्रधानमंत्री कार्यालय में शिकायत की थी। उस शिकायत के बाद एनएचएआई ने कार्रवाई करते हुए एएनए वाले कट को बंद कर दिया था, जबकि राधा कृष्ण मंदिर कट पर केवल चेतावनी बोर्ड और अन्य संकेतक लगाकर छोड़ दिया गया था। राधा कृष्ण मंदिर कट पर स्थायी समाधान न होने से असंतुष्ट होकर छात्र असद अंसारी ने इस मामले की दोबारा प्रधानमंत्री कार्यालय में शिकायत की। इसके बाद एनएचएआई के पीआईयू मुरादाबाद कार्यालय की ओर से 6 मार्च 2026 को भेजे गए जवाब में बताया गया कि यह कट चार लेन राजमार्ग के निर्माण के दौरान रियायतग्राही कंपनी द्वारा विकसित किया गया अधिकृत कट है। फिलहाल सुरक्षा के लिए वहां रंबल स्ट्रिप्स, सोलर ब्लिंकर और चेतावनी संकेतक लगाए जा चुके हैं। प्राधिकरण के अनुसार स्थल की गंभीरता को देखते हुए यहां अंडरपास बनाने का प्रस्ताव भेजा गया था, जिसे सक्षम प्राधिकारी द्वारा मंजूरी दे दी गई है। अब इस कार्य के लिए निविदा प्रक्रिया पूरी की जाएगी, जिसके बाद राधा कृष्ण मंदिर कट पर अंडरपास का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।



# पिल्ले को बचाने सुरंग में घुसा मासूम कड़ी मशक्कत के दो घंटे बाद निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** गुरुवार को पालतू कुत्ते के पिल्ले को बचाने के प्रयास में चार वर्षीय मासूम खाली पड़े गन्ने के कोल्हू की सुरंग में फंस गया। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद जेसीबी की मदद से बच्चे को सकुशल बाहर निकाला जा सका।



क्षेत्र के गांव बरखन के बिपिन (4) पुत्र संतोष अपने पिता के साथ पीलीभीत बरेली बाईपास पर गरगईया निवासी शाकिर के कोल्हू पर कार्य करता है। गुरुवार की दोपहर एक पिल्ला कोल्हू के पास बनी संकरी सुरंग में घुस गया, जिसे निकालने के लिए बिपिन भी अंदर चला गया और फंस गया। सूचना पर स्थानीय लोगों ने काफी प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। बाद में बाईपास निर्माण कार्य से जेसीबी मंगाकर खुदाई की गई और करीब दो घंटे बाद बच्चे को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने भी बचाव कार्य में सहयोग किया। बच्चे के सुरक्षित निकलने पर परिजनों के साथ ही लोगों ने राहत की सांस ली।

# बीआरसी चुरई दलपतपुर में कार्यक्रम आयोजित

**■ विधायक ने निपुण छात्रों को किया सम्मानित**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** चुरई दलपतपुर स्थित बीआरसी परिसर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक डॉ. डी.सी. वर्मा ने किया। कार्यक्रम में शिक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। खंड शिक्षा अधिकारी अवनीश कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया।



विज्ञान एआरपी अरविंद गंगवार ने कहा कि बच्चे का सर्वांगीण विकास उसके परिवार से ही प्रारंभ होता है। सामाजिक एआरपी राजेश कुमार ने बताया कि छात्रों को खेल-खेल में शिक्षा देने के लिए आईआईटी गांधीनगर द्वारा तैयार किए गए वंडर बॉक्स के माध्यम से नई-नई गतिविधियों से सीखने का अवसर मिल रहा है। नोडल शिक्षक अमित कुमार ने कहा कि बालक का विकास मुख्य रूप से तीन से छह वर्ष की आयु तक अधिकतम हो जाता है, इसलिए इस उम्र में शिक्षा और संस्कार पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है।

इस अवसर पर विधायक डॉ. डी. सी. वर्मा ने निपुण बालकों और नोडल संकुल शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया तथा संविलियत विद्यालय चुरई दलपतपुर के बच्चों को नगद पुरस्कार भी प्रदान किए। कार्यक्रम में संजीव कुमार,अमित कुमार, रामबेटी, एआरपी पूनम गंगवार, सचिन मुरारी शर्मा, सर्वेश गंगवार, रमेश मौर्य, आकाश सक्सेना, अरविंद गंगवार, तेज बहादुर, सतेंद्र कुमार, तेजपाल, संतोष गंगवार सहित कई शिक्षक व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# प्रतियोगिता में चमका लावाखेड़ा तालिब हुसैन विद्यालय



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** 36वीं राज्य स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता डॉ० भीमराव अम्बेडकर अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम डाभासेमर अयोध्या में कंपोजिट विद्यालय लवाखेड़ा तालिब हुसैन के बच्चों ने एक बार फिर परचम लहराया।

9 मार्च से 11 मार्च तक अयोध्या में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत टेबल टेनिस की प्रतियोगिता में कंपोजिट विद्यालय लवाखेड़ा तालिब हुसैन की छात्रा चमेली (कक्षा 8) ने बालिका वर्ग तथा छात्र अरुण (कक्षा 8) ने बालक वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

अरुण ने बरेली में आयोजित 69वीं प्रदेश स्तरीय खेलकूद माध्यमिक स्तर टेबल टेनिस प्रतियोगिता में भी द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अर्पण कुमार आर्य (सहायक अध्यापक) तथा अनिल कुमार खेल अनुदेशक) के मार्गदर्शन में बच्चों ने जोरदार तैयारी की एवं शिक्षकों ने उत्साह के साथ अपने तन मन धन से समर्पित होकर मेहनत से बच्चों को तराशने का कार्य किया जिसके फलस्वरूप बच्चों ने इतने बड़े स्तर की प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका दोनों वर्गों ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर ब्लाक, जनपद, मण्डल का नाम रोशन किया। मालूम हो इसी विद्यालय के चार छात्रों का राष्ट्रीय आय एवं योगिता आधारित छात्र वृत्ति परीक्षा के तहत चयन किया गया है जिन्हें कक्षा 12 तक प्रति वर्ष 12000 रुपए मिलेंगे। इनमें प्रियांशी, नेहा, मीनू और अतुल शामिल हैं।

**कार्यालय ग्राम पंचायत अर्सियाबोझ विकासखण्ड दमखोदा (बरेली)**

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत अर्सियाबोझ विकासखण्ड दमखोदा (बरेली) वित्तीय वर्ष 2025-26 में मनरेगा योजना की धनराशि से ग्राम पंचायत में सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य कराये जाने के लिए सामग्री क्रय हेतु प्रथम श्रेणी की ईंट, रेता, बजरी, बजरफुट, सीमेंट, ईंट की रोढ़ी, पन्नी मिट्टी, बोर्ड आदि के लिए सीलबन्द निविदाएं टेंडर प्रकाशन की तिथि से दिनांक-16.03.2026 को समय 12:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर आमंत्रित की जाती हैं, जो दिनांक-16.03.2026 को समय दोपहर 3:00 बजे ग्राम पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में खोली जाएंगी। निविदा से संबंधित सभी शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय पर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती हैं। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र०सं० | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 01. | नफीस अहमद के घर से बसीम के घर तक सीसी रोड व नाली निर्माण | 7.90 लाख |

**नरगिस** (प्रधान) **सुनील माथुर** (सचिव)

## एक नजर

### घरेलू क्लेश में महिला ने खाया जहरीला पदार्थ, इलाज के दौरान मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** क्षेत्र के गांव सल्था में घरेलू विवाद से आहत होकर एक महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां से गंभीर स्थिति देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

गांव सल्था निवासी 45 वर्षीय कलावती पत्नी धर्मपाल ने बुधवार को कथित रूप से जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों के अनुसार परिवार में घरेलू क्लेश के चलते महिला ने यह कदम उठा लिया। महिला की हालत बिगड़ने पर उसे सीएचसी मीरगंज ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।जिला अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर जिला अस्पताल में पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा तो परिवार में कोहराम मच गया।बताया जाता है कि मृतका के छह बच्चे हैं, जिनमें एक बेटा अविवाहित है। महिला की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** राजेंद्र प्रसाद डिग्री कॉलेज, मीरगंज में प्राचार्य प्रो. एसके सिंह के निर्देशन में महाविद्यालय के रोवर एवं रेंजर्स विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण के साथ हुई। इसके बाद रोवर एवं रेंजर्स इकाई के स्वयंसेवकों ने स्वच्छता और सड़क सुरक्षा पर आधारित नुक्कड़ नाटक, भाषण, कविता पाठ तथा विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों की प्रभावशाली प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला प्रशिक्षण आयुक्त पुष्कांत शर्मा ने स्वयंसेवकों को रोवर एवं रेंजर्स की नियमावली, सामाजिक दायित्वों और इसके महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने युवाओं को समाज सेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। वहीं विशिष्ट अतिथि प्रो. विजय बहादुर बिष्ट ने स्वयंसेवकों को राष्ट्र निर्माण, अनुशासन और निस्वार्थ सेवा की भावना के साथ कार्य करने का संदेश दिया।कार्यक्रम का संचालन रेंजर्स इकाई की लीडर डॉ. ममता रंजन ने किया, जबकि रोवर इकाई के लीडर डॉ. शिव प्रताप सिंह ने शिविर के आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराया।इस अवसर पर महाविद्यालय की डॉ. रेखा रानी बंसल, डॉ. पारुल जैन, डॉ. नीलम राठौर, डॉ. आनंद कुमार, डॉ. विजय कुमार, डॉ. संदीप तिवारी, डॉ. मोहम्मद फैज, वीरेंद्र शर्मा, डॉ. आलोक त्रिपाठी, डॉ. सचिन कुमार गिरि और डॉ. दीपांकर राव सहित अनेक प्राध्यापक उपस्थित रहे।

### शिक्षक संघ की समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** क.वि. खिरका में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, जनपद बरेली की ब्लॉक फतेहगंज (प.) इकाई की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शिव स्वरूप शर्मा ने की।



बैठक में तहसील अध्यक्ष हेमेंद्र गंगवार ने संगठन की रणनीति पर प्रकाश डाला। आईटी सेल के जिला प्रभारी शशि भूषण कश्यप ने सोशल मीडिया, विशेषकर ट्विटर के माध्यम से अपनी बात प्रभावी ढंग से रखने के बारे में जानकारी दी। ब्लॉक अध्यक्ष एवं जिला उपाध्यक्ष हरीश बाबू गंगवार ने बताया कि 4 अप्रैल को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली महारैली में अधिक से अधिक शिक्षक-शिक्षिकाएं भाग लेंगी, इसके लिए संगठन बसों की व्यवस्था करेगा। कार्यक्रम का संचालन जिला मीडिया प्रभारी संजय कुमार शर्मा ने किया। बैठक में गुलरेज जैदी, जितेंद्र पाल सिंह, अमित सिंह, हेमंत गंगवार, समर पाल गंगवार, मो. रईस, राजेंद्र पाली, राहिद खान, चंद्र पाल सहित कई शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

### हमारा आंगन-हमारे बच्चे कार्यक्रम में किए वीएसए ने किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** बरेली में आयोजित किए गए कार्यक्रम में क्षेत्र के कई शिक्षकों के साथ ही बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सम्मानित किया।



रोटरी क्लब साउथ द्वारा जनपद स्तरीय यह कार्यक्रम बरेली के बीकानेर होटल में आयोजित किय गए, हमारा आंगन हमारे बच्चे, उत्सव कार्यक्रम में क्षेत्र के गांव औरंगाबाद के संकुल शिक्षक पुष्पराज सिंह घाटमपुर प्राथमिक विद्यालय की शिक्षा मित्र सुखलेश कुमारी, त्यारजागीर के शिक्षक कुंवर सेन, बाल विकास विभाग की सुपरवायजर मानसी रानी, कृषि अनुसंधान की ममता, आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री लाली को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर विनीता कुमारी ने स्मृति चिन्ह और प्रशंसा पता देकर सम्मानित किया।

### नदी में डूबने से युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** एक युवक की नदी में डूबने से मौत हो गई। परिजनों को इसकी खबर मिली तो वह दौड़े-दौड़े नदी पर पहुंचे और उसका शव पानी से बाहर निकाल कर घर लाए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। लेकिन परिजनों ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। जिसपर पुलिस ने पंचनामा भर शव को परिजनों के हवाले कर दिया।

नवाबगंज क्षेत्र के गांव सिजोलिया के मरहूम बाबू का पुत्र सईद अहमद (30) मानसिक रूप से कमजोर था और अक्सर गांव व आसपास के रास्तों पर टहलता रहता था, और उसे दौरे पड़ते थे। बुधवार शाम वह टहलते-टहलते गांव के पास बहने वाली सिंघईया नदी की ओर चला गया। इसी दौरान वह नदी में डूब गया। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। ग्रामीणों से पूछताछ करने पर पता चला कि उसे नदी की ओर जाते हुए देखा गया था। इस पर परिजन नदी किनारे पहुंचे, जहां उन्हें पानी में उसका शव दिखाई दिया। परिजन नदी से शव को निकालकर घर ले आए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच-पड़ताल की। लेकिन परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। इसके बाद पुलिस ने पंचनामा भरकर शव परिजनों को सौंप दिया। उसकी मौत के बाद उसके परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### दहेज हत्या के आरोपी पति और सास को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के गांव बड़ा गांव में एक दिन पहले एक विवाहिता का फंदे से लटका शव मिला था। इस मामले में विवाहिता के पिता द्वारा दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए पति सहित कई लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।



क्षेत्र के गांव पंडरा के ओमकार पुत्र श्याम लाल ने अपनी पुत्री सर्वेश कुमारी की शादी दो साल पूर्व क्षेत्र के गांव बड़ा गांव के अनिल के साथ की थी। आरोप था कि दहेज में पांच लाख की मांग को लेकर उसे आए दिन प्रताड़ित किया जाता था। आरोप है कि एक दिन पहले विवाहिता को मारकर लटका दिया गया था। इस मामले की रिपोर्ट मृतका के पिता की ओर से दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने दहेजहत्या के आरोपी पति अनिल और मृतका की सास ललिता देवी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस नामजद दूसरे आरोपियों की तलाश में जुटी है।

## एक नजर

### उत्कृष्ट कार्य के लिए बीएलओ शाहिद सम्मानित



**धामपुर।** निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण–2026 के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों को सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम वीरा कॉलेज में आयोजित हुआ। जिसमें जनपद के अनेक अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नवदीप रिणवा (मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ.प्र.) ने निर्वाचन कार्य में सराहनीय योगदान देने वाले कार्मिकों को प्रशस्ति–पत्र प्रदान किए। इसी क्रम में प्राथमिक विद्यालय हाजीपुर, ब्लॉक बुढ़नपुर के सहायक अध्यापक शाहिद हसन को बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) के रूप में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण–2026 के दौरान स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं समयब) ढंग से कार्य संपन्न कराने के लिए प्रशस्ति–पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर डीएम जसजीत कौर, एसडीएम धामपुर, चांदपुर व नगीना, एडीएम वान्या सिंह तथा बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में अधिकारियों ने निर्वाचन कार्य में लगे कार्मिकों की मेहनत और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। साथ ही सभी से भविष्य में भी इसी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का आह्वान किया गया।

### शिविर में नशा मुक्ति कार्यक्रम



**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिंदू डिग्री कालेज की रासेयो छात्र एवं छात्रा इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डा. उदिता राजपूत एवं मौहम्मद आरिफ द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम स्वयंसेवकों एवं स्वंयसेविकाओं द्वारा कालेज परिसर तथा चयनित क्षेत्र में सफाई का कार्य किया गया। उसके पश्चात नशा मुक्ति अभियान से संबंधित विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें फरहीन जहां, अल्फिया इमरान, हिमानी, समीर अहमद, तरुण श्रीवास्तव और शिवा आदि ने अपने विचार प्रस्तुत किए। समाजशास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रो. मौहम्मद सलीम ने कहा कि नशा केवल एक व्यक्तिगत बुराई नहीं, बल्कि एक सामाजिक अभिशाप है जो इंसान के शरीर, मन और सम्मान को दीमक की तरह चाट जाता है। एक नशा–मुक्त व्यक्ति ही एक स्वस्थ परिवार और सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। शिविर के द्वितीय सत्र में शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रो. अशोक कुमार ने संबोधित करते हुए प्रेरणादायक व्याख्यान दिया। उन्होंने इस बात पर विशेष बल दिया कि देश के युवाओं को व्यसन और नशे की प्रवृत्तियों से दूर रहकर अपने बौद्धिक विकास और कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं की प्रगति में ही देश की निरंतर उन्नति निहित है। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर साधना ने समस्त विद्यार्थियों को नशा मुक्त भारत की शपथ दिलाते हुए इस दिशा में समर्पित रहने का संकल्प कराया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डा. राजकुमार तथा पूजा राजपूत का विशेष योगदान एवं महाविद्यालय के वरिष्ठ कार्यालय लिपिक राजेश श्रीवास्तव का भी विशेष सहयोग रहा।


### ई–रिक्शा का किराया बढ़ाने पर आपत्ति

**नजीबाबाद।** साहनपुर में ई–रिक्शा यूनियन ने बिना प्रशासन की अनुमति के रिक्शा का किराया दस रुपए प्रति सवारी से बढ़ाकर 15 रुपए प्रति सवारी कर दिया। जिस पर क्षेत्र के लोगों ने आपत्ति जताते हुए पुराना किराया जारी रखने की मांग की। साहनपुर क्षेत्र में हाल ही में बनी ई–रिक्शा यूनियन पर क्षेत्र के लोगों ने मनमानी का आरोप लगाते हुए रिक्शा का किराया दस रुपए से बढ़ाकर 15 रुपए करने को गलत बताया। उन्होंने कहा कि किराया बढ़ाने का फैसला बिना प्रशासन की अनुमति के लिया गया है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि आसपास के अन्य स्थानों पर अभी भी रिक्शा चालक दस रुपए प्रति सवारी ही किराया ले रहे हैं, ऐसे में केवल साहनपुर में अचानक किराया बढ़ा देना जनता के लिए परेशानी का कारण बन गया है। इस तरह के फैसले का सबसे ज्यादा असर गरीब, मजदूर, छात्र व रोजाना आने–जाने वाले लोगों की जेबों पर पड़ रहा है। अगर हर जगह यूनियन अपनी मर्जी से किराया तय करने लगेगी तो यह आम जनता के साथ अन्याय होगा। क्षेत्र के लोगों ने जनहित में प्रशासन से इस मामले का संज्ञान लेकर बिना अनुमति बढ़ाए गए किराए की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की।

### गायत्री शक्तिपीठ पर शगुन का सम्मान

**नजीबाबाद।** गायत्री शक्तिपीठ के ट्रस्टी एवं गायत्री परिजन मुकुल गुप्ता (शिक्षक) के होनहार शिष्य शगुन कौशल आदर्श नगर नजीबाबाद के आईएएस बनने पर गायत्री शक्तिपीठ नजीबाबाद में भव्य दीपयज्ञ के दिव्य वातावरण में सम्मान समारोह आयोजित हुआ। जिसमें न्यायमूर्ति रामअवतार सिंह, शक्तिपीठ अध्यक्ष कमल शर्मा, सचिव जितेन्द्र सिंह, ट्रस्टी हरीश शर्मा, श्रीमती कामेश शर्मा, जिला सह समन्वयक इन्द्रदेव शर्मा, वरिष्ठ गायत्री परिजन पंडित सामेश्वर दत्त शर्मा, नरेश सैनी, श्रीमती रानी माहेश्वरी, श्रीमती सुमन वर्मा उपस्थित रही। शगुन कौशल ने सपरिवार प्रखर प्रज्ञा, सजल–श्रृद्धा, गायत्री मात्रा के समक्ष माथा टेककर दीपयज्ञ में भागेदारी की। पं. श्रीराम शर्मा आचार्य को गुरु रूप में वरण कर आजीवन गायत्री परिवार के प्रति समर्पित रहने का संकल्प लिया।

### एसडीएम ने किया राफ्टिंग का उद्घाटन



**कालागढ़।** रामगंगा नदी में एसडीएम धामपुर ने फीता काटकर राफ्टिंग का उद्घाटन किया। इससे पूर्व राफ्टिंग डायरेक्टर ने एसडीएम स्मृति मिश्रा गुलदस्ता देकर स्वागत किया। इस अवसर उन्होंने बताया कि ज्ञान नंदनी अंतर्राष्ट्रीय डायरेक्टर एवं सुभाष तोमर ने पिछले वर्षो की तरह इस वर्ष भी राफ्टिंग की शुरुआत की है। इस दौरान अन्य अधिकारी मौजूद रहे। नागरिकों ने भी एसडीएम का स्वागत किया। स्वागत करने वाले फय्याज अंसारी, रहीस अहमद, इदरीश अहमद, महबूब अहमद, विनोद धारियावाल, नौशाद अहमद, सुनील कुमार, अजमल खान, इरशाद अहमद आदि मौजूद रहे।

# किसानों की जमीन का सस्ते दामों पर सौदा

## प्रस्तावित एक्सप्रेस वे माफियाओं के लिए अरबों की कमाई का जरिया

**विशाल पाल**



**मंडावर।** सरकार द्वारा गोरखपुर एवं गंगा एक्सप्रेस वे जनपद से होकर गुजारने की घोषणा के बाद शातिर भूमाफिया भी सक्रिय हो गए हैं। भूमाफियाओं ने किसानों की जमीनों को सस्ते दामों में खरीदने और हाइवे में जाने वाली जमीनों का मोटा मुआवजा मारने की योजना को अमली जामा पहनना शुरू कर दिया है। जिससे किसानों और सरकार को भारी नुकसान उठाने का अनुमान है। जबकि भूमाफियाओं की मोटी कमाई होने का अनुमान है।

गौरतलब है कि सरकार द्वारा गंगा एक्सप्रेस वे गोरखपुर एक्सप्रेस वे जनपद के तमाम गांवों से निकालने की घोषणा की गई है। जिसके बाद मंडावर इलाके में भूमाफिया की गतिविधियां बढ़ गई हैं। सूत्रों के मुताबिक यह शातिर माफिया व कथित नेता लखनऊ जा कर गोरखपुर एक्सप्रेस वे और गंगा एक्सप्रेस वे का नक्शा हासिल कर लाए हैं और किसानों से उनकी जमीनें कम दामों पर खरीद कर सरकारी मुआवजे से अरबों रुपए कमाने की फिराक में हैं। गंगा एक्सप्रेसवे, जो गोरखपुर मेरठ से प्रयागराज तक 594 किलोमीटर लंबा है। हाल ही में घोषित मेरठ से हरिद्वार तक की कनेक्टिंग एक्सप्रेसवे लिंक ने बिजनौर जैसे जनपदों में जमीन की कीमतें बढ़ा दी है।

लेकिन इसी का फायदा उठाकर भूमाफिया सक्रिय हो गए हैं। किसानों की जमीन सस्ते दामों पर खरीदना शुरु कर दी है। बाद में जब सरकार अधिग्रहण करती है, तो ये माफिया कई गुना मुआवजा लेकर मुनाफा कमा लेगें हैं।

भूमाफिया प्रस्तावित हाइवे को लेकर किसानों और सरकार को नुकसान पहुंचाने की भूमिका के लिए सक्रिय हो गए हैं। अब देखना ये हैं कि भूमाफियाओं को सरकार किस तरह से रोकती हैं और किसानों के छीनने वाले हक को किस तरह किसानों के लिए महफूज करती हैं।

## पुलिस की तत्परता से गिरा हुआ डेढ़ लाख रुपये का बैग मालिक को मिला वापस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** धामपुर पुलिस की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई के चलते रास्ते में गिरा करीब 1.30 लाख रुपये से भरा बैग बरामद कर उसके मालिक को सकुशल वापस करा दिया गया। पुलिस की इस कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

जानकारी के अनुसार 11 मार्च 2026 को करीब दोपहर 1:30 बजे मौहम्मद अनस पुत्र मौहम्मद इश्तियाक निवासी मौहल्ला तैयब सराय कस्बा शेरकोट अपनी बाइक से घर जा रहे थे। इसी दौरान जैतरा फाटक के पास उनकी बाइक से रुपये से भरा बैग सड़क पर गिर गया। बैग में करीब 1 लाख 30 हजार रुपये रखे हुए थे।

कुछ देर बाद मौहम्मद अनस को बैग गिरने की जानकारी हुई, जिसके बाद वह तत्काल थाना धामपुर की चौकी पर पहुंचे और पूरी घटना की



सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी।

सीसीटीवी फुटेज की जांच के दौरान एक व्यक्ति बैग उठाकर ले जाते हुए दिखाई दिया। पुलिस ने उस व्यक्ति की पहचान कर उसे पूछताछ के लिए बुलाया। पूछताछ में उसने अपना नाम शौकीन बताया और बताया कि उसे सड़क पर पड़ा बैग मिला था।

पुलिस ने उसके पास से बैग बरामद किया, जिसमें मौजूद 1,30,000 रुपये सुरक्षित मिले। इसके बाद थाना धामपुर पुलिस द्वारा वैधानिक प्रक्रिया पूरी करते हुए बरामद रुपये मौहम्मद अनस को सुपुर्द कर दिए गए।

रुपये वापस मिलने पर मौहम्मद अनस ने धामपुर पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना की। वहीं स्थानीय लोगों ने भी पुलिस की इस कार्यशैली को सराहनीय बताया।

## धामपुर में गैस की मार! सिर पर सिलेंडर ढोते दिखे उपभोक्ता, वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर में इन दिनों गैस सिलेंडर की किल्लत से उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पिछले लगभग एक सप्ताह से नगर स्थित गैस एजेंसी पर सिलेंडरों की डिलीवरी की व्यवस्था बिगड़ गई है, जिसके चलते उपभोक्ताओं में रोष देखा जा रहा है।

जानकारी के अनुसार गैस सिलेंडर लेने के लिए रोजाना बड़ी संख्या में लोग एजेंसी पर पहुंच रहे हैं, लेकिन घंटों इंतजार करने के बाद भी कई उपभोक्ताओं को खाली हाथ वापस लौटना पड़ रहा है। इसी बीच गुरुवार को नगीना चौक क्षेत्र में एक युवक अपने सिर पर गैस सिलेंडर रखकर ले जाता हुआ दिखाई दिया।

बताया जा रहा है कि किसी व्यक्ति ने इस घटना का फोटो और वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जो अब तेजी से लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। वीडियो सामने आने के बाद लोगों ने गैस वितरण व्यवस्था पर सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं।

स्थानीय उपभोक्ताओं का कहना है कि पिछले कई दिनों से गैस सिलेंडर की डिलीवरी समय पर नहीं हो रही है, जिसके कारण उन्हें काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। कई परिवारों के सिलेंडर खाली हो चुके हैं और उन्हें खाना



बनाने में भी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

उपभोक्ताओं ने संबंधित विभाग और गैस एजेंसी से जल्द से जल्द गैस की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि लोगों को इस समस्या से राहत मिले।

### प्रेम प्रसंग में महिला ने खाया विषाक्त पदार्थ

**धामपुर।** ग्राम भटपुरा (अफजलगढ़) निवासी आरती की शादी संजीव निवासी ग्राम मनकुआ (अफजलगढ़) के साथ हुई थी। बताया जा रहा है कि बीती रात करीब साढ़े नौ बजे आरती धामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मद्धि निवासी प्रियांश पुत्र दिनेश कुमार के घर पहुंची। इसी दौरान आरती ने अचानक विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और महिला को सीएचसी धामपुर में भर्ती कराया। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि आरती और प्रियांश के बीच पहले से प्रेम प्रसंग चल रहा था। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद महिला की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। पुलिस ने मामले की सूचना महिला के परिजनों को दे दी है और पूरे घटनाक्रम की जांच शुरू कर दी गई है। फिलहाल क्षेत्र में शांति व्यवस्था सामान्य बनी हुई है।

# असहयोगी रवैया बरतने पर डीएम का सख्त रुख

## सरकारी योजनाओं में असहयोगी बैंकर्स को जिले में नहीं रहने दिया जाएगा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने निर्देश दिए कि राष्ट्रीयकृत स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक एवं निजी बैंकों सहित जिन बैंक शाखाओं द्वारा अब तक मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को ऋण स्वीकृत नहीं किया गया है, उन शाखा प्रबंधकों के नाम उपलब्ध कराएं और उनके विरुद्ध शासन एवं संबंधित बैंक के उच्च अधिकारियों को उनके विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए लिखें। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि शासकीय योजनाओं में असहयोगी रवैया और हठधर्मिता करने वाले किसी भी बैंकर्स को जिले में नहीं रहने दिया जाएगा।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित डीएलआरसी एवं डीसीसी की त्रैमासिक बैठक में बैंक नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि डीएलआरसी की बैठक में स्वयं उपस्थित हो, यदि किसी कारणवश प्रतिभाग करना संभव न हो तो नामित अधिकारी को पूरी सूचनाओं के साथ बैठक में प्रतिभाग करने के लिए भेजें, ताकि बैठक में निर्धारित बिंदुओं पर विचार विमर्श किया जा सके। समीक्षा के दौरान प्राथमिकता क्षेत्र में एसीपी अंतर्गत 2025–26 के वार्षिक लक्ष्य के सापेक्ष माह दिसम्बर, 2025 राष्ट्रीयकृत बैंक यूको बैंक तथा इण्डियन बैंक द्वारा 40 प्रतिशत से कम तथा निजी क्षेत्र के बैंकों में नैनीताल बैंक द्वारा मात्र 3 प्रतिशत, यस बैंक द्वारा 4 प्रतिशत तथा



आईडीबीआई द्वारा 11 प्रतिशत उपलब्धि पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि यथासंभव निर्धारित लक्ष्य पूरा करना सुनिश्चित करें। ऋण जमा अनुपात की समीक्षा करते हुए उन्होंने 40% से कम लक्ष्य प्राप्त करने वाले बैंकर्स को निर्देशित किया कि राष्ट्रीय लक्ष्य के सापेक्ष सीडी रेश्यो पूरा करने के निर्देश संबंधित बैंकर्स को दिए।

उन्होंने कहा कि उनके द्वारा डीएलआरसी की प्रत्येक बैठक में उनके द्वारा सीएम युवा उद्यमी विकास योजना के अंतर्गत बेरोजगार युवाओं को उक्त योजना से लाभान्वित करने के निरन्तर निर्देश दिए गए, परन्तु कुछ बैंकों द्वारा अभी तक एक भी युवा को उक्त योजना से आच्छादित नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि बैंकर्स का यह कृत्य अत्यंत आपत्तिजनक और अशोभनीय है। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि महत्वपूर्ण रोजगारपरक शासकीय योजनाओं में मनमानी करने वाले बैंकर्स को जिले में रहने नहीं दिया जाएगा।

उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की समीक्षा करते हुए पाया कि वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए जिले में 1750 के लक्ष्य के सापेक्ष वर्तमान तक 2563 आवेदन बैंकों को प्रेषित किए गए, इनमें से 1026 स्वीकृत आवेदनों में से 1008 पर ऋण वितरण किया जा चुका है, 597 आवेदन स्वीकृति के लिए तथा 110 आवेदन ऋण वितरण के लिए लंबित हैं, जबकि 1220 आवेदन निरस्त किए गए हैं। योजना अंतर्गत 1001 ऋण खातों में रुपए 429.36 लाख मार्जिन मनी के रूप में क्लेम भी किए गए। सकल कृषि अग्रिम योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय लक्ष्य 18% के सापेक्ष 47%, कुल प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम योजना के 40% राष्ट्रीय लक्ष्य के सापेक्ष 69%, महिलाओं को 5 प्रतिशत लक्ष्य के सापेक्ष 23%, अल्पसंख्यकों 15% के लक्ष्य के सापेक्ष 20% ऋण उपलब्ध कराया गया है।

उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि बैंकर्स सरकार द्वारा संचालित योजनाओं में ऋण देने में लापरवाही न बरतें। उन्होंने कहा कि सरकार गरीबों के स्वरोजगार के लिए जो योजनाएं चला रही हैं उसमें बैंकों की भागीदारी भी महत्वपूर्ण है, इसलिए बैंकर्स सरकारी योजनाओं के ऋणों की फाइलों को पूरी गुणवत्ता के आधार पर स्वीकृत कर लाभार्थियों को ऋण उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने समीक्षा करते हुए पाया कि वार्षिक ऋण योजना के अंतर्गत माह जून, 2025 तक प्रथमिकता क्षेत्र में वार्षिक लक्ष्य 10010.59 करोड़ के सापेक्ष 2850.65 करोड़ की उपलब्धि प्राप्त हुई, जो कि वार्षिक लक्ष्य का 28.47 प्रतिशत है। व्यवसायिक बैंकों ने 23.52 प्रतिशत, ग्रामीण बैंकों ने 22.29 तथा सहकारी बैंकों ने लक्ष्य के सापेक्ष 70.19 की उपलब्धि प्राप्त की।

बैठक में उन्होंने राष्ट्रीय शहरी एवं ग्रामीण आजीविका, जिला उद्योग केंद्र की योजनाएं, पीएम विश्वकर्मा योजना, अटल पेंशन योजना, ओ.डी.ओ.पी., मुख्यमंत्री फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना सहित सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं में उपलब्धि की समीक्षा करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये कि बैंकर्स गरीबों के कल्याणार्थ योजनाओं पर विशेष रूप से ध्यान केन्द्रित करें और उनके स्वरोजगार जो प्रकरण लम्बित है, उनका पूरी गुणवत्ता के आधार पर शत प्रतिशत रूप से निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक अखिल कुमार सिंह, खादी ग्रामोद्योग, डीडीएम नाबार्ड सहित समस्त बैंकर्स एवं संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

## एक नजर

### डीएलएड में विद्यार्थियों ने लहराया परचम



**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज ऑफ एजुकेशन के विद्यार्थियों ने एक बार फिर सफलता के नए आयाम स्थापित किए हैं। डीएलएड बैच 2023 के तृतीय सेमेस्टर का परीक्षाफल उत्साहवर्धक रहा। डीएलएड विभाग की विभाग अध्यक्ष डा. दीपशिखा अग्रवाल ने बताया कि डीएलएड तृतीय सेमेस्टर की छात्रा चयनिका पुत्री फूल सिंह सैनी ने 91.37 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम, विशाल कुमार चहल पुत्र खलेंद्र सिंह ने 89.37 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय तथा मेघा चौधरी पुत्री त्रिवेंद्र सिंह ने 89.25 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार इन सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता है। कॉलेज के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कॉलेज प्राचार्या डा. सीमा शर्मा तथा विभाग के प्रवक्ता एमएस अंसारी, सुनील कुमार, अंशिका राव ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### नर कंकाल मिलने से सनसनी



**नांगल सोती।** ग्राम मायापुरी और चमरौला के बीच दनियापुर मौजा में मुनेश देवी अपने खेत में गन्ने की छिलाई कर रही थी। तभी उसे खेत के पास घास में नर कंकाल पड़ा दिखाई दिया। जिसकी सूचना उसने ग्रामीणों को दी। सूचना पर सैकड़ों ग्रामीणों मौके पर पहुंच गए। ग्रामीण घनश्याम सिंह ने सूचना नांगल पुलिस को दी। नांगल थाना प्रभारी अमर सिंह राठौर मौके पर पहुंचे तथा सूचना उच्चाधिकारियों को दी। सीओ नजीबाबाद नितेश प्रताप सिंह और फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच गई। मौके से पुलिस ने नरमुंड और कुछ हड्डियां कब्जे में ली, और मोर्चरी भेज दिया। वहीं फॉरेंसिक टीम सैंपल इकट्ठा किए। एसपी अभिषेक झा ने भी घटना की जानकारी ली। सीओ नितेश प्रताप ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद ही पता चलेगा कि कंकाल कितने दिन पुराना है। पहचान सुनिश्चित करने के लिए डीएनए सुरक्षित रखा जाएगा। आसपास के क्षेत्र में छानबीन की जा रही है, सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

### कार की टक्कर से बिजली के खंभे टूटे





**नांगल सोती।** बीती रात एक अनियंत्रित कार नांगल–चंदक मार्ग पर सौफतपुर बिजली घर के सामने बिजली के उच्च क्षमता के खम्भों से टकरा गई, जिससे बिजली के कई खंभे टूट गए। हादसे के वक्त बिजली चल रही थी, खंभे टूट जाने कई गांवों की बिजली कई घंटे तक बाधित रही। सूचना पर पुलिस और बिजली कर्मी मौके पर पहुंच गए। जिसके बाद पुलिस कार सवार युवकों को अपने साथ थाने ले आई, वही बिजली कर्मियों ने रात में ही लकड़ी की बल्ली लगाकर बिजली सुचारू की।

### बीएससी नर्सिंग में उपासना प्रथम



**बिजनौर।** कृष्णा स्कूल ऑफ नर्सिंग के विद्यार्थियों ने हाल ही में घोषित सेमेस्टर परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम रोशन किया है। इस वर्ष बीएससी नर्सिंग छठे सेमेस्टर का परिणाम शत–प्रतिशत रहा। जिससे संस्थान में खुशी का माहौल है। छठे सेमेस्टर के परिणामों में उपासना राजपूत ने 447 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अरुणा ने 431 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा रोहित कुमार ने 426 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। संस्थान के प्रबंधन एवं शिक्षकों ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। इस मौके पर कॉलेज संस्थापक राजीव कुमार, कॉलेज प्रबंधक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार तथा प्राचार्या डा. सफिया खानम ने सभी विद्यार्थियों बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### कॅरियर कम स्ट्रीम सेलेक्शन काउंसलिंग




**चांदपुर।** फादरसन पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए करियर कम स्ट्रीम सलेक्शन काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सत्र का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनकी रुचि, क्षमता और भविष्य की संभावनाओं के अनुसार सही विषय (स्ट्रीम) चुनने के लिए मार्गदर्शन देना था। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को विज्ञान, वाणिज्य और कला जैसी विभिन्न स्ट्रीमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही यह भी बताया गया कि किस स्ट्रीम से आगे चलकर कौन–कौन से करियर विकल्प उपलब्ध होते हैं और विद्यार्थी अपने लक्ष्य को किस प्रकार प्राप्त कर सकते हैं। काउंसलिंग सत्र में छात्रों को यह समझाया गया कि सही करियर का चुनाव करने के लिए अपनी रुचि, मेहनत और लक्ष्य को ध्यान में रखना बहुत आवश्यक है। विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
सलमान अलीमुद्दीन
युवा समाजसेवी
ग्राम मानियावाला
ब्लॉक-अफजलगढ़



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
आकिब यूनुस एड.
युवा भाजपा नेता
बिजनौर



मुकद्दस रमजान की बधाई
मूल निवासी भीम सिंह
जिला प्रभारी पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक।
विधान सभा 22 बिजनौर से संभावित प्रत्याशी।
भगवती केयर सेंटर विदुर कुटी रोड शक्ति पेट्रोल पम्प के सामने सोमिया मार्केट, बिजनौर।
Mob-9389945824, 8868001224



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मकसूद अहमद अंसारी
(ठेकेदार)
संभावित प्रत्याशी
प्रधान पद
राजा का ताजपुर




























# गैस सिलेंडर को लेकर जिलेभर में हाहाकार

## बछरायूं में सिलेंडर लेने के लिए गैस एजेंसी पर सुबह चार बजे से लगी लम्बी-लम्बी कतारें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बछरायूं।** पशिचम एशिया में ईरान और

**■ उपभोक्ताओं में नोकझोंक, भीड़ से अफरा तफरी का माहौल**

**■ बोलीं डीएम- जिले में गैस की कमी नहीं, अफवाहों से बचें**

इजरायल के बीच जारी तनाव के बीच गैस आपूर्ति को लेकर लोगों में चिंता बढ़ती नजर आ रही है। इसी के चलते बछरायूं स्थित इंडियन गैस एजेंसी पर गुरुवार सुबह तड़के से ही उपभोक्ताओं की लंबी कतारें लग गईं। कई लोग सुबह करीब चार बजे से ही सिलेंडर लेने के लिए लाइन में खड़े नजर आए।

गैस एजेंसी पर अचानक बढ़ी भीड़ के कारण अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। लंबी कतारों में खड़े उपभोक्ताओं के बीच कई





बार नोकझोंक की स्थिति भी देखने को मिली। लोगों का कहना है कि पहले एक फोन कॉल पर गैस सिलेंडर घर तक पहुंच जाता था, लेकिन अब सिलेंडर लेने के लिए एजेंसी के बाहर घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। उधर, जिला प्रशासन ने गैस की कमी की बात से इनकार किया है। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि जिले में एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता है और लोगों को घबराने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और गैस एजेंसी पर अनावश्यक भीड़ न लगाएं। डीएम ने बताया कि उपभोक्ता गैस बुकिंग कराकर नियमानुसार घर पर ही सिलेंडर की डिलीवरी प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि गैस सिलेंडर की कालाबाजारी या जमाखोरी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। शिकायत मिलने पर जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



### नौगांवा में उपभोक्ताओं की लगी लम्बी लम्बी लाइनें

# गैस सिलेंडर लेने को मची मारा-मारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात।** रसोई गैस की किल्लत की अफवाहों से उपभोक्ता परेशान हैं। गैस सिलेंडर लेने को कई गैस एजेंसियों पर उपभोक्ताओं की लम्बी लम्बी कतारे लगी हैं। सिलेंडर लेने को घंटो लोगों को इंतेजार करना पड़ा।

बताते चलें कि ईरान, इजराईल, अमेरिका के बीच छिड़ी जंग से देश में रसोई गैस की किल्लत की अफवाहों का बाजार गर्म है। सरकार व प्रशासन लगातार उपभोक्ताओं से अफवाहों पर ध्यान न देने की बात कह रहा है। परन्तु लोग सरकार के दावों को मानने के लिए तैयार नहीं हैं। पिछले दो दिनों से जिलेभर में गैस एजेंसियों पर सिलेंडर लेने वाले उपभोक्ताओं की मारामारी मची है। दिन निकलते ही लोग सिलेंडर लेने को निकल जाते हैं। एजेंसियों पर सिलेंडर लेने को उपभोक्ताओं की लम्बी लम्बी कतारे लगी हैं। कस्बे में आज अमरोहा रोड पर सुबह से ही गैस सिलेंडर लेने वाले उपभोक्ताओं की भीड़ जमा हो गयी थी। गैस सिलेंडर लेने को लोगों को घंटो लाइन में लगना पड़ा। तब कहीं जाकर उन्हें गैस सिलेंडर मिला। जबकि दर्जनों उपभोक्ता बिना सिलेंडर लिये ही अपने घर वापस लौटे। डीएम श्रीमति निधि गुप्ता वत्स ने बीते दिन मीडिया को जारी बयान में दावा किया था कि जिले में पैट्रोलियम पदार्थो पर रसोई गैस की कोई कमी नहीं है। उन्होंने उपभोक्ताओं को अफवाहों से दूर रहने की सलाह दी थी।

# किसान को पीटने में चार को एक-एक साल की सजा

## कोर्ट ने दो-दो हजार का जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** किसान के साथ मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के मामले में कोर्ट ने चार आरोपियों को दोषी करार देते एक-एक साल की जेल और दो-दो हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

मामला हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव फूलपुर का है। यहां किसान रघुवीर सिंह का परिवार रहता है। 28 नवंबर 2016 को उनके द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के मुताबिक गांव के ही धर्मा, जगदीश, टीकम सिंह और जगदीश के बेटे लो. कपाल ने उनके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में आरा.ेप पत्र दाखिल कर दिया। मुकदमा तभी से कोर्ट में विचाराधीन था। सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीजे) चतुर्थ की कोर्ट में चल रही थी। बुधवार को मामले में अंतिम सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पत्रावली का गहनता से अवलो. कन किया। साक्ष्यों के आधार पर धर्मा, जगदीश, टीकम सिंह और लोकपाल को दोषी करार दिया। चारों को एक-एक साल जेल की सजा सुनाई तथा प्दो-दो हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

# हसनपुर में उपभोक्ताओं ने किया हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** अमेरिका इजराइल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध की आंच अब देश में भी महसूस की जा रही है।

गुरुवार को इंडेन गैस एजेंसी पर एलपीजी गैस उपभोक्ताओं ने जमकर हंगामा किया। शहर में सिलेंडर को लेकर किल्लत की स्थिति बन गई है। गजरौला में गैस एजेंसी के बाहर सुबह से ही ग्राहकों की लंबी लाइनें लग गईं। लोग अपने खाली सिलेंडर लेकर घंटों इंतजार करते दिखाई दिये। इसी दौरान कुछ ग्राहकों और एजेंसी कर्मचारियों के बीच तीखी नोकझोंक भी हो गई। हालांकि सरकार की ओर से गैस की कमी से इनकार किया जा रहा है। लेकिन स्थानीय स्तर पर आपूर्ति बाधित होने से लोगों में बेचौनी बढ़ गई है। वर्तमान में रमजान का महीना चल रहा है और नवरात्रि भी नजदीक हैं। ऐसे में गैस की मांग बढ़ गई



है। हसनपुर में भी गैस की कमी को लेकर लोगों ने हंगामा किया। भारतीय किसान यूनियन बीआर अंबेडकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दिग्विजय सि भाटी एजेंसी गोदाम पर पहुंच गये। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उपभोक्ताओं को समय पर गैस नहीं मिली तो संगठन धरना-प्रदर्शन करेगा।

# गजरौला में पुलिस की मौजूदगी में गैस का वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर की गैस एजेंसियों पर गुरूवार को सुबह से ही उपभौक्ता गैस सिलेंडर लेकर पहुंच गए। जिन लोगों ने गैस बुकिंग करा रखी थी, उन्हें सिलेंडर दिए गए। गजरौला गैस सर्विस के गोदाम पर पुलिस की मौजूदगी में गैस वितरित की गई क्योंकि यहां पर भीड़ ज्यादा थी। यहां पर दो दिन से सिलेंडर नहीं आए थे।

बता दें कि गजरौला में तीन गैस एजेंसियां सक्रिय हैं। बीते दिन बुधवार को दो एजेंसियों से गैस वितरित की गई थी, तीसरी एजेंसी गजरौला गैस सर्विस के पास



सिलेंडर की आपूर्ति दो दिन से नहीं आई थी। गुरूवार की सुबह काजला भारत गैस व अनिल भारत गैस के साथ साथ गजरौला गैस सर्विस पर

**■ तीनों गैस एजेसियों पर बंटी गैस**

भी गैस वितरित की गई। गजरौला गैस सर्विस पर उपभोक्ताओं की भीड़ ज्यादा थी। लोग तड़के से ही यहां पर सिलेंडर लेकर पहुंच गए थे। यहां पर पुलिस की मौजूदगी में सिलेंडर वितरित किए गए। गैस एजेंसियों के संचालकों का कहना है कि गैस भरपूर मात्रा में है, जबकि उपभोक्ताओं का आरोप है कि गैस मिलने में समस्या उत्पन्न हो रही है। कई कई घंटे खड़े रहने के बाद गैस मिल रही है। इसी कारण दिन भर गैस एजेंसियों पर भीड़ लगी रही।

# सर्वर ठप होने पर एजेंसी स्वामी से नोकझोंक

## मंगलम फ्लेम्स गैस एजेंसी का मामला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शहर की मंगलम गैस एजेंसी पर गुरुवार को गैस बुकिंग कराने पहुंचे उपभोक्ताओं और एजेंसी स्वामी के बीच नोकझोंक हो गई। दो दिनों से सर्वर ठप होने के कारण गैस बुकिंग का कार्य रुक गया, जिससे उपभोक्ताओं को काफी देर तक इंतजार करना पड़ा और नाराजगी जताते हुए हंगामा कर दिया।

गुरुवार को सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग गैस सिलेंडर की बुि. कंग कराने के लिए स्टेशन रोड स्थित मंगलम गैस एजेंसी पहुंचने लगे। काफी देर तक बुकिंग न होने पर उपभोक्ताओं ने एजेंसी कर्मियों से जानकारी ली। इस दौरान एजेंसी स्वामी सिद्धार्थ जैन ने बताया कि सर्वर में तकनीकी खराबी के कारण गैस बुकिंग की प्रक्रिया प्रभावित हो गई है। सर्वर न चलने की बात सुनकर कुछ उपभोक्ता नाराज हो गए और एजेंसी पर ही बहस करने लगे। देखते ही देखते वहां हंगामे जैसी स्थिति बन गई। बाद में एजेंसी स्वामी ने उपभोक्ताओं को समझाते हुए कहा कि सर्वर ठीक होते ही गैस बुकिंग का कार्य फिर से शुरू कर दिया जाएगा। काफी देर समझाने के बाद मामला शांत हुआ और उपभोक्ता वापस लौट गए। हालांकि लोगों का कहना था कि तकनीकी समस्याओं के कारण उन्हें बार-बार परेशानी उठानी पड़ती है।

# किसानों की समस्याओं का समाधान हो

## भाकियू टिकैत की तहसील में पंचायत, कृषि मेले में पहुंचने की अपील

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मंडी धनौरा।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की पंचायत गुरुवार को तहसील परिसर में चौधरी कविंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुई। पंचायत का संचालन बॉबी चाहल ने किया।

पंचायत में किसानों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। अधिकारियों ने समस्याओं के समाधान के लिए एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। जिला अध्यक्ष डॉ. चंद्रपाल सिंह ने कहा कि प्रशासन के आश्वासन पर विश्वास है और किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान होगा। उन्होंने कहा कि जिले में गैस और तेल की कोई कमी नहीं है। यदि कहीं कालाबाजारी की सूचना मिले तो इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से की जाए। साथ ही उन्होंने बताया कि किसानों की समस्याओं और कृषि संबंधी जानकारी के लिए 21, 22 और 23 मार्च को सिसौली में तीन दिवसीय कृषि मेले का आयोजन होगा, जिसमें वैज्ञानिक भी मौजूद रहेंगे। किसानों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की गई। इस दौरान जिले में बिजली की किल्लत और



घरेलू बिजली बिलों में गड़बड़ी का मुद्दा भी उठाया गया। किसानों ने समय रहते बिजलीघरों की देखभाल करने और बिल संबंधी समस्याओं का समाधान कराने की मांग की। पंचायत में तहसील अध्यक्ष देशराज सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष सुभाष चीमा, फुलवास सिंह, कांति प्रसाद शर्मा, मन्नू गुर्जर, जित. ेंद्र सिंह, रेनू चौधरी, चेतन प्रधान, नरोत्तम यादव, राजेंद्र सिंह, अरमान, वीर सिंह, राजपाल सिंह, निरंजन सिंह, ओमवीर सिंह, आसाराम सैनी, जगबीर सिंह, जयपाल सिंह गुर्जर, योगेश शर्मा, महावीर सिंह, ओमपाल सिंह, जमील अहमद और राशिद अली सहित कई किसान मौजूद रहे।

# गाय के लात मारने पर स्वामी को पीटा

## कोठी खिदमतपुर के साप्ताहिक बाजार का मामला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** गाय ने व्यापारी को लात मारी दी। जिसके बाद व्यापारी ने गाय को पीटना शुरू कर दिया। जिसे लेकर व्यापारी व ठेकेदार में जमकर मारपीट हुई। इस दौरान यहां जमकर लाठी डंडे चले तथा कई लोग घायल हो गये।

गौरतलब है कि हर गुरुवार को कोठी खिदमतपुर में पशु और सब्जी बाजार लगता है। दोपहर में बाजार में भीड़ थी, इसी दौरान एक व्यापारी की गाय ने ठेकेदार को लात मार दी। नाराज ठेकेदार ने गाय को पीटना शुरू कर दिया। विरोध करने पर गाय के मालिक व्यापारी नदीम से उसकी कहासुनी हो गई। आरोप है कि गुस्से में ठेकेदार ने नदीम को डंडों से पीट दिया। इसके बाद दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए और बाजार में जमकर लाठी-डंडे चलने लगे। मारपीट में कई लोग घायल हो गए, बाजार में भगदड़ मच गई। घटना में मुरादाबाद के अगवानपुर से आए व्यापारी नदीम और यासीन के गंभीर घायल हो गए। सीओ अवधभान भदौरिया ने बताया कि मामले में घायलों के मेडिकल करा दिए गए हैं। तहरीर के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# मधुमक्खी पालन के 170 डिब्बे चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** मधुमक्खी पालन करने वाले एक कारोबारी के 170 डिब्बे चोरी हो गए। सुबह जब वह पालन स्थल पर गया तो उसे घटना की जानकारी हुई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**■ पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके शुरू की जांच पड़ताल**

जानकारी के अनुसार जिला अलीगढ़ के थाना खैर के गांव शिवाला निवासी पूरन सिंह पुत्र हरि सिंह का सलेमपुर गौसाई थाना क्षेत्र में घोड़े वाले मंदिर के पास मधुमक्खी का कारोबार है। यहां पर पूरन सिंह के 170 डिब्बे थे। 01 मार्च की रात को यहां से डिब्बे चोरी हो गए। अगली सुबह जब पूरन सिंह पालन स्थल पर गया तो उसे डिब्बे चोरी होने की जानकारी मिली। उसने पुलिस को घटना की तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने घटना का मुकदमा दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। रिपोर्ट में कारोबारी ने दो व्यक्तियों पर डिब्बे चोरी करने का संदेह भी व्यक्त किया है।

# भारतीय क्रिकेट के अगले 12 महीने बेहद व्यस्त



● आगामी 12 महीनों में भारत आयरलैंड, श्रीलंका व जिम्बाब्वे में मैच के अलावा एशियन गेम्स, इंग्लैंड, अमेरिका, बांग्लादेश, जापान और घरेलू मुकाबले खेलेगा

**मुम्बई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम का अगले 12 महीनों का कार्यक्रम बेहद व्यस्त रहेगा, जिसमें आयरलैंड, श्रीलंका और जिम्बाब्वे में मैच के इसके अलावा, एशिन गेम्स, इंग्लैंड, अमेरिका, बांग्लादेश, जापान और घरेलू मुकाबले भी शामिल हैं। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली टीम जुलाई-अगस्त में श्रीलंका में तीन टी-20 मैच खेल सकती है, इसके अलावा आगामी कार्यक्रम में पहले दो टेस्ट मैच शामिल हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) की प्रतिक्रिया पर विचार कर रहा है कि श्रीलंका में बाढ़ राहत के लिए फंड जुटाने के लिए तीन टी-20 मैच का कार्यक्रम है। टी-20 मैच और दो टेस्ट मैचों से पहले होने की संभावना है।

श्रीलंका टूर से पहले भारत एक से 19 जुलाई के बीच तीन एकदिवसीय और पांच टी-20 मैच के लिए इंग्लैंड जाएगा और रास्ते में आयरलैंड में थोड़ा रुक सकता है। डबलिन में तीन मैचों की सीरीज को लेकर बातचीत चल रही है। एक सूत्र ने कहा कि बातचीत चल रही है। और भरोसा जताया कि सीरीज हो जाएगी। बीसीसीआई ने पहले भी सीआई को (2018, 2022 और 2023 में) डबलिन में छोटी सीरीज के लिए सहयोग किया है। अगर बात. चीत कामयाब होती है, तो गेम जून के आखिरी हफ्ते में, इंग्लैंड टूर से पहले और अफगानिस्तान के खिलाफ घरेलू सीरीज के बाद निर्धारित किए जा सकते हैं, जो दह से 20 जून के बीच एक टेस्ट और तीन एकदिवसीय खेलने वाले हैं। श्रीलंका सीरीज के बाद बीसीसीआई को शेड्यूलिंग में दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

सितम्बर में सयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज होनी है, जो इंडियन क्रिकेट के लिए पहले से ही एक व्यस्त महीना है। बांग्लादेश के छह सफेद गेंद मैच - तीन एकदिवसीय और तीन टी-20 के लिए दौरे की भी घोषणा की गई है। यह सीरीज, दोनों देशों के बीच हाल के डिप्लोमैटिक तनाव को देखते हुए भारत सरकार से मंजूरी मिलने पर ही होगी। इस बीच, तीन मैचों की टी-20 सीरीज के लिए जिम्बाब्वे के एक छोटे दौरे की भी बात हो रही है। हालांकि अभी तक कुछ भी स्पष्ट नहीं हुआ है, लेकिन यह दौरा सितम्बर में हो सकता है, लगभग उसी समय जब वेस्ट इंडीज तीन एकदिवसीय और पांच टी-20 के लिए भारत का दौरा करने वाला है। वेस्टइंडीज के खिलाफ आठ मैचों की सीरीज के अक्टूबर तक चलने की उम्मीद है। इसी बीच 2026 एशियन गेम्स भी हैं, जो 19 सितम्बर से चार अक्टूबर तक जापान के नागोया में होने हैं। गेम्स में क्रिकेट प्रतियोगिता टी-20 प्रारूप में खेली जाएगी और भारतीय डिफेंडिग गोल्ड मेडलिस्ट है। पुरुष मैच 25 सितम्बर से तीन अक्टूबर तक चलेंगे, जिससे टी-20 स्क्वॉड के जापान में खेलने की संभावना बढ़ गई है।

## आईसीसी ने भ्रष्टाचार के आरोप में जेवन व दो अधिकारियों को किया निलंबित

● बिम 10 लीग के संबंध में एंटी-करप्शन कोड के तहत आरोप लगाए गए हैं

**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्लयूआई) ने भ्रष्टाचार और मैच फिक्सिग के आरोप में जेवन सियरल्स और टीम के दो अधिकारियों इटंस टीम के मालिक चित्रंजन राठौड़ और ट्रेवन ग्रिफिथ को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

आईसीसी और क्रिकेट वेस्टइंडीज ने जेवन सियरल्स और टीम के दो अधिकारियों पर 2023-24 सीजन के दौरान बारबाडोस में हुई बिम10 लीग के संबंध में एंटी-करप्शन कोड के तहत आरोप लगाए गए हैं। आईसीसी ने सियरल्स और दोनों अधिकारियों को जवाब देने के लिए 14 दिनों का समय दिया है। आईसीसी ने कहा कि राठौड़ पर सीडब्लयूआई कोड के तहत तीन आरोप हैं, जबकि सियरल्स पर इसी कोड के तहत चार अपराधों के आरोप हैं।

ग्रिफिथ पर सीडब्ल्यूआई कोड के तहत चार और आईसीसी कोड के तहत एक आरोप है। इनमें आर्टिकल 2-1-1 के तहत मैच फिक्सिंग का प्रयास, 2-1-4 के तहत खिलाड़ियों को उकसाना, 2-4-4 के तहत जांच में असहयोग और 2-4-2 के तहत भ्रष्ट अप्रोच की जानकारी न देना शामिल है।

ग्रिफिथ पर आईसीसी आर्टिकल 2-4-7 के तहत जांच में बाधा और सबूत छिपाने का आरोप है।

### संक्षिप्त खेला समाचार

## BCCI ने अभ्यास सत्र के नए दिशा निर्देश जारी किए

**मुम्बई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इंडियन प्रीमियर लीग में अभ्यास सत्र के लिए नये दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा है कि कोई भी टीम उस पिच पर अभ्यास नहीं कर सकती जिसका इस्तेमाल दूसरी टीम ने अपने नेट सत्र के दौरान किया हो। बीसीसीआई की ओर से फ्रेंचाइजी के साथ साझा की गई प्रैक्टिस-सेशन गाइडलाइंस के अनुसार, अगर एक टीम दूसरी के बाद प्रैक्टिस करती है, तो नए नेट तैयार करने होंगे। पांच पेज की गाइडलाइंस में कहा गया है, ष्हर टीम को उनके तय प्रैक्टिस सेशन के लिए नए नेट दिए जाने चाहिए। अगर एक साथ प्रैक्टिस सेशन होते हैं या जब एक टीम दूसरी के बाद प्रैक्टिस करती है।

## क्रिकेट के मैदान पर चैलेंज लेना पसंद है : जसप्रीत बुमराह

**नई दिल्ली, वार्ता।** टी-20 विश्वकप जीताने में अहम भूमिका निभाने वाले भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कहा है कि उन्हें हमेशा चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारियां लेना पसंद रहा है और यही वजह है कि उन्होंने क्रिकेट को चुना। उन्होंने कहा कि टीम के लिए कुछ अलग करना उन्हें बहुत खुशी देता है और 'इससे बेहतर कोई एहसास नहीं है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से साझा किये गये एक वीडियों में बुमराह ने कहा कि मैं कभी पीछे नहीं छिपना चाहता, मैं चीजो के बीच रहना चाहता हूं। मैं हमेशा एक मुश्किल काम करना चाहता था। मैंने क्रिकेट उसी के लिए खेला, मैंने क्रिकेट उसी के लिए शुरू किया। जब मैं कुछ अलग कर पाता हूं, तो मुझे बहुत खुशी होती है, इससे बेहतर कोई एहसास नहीं हो सकता। मैंने अपना क्रिकेट अहमदाबाद शुरू किया, मैंने अपना सारा क्रिकेट यहीं खेला।

# थॉमस ने 13 विकेट लेकर टीम को जिताया

● थॉमस ओ कॉनर ऑकलैंड के खिलाफ ओटागो के लिए पहली पारी में सात विकेट व दूसरी पारी में 27 रन देकर छह विकेट लिए

**ओवल, वार्ता।** बाएं हाथ के तेज गेंदबाज थॉमस ओ' कॉनर ने गुरुवार को खत्म हुए चार दिन के प्लुनकेट शिलेड टूर्नामेंट के छठे चरण में ब्रेट रैंडेल के पांच गेंद में पांच विकेट के बाद दूसरा शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 13 विकेट झटक कर अपनी टीम ओटागो को जीत दिलाई।

थॉमस ने ऑकलैंड के खिलाफ ओटागो के लिए पहली पारी में 58 रन देकर सात विकेट लेने के बाद दूसरी पारी में 27 रन देकर छह विकेट लिए और अपनी टीम को ईडन पार्क आउटर ओवल में तीन दिन के अंदर अहम जीत दिलाई। थॉमस पूर्व ब्लैक कैप शायन ओ' कॉनर के 21 साल के बेटे हैं, जिन्होंने 1998-99 में 122 रन देकर 12 विकेट लिए थे। थॉमस के पहली पारी में 58 रन देकर 7 विकेट लेना, प्लंकेट शील्ड में ओटागो के लिए सबसे अच्छा प्रदर्शन है। इससे पहले नील वैगनर ने 2011-12 में डुनेडिन में वेलिंगटन के खिलाफ 46 रन देकर सात विकेट लिए थे। थॉमस का मैच एनालिसिस 1989-90 के बाद ओटागो के लिए सबसे अच्छा है और प्लंकेट शील्ड में टीम के लिए कुल मिलाकर सातवां सबसे अच्छा प्रदर्शन है।



इस दौरान, थॉमस ने परिवार का इतिहास फिर से लिखा और 1998-99 में शाइन के करियर के सबसे अच्छे प्रथम श्रेणी आंकड़ों, 122 रन देकर 12 विकेट को पीछे छोड़ दिया। थॉमस एक नए खिलाड़ी हैं। उनका एक्शन और इनस्विग कराने की काबिलियत, खासकर, शाइन से काफी मिलती-जुलती है। उन हूपिग इनस्विगर में से एक ने पहली इनिग में ऑकलैंड के नंबर तीन हरीश कन्नन को आउट कर दिया था। थॉमस ने दाएं हाथ के बल्लेबाज के खिलाफ भी इनस्विगर का इस्तेमाल किया।

# भारतीय महिला टीम का ध्यान खिताब जीतने पर

● भारतीय टीम पूल बी में तीन मैचों में सात पॉइंट्स और स्कॉटलैंड पर बेहतर गोल डिफ्ऊरेंस के साथ शीर्ष पर है

**हैदराबाद, वार्ता।** एफआई एच हॉकी महिला विश्वकप 2026 के लिए क्वालिफाई कर चुकी भारतीय टीम घरेलू दर्शकों के सामने इटली के खिलाफ शुक्रवार को सेमीफाइनल में जीत दर्ज कर टूर्नामेंट के खिताब की ओर कदम बढ़ाने उतरेगी। भारतीय टीम पूल बी में तीन मैचों में सात पॉइंट्स और स्कॉटलैंड पर बेहतर गोल डिफरेंस के साथ शीर्ष पर है।

मेजबान टीम ने पूल स्टेज में दो जीत और एक ड्रॉ दर्ज किया। भारत ने अपने अभियान की शुरुआत उरुग्वे के खिलाफ 4-0 की जबरदस्त जीत के साथ की। अपने दूसरे मैच में, उन्होंने स्कॉटलैंड के खिलाफ 2-2 से करीबी मुकाबला ड्रॉ खेला और फिर वेल्स पर 4-1 की आसान जीत के साथ ग्रुप स्टेज खत्म किया।

पूल स्टेज में शानदार प्रदर्शन के साथ, भारत ने टूर्नामेंट के नियम के तहत एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप 2026 के लिए अपना क्वालिफिकेशन पक्का कर लिया, जिसके तहत दो क्वालिफाइंग इवेंट्स में चौथे नंबर पर रहने वाली दुनिया की सबसे ऊंची रैंक वाली टीम को वर्ल्ड कप में जगह मिलती है।

क्वालिफायर्स का सैंटियागो लेग पहले खत्म हो गया था, जहां चिली, ऑस्ट्रेलिया और आयरलैंड ने तीन डायरेक्ट क्वालिफिकेशन स्पॉट हासिल किए थे। जापान सैंटियागो में चौथे नंबर पर रहा और अभी दुनिया में 15वें नंबर पर है। दुनिया भर नौवें नंबर की टीम मेजबान भारत ने कम से कम यह पक्का कर लिया है कि वे दोनों टूर्नामेंट्स में सबसे ऊंची रैंक वाली चौथी टीम के तौर पर खत्म करेंगे, जिससे विश्व कप के लिए उनका टिकट पक्का हो गया है।



अब उसका मकसद अपनी लय बनाए रखते हुए फाइनल में जगह बनाने पर होगा। फाइनल में भारत का मुकाबला इटली से होगा। इटली पूल ए में चार अंक के साथ दूसरे नंबर पर रहा है, जिसने एक जीत, एक ड्रॉ और एक हार दर्ज की है, जिससे मेजबान टीम को सेमीफाइनल से पहले थोड़ी साइकोलॉजिकल बढ़त मिली है। भारत की फॉरवर्ड नवनीत कौर के शानदार फॉर्म को भी आगे बढ़ाना चाहेगा, जो अभी चार गोल के साथ टूर्नामेंट की संयुक्त शीर्ष स्कोरर हैं। उन्होंने वेल्स के खिलाफ आखिरी पूल मैच में हैट्रिक बनाकर शानदार प्रदर्शन किया था।

# एसजेएफआई नेशनल कन्वेंशन के स्वर्ण जयंती संस्करण का नई दिल्ली में होगा आगाज

SJFI
SPORTS JOURNALISTS' FEDERATION OF INDIA
GOLDEN JUBILEE
★ 1976 - 2026 ★

● डीएसजेए की मेजबानी में होने वाली चार दिवसीय यह सम्मेलन देशभर से आए खेल पत्रकारों को एक मंच पर लाएगा

**नई दिल्ली, वार्ता।** स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजेएफआई) के नेशनल कन्वेंशन का स्वर्ण जयंती संस्करण 13 मार्च से नई दिल्ली में शुरू होगा।

दो दशक से अधिक समय बाद यह प्रतिष्ठित आयोजन एक बार फिर राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित हो रहा है। दिल्ली स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन (डीएसजेए) की मेजबानी में होने वाला यह चार दिवसीय सम्मेलन देशभर से आए खेल पत्रकारों को एक मंच पर लाएगा, जहां 50 वर्षों की यात्रा को केंद्र में रखते हुए विचार-विमर्श, प्रतियोगिताएं और उत्सव आयोजित किए जाएंगे। इंटरनेशनल स्पोर्ट्स प्रेस एसोसिएशन (एआईपीएस) से मान्यता प्राप्त और उससे संब( एसजेएफआई ने पिछले पांच दशकों में भारत में खेल पत्रका. रिता को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वर्ष 2026 का यह कन्वेंशन इस विरासत का जश्न मनाने के साथ-साथ डिजिटल, ब्रॉडकास्ट और मल्टी-प्लेटफॉर्म स्टोरीटेलिग के दौर में खेल पत्रकारिता के बदलते स्वरूप पर भी दृष्टि डालेगा।

चार दिनों तक चलने वाले इस सम्मेलन में पेशेवर संवाद के साथ-साथ खेल गतिविधियां और नेटवर्किंग के अवसर भी शामिल होंगे। कार्यक्रम में एक प्रमुख स्पोर्ट्स कॉन्क्लेव, जेके बोस इंटर-जोनल टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट, एसी बाली टेबल टेनिस टूर्नामेंट, तथा परिवारों और युवा प्रतिभागियों के लिए मॉडर्न पायथियन गेम्स और रेड बुल द्वारा इंटरएक्टिव गेमिग जोन जैसी कई गतिविधियां शामिल हैं। इसके अलावा बास्केटबॉल, फुटसल और गोल्फ पटिग प्रतियोगिताएं भी कन्वेंशन कार्यक्रम का हिस्सा होंगी। स्वर्ण जयंती संस्करण को कॉरपोरेट और खेल जगत के कई साझेदारों का मजबूत समर्थन मिला है, जो इस आयोजन के महत्व और व्यापकता को दर्शाता है। हीरो मोटोकॉर्प इस कन्वेंशन का टाइटल स्पॉन्सर है, जबकि आयोजन अपोलो टायर्स द्वारा पावर्ड है। अन्य साझेदारों में टीसीएम स्पोर्ट्स, सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क, पंजाब किग्स, दिल्ली कैपिटल्स, डीडीसीए, जिदल स्टील, राजस्थान यूनाइटेड फुटबॉल क्लब, आर्चरी एसोसिएशन ऑफ इंडिया, क्राफ्टन, स्वयम, आरपीएल, पीईएफआई, एसजी स्पोर्ट्स, वड्र्सवर्क कम्युनिकेशंस कंसल्टिग, मॉडर्न पायथियन गेम्स, जेके टायर, डीडीए, आर्टस्मिथ कॉन्सेप्ट्स एंड विजन, एडिमेजेस, आभा वाटर, विडा और ईएसजीएफ शामिल हैं। इस कन्वेंशन को युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा भारतीय ओलंपिक संघ का भी समर्थन प्राप्त है, जो भारतीय खेल परिदृश्य में इस आयोजन के महत्व को दर्शाता है।

डीएसजेए के सचिव सबी हुसैन ने कहा कि एसजेएफआई नेशनल कन्वेंशन के स्वर्ण जयंती संस्करण की मेजबानी करना दिल्ली के खेल मीडिया समुदाय के लिए गर्व का क्षण है। यह देशभर के खेल पत्रकारों को एक साथ लाने का अवसर है, जहां हम अपने पेशे की यात्रा का जश्न मनाने के साथ-साथ भारत में खेल पत्रकारिता के भविष्य पर सार्थक चर्चा होगी।

# किरण जॉर्ज ने कीन यू को हराया

● ध्रुव कपिला और तनीषा क्रैस्टो ने किया उलटफेर

**स्विट्जरलैंड, वार्ता।** भारत के किरण जॉर्ज ने स्विस ओपन 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिगापुर के पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यू को हराकर टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बना ली है। वहीं मिश्रित युगल मुकाबले में ध्रुव कपिला और तनीषा क्रैस्टो की जोड़ी ने उलटफेर करते हुए डेनमार्क के सीडेड जेस्पर टॉफ्ट और अमाली मैगेलुंड की जोड़ी को हरा दिया।

सेंट जैकबशेल में बुधवार को खेले गए मुकाबले में बैडमिटन रैंकिग में 42वें नंबर पर काबिज किरण जॉर्ज ने बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट के अपने पहले राउंड के मैच में 41 मिनट में दुनिया के 11वें नंबर के और तीसरे सीडेड खिलाड़ी को 23-21, 21-19 के स्कोर से हराया। अगले दौर में, 26 साल के भारतीय बैडमिटन खिलाड़ी का सामना हांगकांग चीन के जेसन गुनावान से होगा, जिन्होंने अपने पहले मैच में दुनिया के पूर्व नंबर 1 किदांबी श्रीकांत को 21-15, 12-21, 4-21 से हराकर बाहर कर दिया था। एचएस प्रणय भी बाहर हो गए क्योंकि उन्होंने कोकी वतनबे के खिलाफ अपने पहले राउंड के मैच से पहले नाम वापस ले लिया, जिससे जापानी बैडमिंटन खिलाड़ी को वॉकओवर मिल गया। उलटफेर में, जापान के केंटा निशिमोटो को अपने पहले राउंड के मैच से चोट के कारण रिटायर होना पड़ा, जिससे भारतीय शटलर थारुन मन्नेपल्ली को अगले राउंड में जाने का मौका मिला। दुनिया में 43वें रैंक वाले मन्नेपल्ली 16-21, 21-16, 7-2 से आगे चल रहे थे, जब पांचवें सीडेड निशिमोटो कंधे की दिक्कत के कारण रिटायर हो गए। 24 साल के भारतीय शटलर का अगला मुकाबला मलेशिया के जस्टिन होह से होगा।

ध्रुव कपिला और तनीषा क्रैस्टो की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी ने भी अपने पहले मैच में डेनमार्क के चौथी सीडेड जेस्पर टॉफ्ट और अमाली मैगेलुंड को 21-15, 21-14 से हराकर उलटफेर किया। हालांकि, पिछले साल के यूएस ओपन चैंपियन आयुष शेट्टी और तन्वी शर्मा समेत कई भारतीय खिलाड़ी पहले राउंड में ही बाहर हो गए। पुरुषों के एकल में, आयुष शेट्टी कनाडा के ब्रायन यांग से 21-18, 21-19 से हार गए, जबकि महिला एकल में चीनी ताइपे की चियू पिन-चियान ने उन्नति हुड्डा को 21-14, 21-14 से हराया। मालविका बंसोड़ भी थाईलैंड की दुनिया की नंबर 8 पोर्नपावी चोचुवोंग से 21-11, 21-15 से हार गईं। इस बीच, तन्वी शर्मा इंडोनेशिया की टॉप सीड पुत्री कुसुमा वर्दानी से 30 मिनट तक चले मुकाबले में 21-11, 21-10 से हार गईं। मिश्रित युगल में, रोहन कपूर और रुथविका शिवानी गड्डे को थाईलैंड हारना पड़ा।

# एमएसजी के लिए ऋचा एसएल के लिए खेलेंगी दीप्ति





● ऋचा घोष को मैनचेस्टर सुपर जायंट्स ने करीब 54 लाख रुपये में खरीदा, जबकि दीप्ति शर्मा को सनराइजर्स लीड्स ने उनके बेस प्राइस 34 लाख में टीम में शामिल किया

**सिडनी, वार्ता।** इंग्लैंड में आयोजित होने वाले पेशेवर क्रिकेट टूर्नामेंट विमेंस हंड्रेड में भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष मैनचेस्टर सुपर जायंट्स और ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा सनराइजर्स लीड्स के लिए खेलेंगी।

विमेंस हंड्रेड की पहली नीलामी में न्यूजीलैंड की सोफी डिवाइन और ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी सबसे महंगी खिलाड़ी रहीं। दोनों को लगभग 2-3 करोड़ रुपये मिले। डिवाइन को वेल्श फायर ने अपने साथ जोड़ा, जबकि मूनी के लिए ट्रेंट रॉकेट्स ने सबसे बड़ी बोली लगाई। भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष को मैनचेस्टर सुपर जायंट्स ने करीब 54 लाख रुपये में खरीदा। तथा ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा को सनराइजर्स लीड्स ने उनके बेस प्राइस, लगभग 34 लाख रुपये में अपनी टीम में शामिल किया। नीलामी में भारतीय खिलाड़ियों की मौजूदगी सीमित रही, लेकिन कुछ नामों के लिए दिलचस्पी जरूर दिखाई दी। ऋचा घोष को मैनचेस्टर सुपर जायंट्स ने अपने साथ जोड़कर मिडिल ऑर्डर को मजबूत करने की कोशिश की है। दूसरी ओर दीप्ति शर्मा सनराइजर्स लीड्स के लिए अहम ऑलराउंड विकल्प बन सकती हैं। उनकी स्पिन गेंदबाजी और निचले क्रम की बल्लेबाजी टीम को संतुलन देती है। हालांकि नीलामी के दौरान कुछ भारतीय खिलाड़ियों के लिए किसी भी फ्रैंचाइजी ने बोली नहीं लगाई। इनमें स्पिन गेंदबाज एन श्री चरणी और विकेटकीपर बल्लेबाज यास्तिका भाटिया शामिल रहीं, जो इस बार अनसोल्ड रहीं।

नीलामी शुरू होने से पहले ही कई भारतीय खिलाड़ियों को प्री ऑक्शन साइनिग और रिटेंशन के जरिए टीमों ने अपने साथ जोड़ लिया था। भारतीय कप्तान स्मृति मांधना मैनचेस्टर सुपर जायंट्स की ओर से खेलेंगी। जेमिमाह रोड्रिग्स को सदर्न ब्रेव ने प्री ऑक्शन साइनिग के तौर पर अपनी टीम में शामिल किया है। इस साल टूर्नामेंट के रिक्रूटमेंट मॉडल में बड़ा बदलाव किया गया है। शुरुआत से चले आ रहे ड्राफ्ट प्रणाली की जगह पहली बार नीलामी आयोजित की गई।

# कर्नाटक विशेषज्ञ समिति करेगी चिन्नास्वामी स्टेडियम का निरीक्षण



**बेंगलुरु, वार्ता।** कर्नाटक सरकार की विशेषज्ञ समिति के 13 मार्च को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम का निरीक्षण के बाद मिलने वाली अंतिम मंजूरी के उपरांत इस मैदान पर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के मैच खेले जा सकेंगे।

इससे पहले इस महीने की शुरुआत में आईपीएल सहित सभी मैचों के आयोजन के लिए जो मंजूरी दी गई थी, वह 'सशर्त' थी। हालांकि कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (केएससीए) को भरोसा है कि आईपीएल मैचों की मेजबा. नी में कोई रुकावट नहीं आएगी। केएससीए, चिन्नास्वामी स्टेडियम का नवीनीकरण कर रहा है, जिसमें कई नए एंट्री गेट लगाना और कई मौजूदा गेटों को चौड़ा कराना शामिल है। इस काम में आसपास के ढांचे को भी अपग्रेड किया जा रहा है, जैसे- नए वॉकवे बनाना, पुराने नेशनल क्रिकेट एकेडमी परिसर के पास एक होल्डिग एरिया बनाना और आपातकालीन सेवाओं के लिए सीधे प्रवेश और निकास रास्ते तैयार करना शामिल है। जस्टिस डी' कुन्हा समिति की सिफारिशों के अनुसार केएससीए के पास 15 मार्च तक इस 'शॉर्ट-टर्म' सुधार से जुड़े सभी काम पूरे करने का समय है। यह समिति उस भगदड़ के बाद बनाई गई थी, जिसमें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के आईपीएल 2025 जीत के जश्न के दौरान 11 लोगों की मौत हो गई थी। समिति के गठन के बाद इस समिति ने स्टेडियम की सुरक्षा और ढांचे की पूरी जांच की थी। स्टेडियम के अपग्रेड का काम दिसम्बर के मध्य में केएससीए चुनावों के बाद शुरू हुआ, जिसमें भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद अध्यक्ष चुने गए थे। प्रसाद की टीम अपग्रेडेशन से जुड़ी कई प्रक्रियात्मक मामलों पर सरकारी अधिकारियों के संपर्क में रही है।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शुक्रवार, 13 मार्च 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# भारत को राहत

ईरान-अमेरिकी युद्ध के 13वें दिन एक अच्छी खबर आई, जिसमें कहा गया कि ईरान हॉर्मुज जलडमरू मध्य से भारतीय विमानों को गुजरने के लिए मंजूरी मिल गई है। यह सब भारतीय विदेश मंत्री डा एस जयशंकर और ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अरागची के बीच हुई उच्च स्तरीय वार्ता के बाद देखने में आया है। बताया जा रहा है कि इस वार्ता के बाद दो भारतीय टैंकर पुष्पा और परिमल सुरक्षित रूप से उस जल मार्ग से गुजर रहे हैं। निश्चित रूप से यह भारत की बड़ी कूटनीतिक जीत ही कहा जाएगा, क्योंकि इसी रास्ते से भारत का लगभग 60 प्रतिशत व्यापार इसी मार्ग से होता है और ईरान ने इसे एक रणनीति के तहत बंद किया हुआ है। ईरान के अनुसार इस रास्ते से केवल वही जहाज गुजर सकते हैं, जो उसके सहयोगी देशों के हैं। जाहिर है अगर हमारे जहाज नहीं गुजर रहे थे, तो कहीं न कहीं इसका मतलब यह भी हो सकता है कि ईरान हमारा सहयोगी देश नहीं रहा। जबकि कुछ वर्षों पहले तक ही हमारे मित्र देशों की श्रेणी में था। विपक्ष इसी बात को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर हमलावर है और कह रहा है कि अगर आज भारत में ऊर्जा का संकट खड़ा हुआ है तो यह भारत की विदेश नीति का फेल्योर है। भारत सरकार ऐसा नहीं मानती। उसके अनुसार भारत में फिल्हाल पेट्रोल डीजल की कमी नहीं है और एलपीजी की भी सप्लाई पर भारत सरकार विशेष ध्यान दे रही है, लेकिन विपक्ष सरकार के तर्कों से सहमत नहीं है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सरकार को एलपीजी को लेकर घेरते दिखाई दिए और उन्होंने जानना चाहा कि सरकार इस दिशा में क्या काम कर रही है, क्योंकि उनकी नजर में सरकार कुछ भी कहे कोई भी दावा करे लेकिन वास्तविकता के धरातल पर पब्लिक में मारामारी है और एलपीजी लेने के लिए लोगों की लाइनें लगी हुई हैं। कई जगह से तो मारपीट की खबरें आ चुकी हैं, जोकि गंभीर मामला है। यह तो शुरुआती दौर है अगर यही स्थिति कुछ दिन और बनी रही, जैसीकि आशंका दिखाई दे रही है, तो हालात कितने भयावह हो सकते हैं, कोई भी इसका अंदाजा लगा सकता है। अमेरिका और ईरान जरा भी पीछे हटते दिखाई नहीं दे रहे हैं और अपने स्टैंड पर अड़े हैं। ईरान के नए सर्वोच्च नेता आयातुल्ला मुस्तफा खामेनेई ने अपने पहले बयान में अमेरिका को सीधे कह डाला कि यह युद्ध तभी रुक सकता है जब अमेरिका युद्ध के खर्चे की भरपाई करे। सरकार बदलने का अलाप छोड़े और भविष्य में कभी भी उस पर युद्ध थोंपने की जुर्रत न करे। जहां तक बात अमेरिका की है, उसके राष्ट्रपति की अजीब स्थिति बनी हुई है, वह लगातार बयान बदलते रहते हैं। उनके अनुसार ईरान में उनके तमाम लक्ष्य पूरे हो चुके हैं और युद्ध जल्द खत्म हो जाएगा। जाहिर है, ईरान अमेरिका ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया ही इस युद्ध की आंच में झुलसती दिखाई दे रही है।

## बहुत हुई मन की बात



देश रसोई गैस की कमी के संकट से जूझ रहा है और पीएम मोदी अपनी सरकार की इस विफलता पर ध्यान देने की बजाय चुनावी दौरों में व्यस्त हैं, जब देश भारी संकट से जूझ रहा होता है, तो प्रधानमंत्री मोदी जी चुनावी दौरों में मशगूल होते हैं, देशभर में एलपीजी की भारी कमी है और लोग कतारों में खड़े हैं, कितने सारे छोटे-बड़े उद्योग भाजपा की विफलता का खामियाजा भुगतने पर मजबूर हैं, पर सरकार के पास केवल झूठे दावे के अलावा कोई जवाब नहीं, कूटनीति की विफलता, गंभीर मुद्दा है और ऊर्जा प्रबंधन की नाकामी का नतीजा आज देश की 140 करोड़ जनता भुगत रही है, नरेन्द्र मोदी जी, बहुत हुई मन की बात जरा संसद में आकर करिए 'मुद्दे की बात।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

# सावरकर मानहानि मामले में बरी राहुल ने फिर दिखाई संवेदनशीलता





रोहित कौशिक

> जुलाई 2023 को दिल्ली से हिमाचल जाते वक्त राहुल गांधी हरियाणा के सोनीपत के मदीना गांव के किसान संजय के खेत में पहुंच गए थे। संजय उस वक्त अपने खेत में धान की रोपाई कर रहे थे। उस वक्त राहुल गांधी ने संजय से उन्हें हमेशा याद रखने की बात कही थी। संजय मलिक ने कहा कि उन्हें लगता था कि राहुल गांधी उन्हें भूल गए होंगे। 25 फरवरी को संजय मलिक ने दिल्ली जाकर अपनी बेटी की शादी का कार्ड दिया और 10 मार्च को सुबह ही पता चला कि राहुल गांधी उनकी बेटी को आशीर्वाद देने आ रहे हैं।

एक तरफ राहुल गांधी के एक कारनामे ने उन्हें फिर चर्चा में ला दिया तो दूसरी तरफ नासिक में सावरकर मानहानि मामले में राहुल गांधी को राहत मिल गई। पुलिस रिपोर्ट आने के बाद शिकायतकर्ता ने शिकायत वापस ले ली व अदालत ने इस मामले की कार्रवाई समाप्त कर दी। इस मामले में कोई ठोस तथ्य दिखाई नहीं दिए और पुलिस जांच में आरोपों की सत्यता साबित नहीं हुई। अदालत का यह फैसला दिखाता है कि राहुल गांधी को फंसाने की कितनी कोशिशें की जा रही हैं।

बुधवार 11 मार्च को यह फैसला आया लेकिन इससे एक दिन पहले यानी मंगलवार 10 मार्च को राहुल गांधी ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए एक कारनामा कर दिया। इसे कारनामा भी क्यों कहा जाए ? इसे सामाजिक जिम्मेदारी कहा जाना चाहिए। तो यह भी कह सकते हैं कि राहुल गांधी ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाई और वे एक बार फिर चर्चा में आ गए। वही राहुल गांधी जिन्हे यह देश अभी समझ नहीं सका है लेकिन वे इस देश को समझने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। वही राहुल गांधी जिनकी आवाज सुनकर सत्ता तिलमिला जाती है, सत्ता गुस्से में आग-बबूला हो जाती है। वही राहुल गांधी जिन्हें भाजपा देशद्रोही सिद्ध करने की कोशिश कर रही है। वही राहुल गांधी जिन्हें पप्पू साबित करने के लिए करोड़ों रूपए खर्च कर दिए गए। वही राहुल गांधी जिन पर रोज यह इल्जाम लगाया जाता है कि उन्हें न देश की समझ है और न राजनीति की। वही राहुल गांधी जिन्हे बार-बार बच्चा साबित किया जाता है लेकिन उसी बच्चे से यह सत्ता सबसे ज्यादा डरती है। वही राहुल गांधी जो माननीय और प्रात:स्मरणीय प्रधानमंत्री जी की तरह टेलीप्रॉम्पटर से पढ़कर अपने भाषण नहीं देते हैं। वही राहुल गांधी जो एक तरह की पेंट और टीशर्ट पहनकर में संसद भी जाते हैं और उसी तरह की पेंट और टीशर्ट में पूरा भारत भी घूम लेते हैं। वही राहुल गांधी जो माननीय प्रधानमंत्री जी की तरह लाखों का सूट नहीं पहनते हैं। उन्हीं राहुल गांधी ने अपनी एक सामाजिक जिम्मेदारी से कई लोगों के दिल जीत लिए। आप मुझे कहेंगे कि मैं राहुल गांधी की स्तुति कर रहा हूं। लेकिन जब आप प्रधानमंत्री जी की स्तुति करते हैं तब तो मैं कुछ नहीं कहता। नेता प्रतिपक्ष की स्तुति करके मुझे क्या मिलेगा ? मैं तो राहुल गांधी की एक सामाजिक जिम्मेदारी की बात बता रहा हूं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी मंगलवार 10 मार्च को सोनीपत के मदीना गांव में किसान संजय मलिक की बेटी तनु की शादी में शामिल होने पहुंचे। यह वही किसान संजय मलिक हैं जिनके खेत में राहुल गांधी ने तीन साल पहले ट्रैक्टर चलाकर धान रोपाई की थी। राहुल गांधी यहां एक घंटे तक रुके। उन्होंने यहां दूध के साथ चूरमा भी खाया और मिस्सी रोटी भी खाई। महिलाओं के गीत सुने। राहुल ने किसान संजय मलिक की बेटी तनु की प्रियंका गांधी से मोबाइल पर बात भी कराई। तनु ने राहुल गांधी से कहा कि जैसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अंबानी के बेटे की शादी में गए थे। बड़े लोगों की शादी में जाते हैं, आप गरीब के घर शादी में आए। कभी देखा नहीं ऐसा। इस पर राहुल ने कहा कि वहां पर ऐसा मजा नहीं आता। मजा तो यहां पर है। राहुल गांधी के इस व्यवहार को नाटक बताने वाले भी कम नहीं है। लेकिन हमेशा नफरत की राजनीति करने वाले ऐसे लोग अपने गिरेबान में झांकने की कोशिश नहीं करते हैं। जो लोग स्वयं नाटक करते हैं वे हमेशा ही यह समझते हैं कि दूसरे भी नाटक कर रहे हैं। लेकिन एक राजनेता का आम आदमी के साथ जुड़ाव रखने का भाव नाटक नहीं हो सकता। यही होती है असली नेता की पहचान। राहुल गांधी ने ऐसा पहली बार नहीं किया है। वह कभी मोची से मिलते हैं तो कभी बढ़ई से। क्या भारत जोड़ो यात्रा को नाटक कहा जा सकता है। हमारे देश में ऐसी यात्राएं कितनी हुई हैं ? सड़क नापते राहुल गांधी कई लोगों को अच्छे नहीं लग सकते लेकिन उनकी भावनाओं को नकली नहीं कहा जा सकता।

जुलाई 2023 को दिल्ली से हिमाचल जाते वक्त राहुल गांधी हरियाणा के सोनीपत के मदीना गांव के किसान संजय के खेत में पहुंच गए थे। संजय उस वक्त अपने खेत में धान की रोपाई कर रहे थे। उस वक्त राहुल गांधी ने संजय से उन्हें हमेशा याद रखने की बात कही थी। संजय मलिक ने कहा कि उन्हें लगता था कि राहुल गांधी उन्हें भूल गए होंगे। 25 फरवरी को संजय मलिक ने दिल्ली जाकर अपनी बेटी की शादी का कार्ड दिया और 10 मार्च को सुबह ही पता चला कि राहुल गांधी उनकी बेटी को आशीर्वाद देने आ रहे हैं। यह खबर इसलिए महत्वपूर्ण है कि इस दौर में अधिकांश राजनेताओं ने राजनीति को अपनी ठसक या हनका दिखाने का माध्यम बना लिया है। राहुल गांधी को भाजपा अक्सर युवराज कहकर संबोधित करती है। लेकिन इस युवराज ने अपने व्यवहार से यह दिखा दिया कि युवराज यदि सहज और सरल दिल का हो तो ऐसा युवराज लाखों का सूट पहनने वाले फकीर से ज्यादा अच्छा है। राजनीति अपनी जगह होती है। राजनीति में एक दूसरे के विरोधी विचारधारा वाले एक दूसरे के खिलाफ रहते ही है। लेकिन इस दौर की राजनीति को जितना गंदा बना दिया गया है उससे दुर्भाग्यपूर्ण और कुछ नहीं हो सकता। भाजपा चाहती है कि राहुल गांधी समझौते की राजनीति कर चुप्पी साध लें लेकिन राहुल गांधी चुप्पी नहीं साध रहे हैं और लगातार सवाल उठा रहे हैं। राहुल का यह सवाल उठाना भाजपा को रास नहीं आ रहा है। इसलिए भाजपा पूरे गांधी परिवार को बदनाम करने के लिए पानी की तरह रूपया बहा रही है। भाजपा लगातार राहुल गांधी की समझ पर सवाल उठाती है लेकिन राहुल गांधी जो जो बात कह रहे हैं वे सभी पूरी हो रही है। क्या राहुल गांधी को देशद्रोही सिद्ध भाजपा लोकतंत्र का अपमान नहीं कर रही है?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पिघलते ग्लेशियर चिंता का विषय

**आइसलैंड जैसे आर्कटिक देशों में भी ग्लेशियर गायब हुए हैं। स्लोवेनिया और वेनेजुएला में हिमनदों गायब होना महत्वपूर्ण है क्योंकि 18वीं सदी के बाद से यह पहला मामला है जब किसी देश ने अपने हिमनदों को पूरी तरह से खो दिया हो। जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी पैनल के अनुसार, इस सदी के अंत तक दुनिया के 18.36 प्रतिशत हिमनद गायब होने की संभावना है।**



एक घटना में स्लोवेनिया और वेनेजुएला अपने सभी हिमनद (ग्लेशियर) को खोने वाले पहले देश बन गए हैं। मानव-प्रेरित जलवायु परिवर्तन के कारण हुई यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना एक बड़े वैश्विक संकट की ओर संकेत देती है जिसकी चपेट में कई अन्य देश भी आ सकते हैं। कुछ रिपोर्टों के अनुसार वेनेजुएला अपने सभी हिमनदों को गंवाने वाला पहला देश हो सकता है। कुछ शोध अध्ययनों से तो पता चलता है कि शायद स्लोवेनिया तीस साल पहले इस त्रासदी से गुजर चुका था। हिमनद बर्फ की नदियां होती हैं। वास्तव में हिमनद की परिभाषा में यह शामिल है कि उसके बर्फ में गति होती हो और दरारें उपस्थिति हों, और दोनों ही स्लोवेनिया के ग्लेशियर के अवशेषों में दशकों से नदारद हैं। गौरतलब है कि हिमनदों का पिघलना जलवायु परिवर्तन के सबसे नुमाया प्रभावों में से एक है। आइसलैंड जैसे आर्कटिक देशों में भी ग्लेशियर गायब हुए हैं। स्लोवेनिया और वेनेजुएला में हिमनदों गायब होना महत्वपूर्ण है क्योंकि 18वीं सदी के बाद से यह पहला मामला है जब किसी देश ने अपने हिमनदों को पूरी तरह से खो दिया हो। जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी पैनल के अनुसार, इस सदी के अंत तक दुनिया के 18.36 प्रतिशत हिमनद गायब होने की संभावना है जिसका मुख्य कारण ग्लोबल वार्मिंग है। जलवायु विज्ञानी मैक्सिमिलियानो हेरेरा के अनुसार देश का आखिरी हिमनद ला कोरोना का क्षेत्रफल दिसंबर तक सिर्फ 0.02 वर्ग किमी। रह गया था। इस क्षति का वेनेजुएला पर गंभीर प्रभाव पड़ा है, क्योंकि हिमनद पर्यावरण और जल आपूर्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसे एक राष्ट्रीय त्रासदी और ग्लोबल वार्मिंग के बढ़ते प्रभावों और जलवायु सम्बंधित चेतावनी के रूप में देखा जा रहा है। इसी तरह, स्लोवेनिया के हिमनद, खास तौर पर स्कुटा और ट्रिग्लव, दशकों से घट रहे हैं। दोनों ही 20वीं सदी के अंत में 0.1 वर्ग किमी से छोटे रह गए थे। उनके छोटे आकार और कम ऊंचाई ने उन्हें जलवायु के प्रति विशेष रूप से संवेदनशील बना दिया, जिसके कारण वे अंततरू गायब हो गए। इन देशों में हिमनदों के खत्म होने के असर कहीं ज्यादा हैं। इनकी पिघलती बर्फ समुद्र के स्तर को बढ़ाती है, जिससे दुनिया भर के तटीय क्षेत्र प्रभावित होते हैं। हिमनदों का इस तरह से खात्मा अन्य लैटिन अमेरिकी देशों के लिए भी एक चेतावनी है। हिमनदों को जल स्रोतों के तौर पर उपयोग करने वाले कोलंबिया, इक्वाडोर, पेरू और बोलीविया जैसे देशों को हिमनदों के सिकुड़ने से गंभीर सामाजिक और पर्यावरणीय प्रभावों का सामना करना पड़ सकता है। मेक्सिको का अंतिम हिमनद, ग्रान नॉर्टे भी विलुप्त होने की कगार पर हैय अनुमान है कि 2026 से 2033 के बीच यह अपना हिमनद दर्जा खो देगा तथा 2045 तक पूरी तरह लुप्त हो जाएगा। हिमनदों का इस तरह गायब होते जाना जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध सामूहिक कार्रवाई का आव्हान है और तत्काल वैश्विक प्रयासों की जरूरत को रेखांकित करता है।

**-स्रोत फीचर्स**

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित हथियारों का समय घातक



जानलेवा सैन्य हथियारों की स्वायत्तता इन दिनों गहन विचार मंथन और चर्चाओं के दौर से गुजर रही है। कृत्रिम बुद्धि निर्देशित जानलेवा स्वायत्त हथियारों के सृजन को रोकने के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अभियान शुरू हुआ है। जुलाई 2023 में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा कृत्रिम बुद्धि निर्देशित हथियारों के विभिन्न पहलुओं पर व्यापक मंथन किया गया था। विचार मंथन का दौर अभी थमा नहीं है। इसी साल के उत्तरार्द्ध में संयुक्त राष्ट्र महासभा में कृत्रिम बुद्धि निर्देशित जानलेवा स्वायत्त हथियारों पर विभिन्न कोणों से नजर डालने के लिए बैठक होगी। लेकिन इस बैठक के पहले अप्रैल में ऑस्ट्रिया में एक सम्मेलन आयोजित हो चुका है।

कृत्रिम बुद्धि निर्देशित जानलेवा स्वायत्त हथियारों की तुलना रासायनिक, जैविक और परमाणु हथियारों से की जाए तो यह हथियार खतरनाक होने के पैमाने पर एक कदम आगे निकल गए हैं। हाल के वर्षों में दुनिया की बड़ी सैन्य ताकतों ने जानलेवा स्वायत्त हथियारों को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया है। यही मुद्दा विचार मंथन का विषय है। रक्षा वैज्ञानिक, विधिवेत्ता, रोबोट विज्ञान के अध्एता, सैन्य योजनाकार और नैतिकतावादी जानलेवा स्वायत्त हथियारों के विभिन्न मुद्दों पर बहस में जुट गए हैं। जानलेवा स्वायत्त हथियारों पर प्रतिबंध के संदर्भ में नैतिक कारण भी अहम हैं। यह सवाल सहज रूप से किया जा सकता है कि युद्ध के मैदान में किसी भी अनैतिक गतिविधि के लिए एक मशीन को कैसे जिम्मेदार ठहराया जा सकता है? इस सवाल का कोई तर्क आधारित उत्तर किसी के पास नहीं है और यही कारण है कि इन हथियारों पर प्रतिबंध की मांग उठी है। नैतिक कारणों पर गंभीरता से गौर करें तो एक और बात जोड़ना लाजमी है। क्या किसी मशीन द्वारा जीवन और मृत्यु का फैसला करना नैतिक रूप से स्वीकार्य है? कृत्रिम बुद्धि निर्देशित जानलेवा स्वायत्त हथियारों का इस्तेमाल पिछले कई दशकों से हो रहा है। इनमें हीट सीकिंग मिसाइलें और प्रेशर ट्रिगर बारूदी सुरंगें भी सम्मिलित हैं। हाल के वर्षों में चीन, अमेरिका, ब्रिटेन, रूस और इस्राइल जैसे देशों ने युद्ध के मैदान में इन हथियारों की तैनाती को प्राथमिकता दी है। भारत ने स्वायत्त हथियारों पर अनुसंधान का समर्थन किया है।

सेना में कृत्रिम बुद्धि का इस्तेमाल जिन कुछ कार्यों के लिए किया जा सकता है, उनमें रसद और आपूर्ति प्रबंधन, डैटा विश्लेषण, खुफिया जानकारियां जुटाने, सायबर ऑपरेशन और हथियारों की स्वायत्त प्रणाली सम्मिलित है। इनमें सबसे ज्यादा विवादित हथियारों की स्वायत्त प्रणाली है।

**क्या हैं स्वायत्त हथियार**

इसके तहत वे हथियार आते हैं, जो अपने आप कार्य करने में सक्षम हैंय इन्हें मनुष्य की जरूरत नहीं पड़ती। इंटरनेशनल कमेटी ऑफ दी रेड क्रॉस की परिभाषा के अनुसार स्वायत्त हथियार ऐसे हथियार हैं, जो मानवीय हस्तक्षेप के बिना लक्ष्य का चुनाव और इस्तेमाल करते हैं। वास्तव में स्वायत्त हथियार सेंसर और सॉफ्टवेयर से संचालित होते हैं। इनका इस्तेमाल उन इलाकों में किया जाता है, जहां बहुत कम आबादी होती है। दरअसल जानलेवा स्वायत्त हथियार अपने लक्ष्य की पहचान के लिए एल्गोरिदम का इस्तेमाल करते हैं। हथियारों की यह प्रणाली प्रक्षेपास्त्र प्रतिरक्षा प्रणाली से लेकर एक लघु ड्रोन के रूप में हो सकती है। इन हथियारों का लड़ाई के दौरान इस्तेमाल करने के कारण एक नया शब्द ईजाद किया गया है, जिसे लीथल ऑटोनामस वेपन कहा जा रहा है। इन हथियारों का इस्तेमाल जमीन से लेकर अंतरिक्ष तक में किया जा सकता है, पानी पर अथवा पानी के नीचे भी किया जा सकता है। विशेषज्ञों का विचार है कि जानलेवा स्वायत्त हथियारों के सृजन में प्रौद्योगिकी की अहम भूमिका है। वस्तुतरू प्रौद्योगिकी हथियारों को रफ्तार, बचाव और अन्य प्रकार की विशेषताओं से युक्त और कारगर बनाने में भूमिका निभाती है। प्रौद्योगिकी के प्रसंग में कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी, बर्कले के कंप्यूटर अध्यता और कृत्रिम बुद्धि से सृजित हथियारों के विरोधी स्टुअर्ट रसेल का सोचना है कि किसी सिस्टम के लिए इंसान का पता लगाकर उसे मारने की प्रौद्योगिकी क्षमता का विकास सेल्फ ड्राइविंग कार विकसित करने से कहीं अधिक आसान है। वास्तव में पूछा जाए तो यह हथियार अब विज्ञान कथाओं के काल्पनिक भवन से बाहर निकल कर वास्तविक रूप में लड़ाई के मैदान में नजर आ रहे हैं। इनका धीरे-धीरे विस्तार हो रहा है। जहां एक ओर कृत्रिम बुद्धि निर्देशित जानलेवा स्वायत्त हथियारों की जोरदार वकालत की गई है, वहीं दूसरी ओर इन्हें भारी विरोध और तीखी आलोचनाओं का सामना भी करना पड़ा है। आलोचकों के अनुसार ए हथियार बहुत महंगे हैं। इनका रचनात्मकता से जरा भी सरोकार नहीं है। भावनाओं से कोई लेना-देना नहीं है। जवाबदेही का सवाल ही नहीं उठता। एक अध्ययन में बताया गया है कि इन हथियारों के इस्तेमाल से बेरोजगारी बढ़ेगी। दूसरी ओर, ऐसे हथियारों की जोरदार वकालत कर रहे लोगों का कहना है कि यह अत्यधिक उन्नत कार्यों को सम्पादित करने में पूरी तरह सक्षम हैं। युद्ध के दौरान मनुष्य से होने वाली त्रुटियों में कमी आएगी। यह त्वरित फैसला करने में सक्षम हैं। कुल मिलाकर, यह हथियार सटीक साबित हुए हैं और हर पल उपलब्ध हैं। इस प्रकार के हथियारों ने नए आविष्कारों और नवाचारों को भी जन्म देने में भूमिका निभाई है। पारम्परिक हथियारों की तुलना में इनसे कम नुकसान पहुंचता है, नागरिक कम हताहत होते हैं। हाल के वर्षों में छिड़े युद्धों में कृत्रिम बुद्धि निर्देशित जानलेवा स्वायत्त हथियारों का इस्तेमाल किया गया है। इसका एक उदाहरण रूस और यूक्रेन के बीच लड़ाई है, जिसमें एआई ड्रोन का इस्तेमाल भी किया गया है। अमेरिका के रक्षा विभाग ने अपने रेप्लिकेटर कार्यक्रम के तहत लघु हथियारयुक्त स्वायत्त वाहनों का बेड़ा तैयार किया है। इसके अलावा, प्रायोगिक पनडुब्बियां और जहाज बनाए हैं, जो स्वयं को चलाने के लिए कृत्रिम बुद्धि छवि का उपयोग कर सकते हैं। स्वायत्त हथियार एक मॉडल विमान के आकार का हो सकता है। इनका मूल्य लगभग पचास हजार डॉलर आंका गया है। स्वायत्त हथियार प्रणालियों का समर्थन दो हिस्सों में बांटा जा सकता है। पहला, सैन्य स्तर पर फायदे और दूसरा, नैतिक औचित्य। अमेरिकी सेना के एक अधिकारी का मानना है कि युद्ध क्षेत्रों से मनुष्यों को हटाकर रोबोट का इस्तेमाल करने के नैतिक फायदे हो सकते हैं। जुलाई 2015 में कृत्रिम बुद्धि पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रतिभागी राष्ट्रों ने मानवीय नियंत्रण से परे स्वायत्त हथियारों पर रोक लगाने का आव्हान करते हुए एक खुला पत्र जारी किया था, जिसमें कहा गया था कि कृत्रिम बुद्धि में मानवता को फायदा पहुंचाने की क्षमताएं हैं, लेकिन अगर कृत्रिम बुद्धि निर्देशित हथियारों की स्पर्धा शुरू हो जाती है तो एआई की प्रतिष्ठा धूमिल पड़ सकती है। इस पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में टेस्ला कंपनी के संस्थापक एलन मस्क भी शामिल हैं। दरअसल स्वायत्त हथियार प्रणालियों के कुछ विरोध न केवल उत्पादन और तैनाती बल्कि इन पर रिसर्च, विकास और परीक्षण पर भी पाबंदी लगाना चाहते हैं। रक्षा विज्ञान के दस्तावेजों में स्वायत्तता को अलग-अलग तरह से परिभाषित किया गया है। रेड क्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति के अनुसार स्वायत्त हथियार ऐसे हथियार हैं, जो स्वतंत्र रूप से लक्ष्यों का चुनाव और आक्रमण करने में सक्षम हैं। हारवर्ड लॉ स्कूल की मानव अधिकार अधिवक्ता बोनी डॉचेर्टी ने स्वायत्ता को तीन श्रेणियों में विभाजित किया है-ह्युमैन-इन-दी-लूप (निर्णय श्रंखला में मानव शामिल) ह्युमैन-ऑन-दी-लूप (निर्णय श्रंखला पर मानव) और तीसरा ह्युमैन-आउट-ऑफ-दी-लूप (मानव निर्णय श्रंखला के बाहर) हैं। निर्णय श्रंखला में मानव शामिल श्रेणी में हथियारों की कार्रवाई इंसान द्वारा की जाती है, लेकिन लोगों को कहां और कैसे सम्मिलित किया जाना चाहिए, यह विचार मंथन का मुद्दा है। निर्णय श्रंखला पर मानव में एक मनुष्य किसी कार्रवाई को रद्द कर सकता है। मानव निर्णय श्रंखला के बाहर श्रेणी में कोई मानवीय हस्तक्षेप नहीं है। अनुसंधानकर्ताओं और सैन्य विज्ञान के जानकारों ने सैद्धांतिक तौर पर पहले प्रकार पर सहमति जाहिर की है।

**साभार स्रोत फीचर्स**

# ईरान ने यूएन सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव को किया खारिज

**अन्यायपूर्ण और गैरकानूनी बताया**

**तेहरान।** संयुक्त राष्ट्र में ईरान के स्थायी प्रतिनिधि अमीर-सईद इरावानी ने सुरक्षा परिषद की ओर से ईरान के खिलाफ पारित किए गए प्रस्ताव पर कड़ा विरोध जताया है। सरकारी प्रसारक प्रेस टीवी की रिपोर्ट के अनुसार, सुरक्षा परिषद के सत्र में बोलते हुए अमीर-सईद इरावानी ने इस दस्तावेज को अन्यायपूर्ण और गैरकानूनी बताते हुए खारिज कर दिया।

उन्होंने तर्क दिया कि प्रस्ताव का पारित होना सुरक्षा परिषद की विश्वसनीयता के लिए एक गंभीर झटका है। यह विश्व निकाय के इतिहास पर एक अमिट दाग छोड़ता है। राजदूत ने दावा किया कि यह कदम सुरक्षा परिषद के अधिकार का घोर दुरुपयोग है। इसका उद्देश्य कुछ सदस्यों के राजनीतिक एजेंडे को पूरा करना है। उन्होंने आगे कहा कि यह जमीनी हकीकतों को तोड़-मरोड़ कर पेश करता है। मौजूदा क्षेत्रीय संकट के मूल कारणों को संबोधित करने में विफल रहता है। अपने कड़े शब्दों वाले भाषण में, इरावानी ने दस्तावेज की पक्षपातपूर्ण और राजनीतिक रूप से प्रेरित प्रकृति की निंदा की। उन्होंने आरोप लगाया कि यह पीड़ित और हमलावर की भूमिकाओं को उलट देता है। तर्क दिया कि अंतर्राष्ट्रीय प्रतिक्रिया दोनों शासनों को और अधिक अपराध करने के लिए प्रोत्साहित करती है। मिशन के आधिकारिक बयानों में इस बात पर जोर दिया गया कि तेहरान परिषद के फैसले को स्वीकार नहीं करेगा। इरावानी ने इस कार्रवाई को संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतर्राष्ट्रीय कानून के विपरीत बताया।

# ईरान पर अमेरिकी हमलों के पहले छह दिनों का खर्च 11.3 अरब डॉलर पहुंचा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा मंत्रालय (पेंटागन) के अधिकारियों ने अमेरिकी सांसदों को जानकारी दी है कि ईरान के खिलाफ शुरू किए गए सैन्य अभियान के पहले छह दिनों में ही 11.3 अरब अमेरिकी डॉलर से ज्यादा का खर्च आ चुका है। रिपोर्ट के अनुसार, यह आंकड़ा कांग्रेस को प्राप्त अब तक का सबसे व्यापक प्रारंभिक अनुमान है। हालांकि, इसमें हमले शुरू होने से पहले सैन्य साजो-सामान और कर्मियों की तैनाती पर हुआ खर्च शामिल नहीं है। सांसदों का मानना है कि जैसे-जैसे पेंटागन पहले सप्ताह के खर्चों की पूरी गणना करेगा, यह संख्या काफी बढ़ सकती है। अभियान के शुरुआती दिनों में अमे. रिका ने अत्यधिक सक्षम और सटीक निशाना लगाने वाले 'एजीएम-154 ग्लाइड बम' जैसे हथियारों का इस्तेमाल किया है।

# अमेरिका अभी नहीं गिरा पाएगा ईरान की सरकार

## ईरान में मौजूदा लीडरशिप का जनता पर पूरा कंट्रोल, जल्द ऑपरेशन खत्म कर सकते हैं डोनाल्ड ट्रम्प



**अमेरिकी खुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट में अहम खुलासा**

**वाशिंगटन।** अमेरिका और इजरायल लगातार दो हफ्ते से ईरान में एयरस्ट्राइक कर रहे हैं, इसके बावजूद ईरान की सत्ता अभी भी काफी मजबूत है और उसके जल्द गिरने का कोई खतरा नहीं है। यह बात अमेरिकी खुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट में सामने आई है। इस मामले से जुड़े तीन सूत्रों ने न्यूज एजेंसी रायटर्स को इसकी जानकारी दी है।

एक सूत्र के मुताबिक कई खुफिया रिपोर्टों में एक जैसा आकलन किया गया है कि ईरान की सरकार गिरने की स्थिति में नहीं है और वह अभी भी देश की जनता पर कंट्रोल बनाए हुए है। वहीं, तेल की कीमतों में इजाफे की वजह से राजनीतिक दबाव बढ़ रहा है। ऐसे में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संकेत दिया है कि अमेरिका जल्द जंग खत्म कर सकता है। हालांकि अगर ईरान के कट्टरपंथी नेता सत्ता में बने रहते हैं तो युद्ध खत्म करने का रास्ता निकालना आसान नहीं होगा। खुफिया रिपोर्टों के मुता. बिक 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल के हमलों के पहले ही दिन ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई थी, लेकिन इसके बावजूद वहां की धार्मिक नेतृत्व वाली व्यवस्था अभी भी एकजुट बनी हुई है। इजरायल के एक सीनियर अधिकारी ने भी रायटर्स से कहा कि सीक्रेट मीटिंग्स में भी यही बात निकल कर सामने आई है कि फिलहाल ईरान की मौजूदा सरकार गिरने की कोई संभावना नहीं है। सूत्रों ने यह भी कहा कि जमीन पर हालात बहुत तेजी से बदल रहे हैं और आने वाले समय में ईरान के अंदर की स्थिति अलग दिशा में जा सकती है। अमेरिका और इजरायल ने युद्ध शुरू होने के बाद ईरान के कई ठिकानों को निशाना बनाया है। इनमें एयर डिफेंस सिस्टम, परमाणु ठिकाने और टॉप लीडरशिप से जुड़े लोग शामिल हैं। ट्रम्प प्रशासन ने इस युद्ध के अलग-अलग कारण बताए हैं। युद्ध शुरू करते समय ट्रम्प ने ईरान की जनता से कहा था कि वे अपनी सरकार को खुद बदल दें। हालांकि बाद में उनके सीनियर अधिका. रियों ने कहा कि ईरान की सरकार को हटाना इस ऑपरेशन का मकसद नहीं है। हमलों में खामेनेई के अलावा कई सीनियर अधिकारी और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कार्प्स (आईआरजीसी) के कई बड़े कमांडर भी मारे गए हैं। यह ईरान की एक शक्तिशाली पैरामिलिट्री फोर्स है, जो देश की अर्थव्यवस्था के बड़े हिस्से को कंट्रोल करती है। इसके बावजूद अमेरिकी खुफिया रिपोर्टों के मुताबिक खामेनेई और आईआरजीसी के अफसरों की मौत के बाद बना 'इंटरनल लीडरशिप सिस्टम' अभी भी देश पर कंट्रोल बनाए हुए है। ब्रूकिंग्स इंस्टीट्यूशन की एक्सपर्ट सुजैन मलोनी ने कहा कि ईरान के अंदर फिलहाल ऐसी कोई ताकत नहीं है जो सरकार के पास बची हुई शक्ति को चुनौती दे सके। उनके मुताबिक ईरान भले ही अपने पड़ोसी देशों के खिलाफ पूरी ताकत इस्तेमाल न कर पाए, लेकिन देश के अंदर वह अभी भी पूरी तरह कंट्रोल बनाए रखने में सक्षम है। राजधानी तेहरान में सड़क पर बिलबोर्ड लगा है। इसमें ईरान के दिवंगत सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई को देश का झंडा अपने बेटे और उत्तराधिकारी मुजत. बा खामेनेई को सौंपते हुए दिखाया गया है। सबसे बाएं इस्लामी क्रांति के संस्थापक अयातुल्लाह रुहोल्लाह खैमेनी की तस्वीर है। इस हफ्ते ईरान के सीनियर शिया धर्मगुरुओं की संस्था 'असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स' ने खामेनेई के बेटे मुजतबा खामेनेई को नया सर्वोच्च नेता घोषित कर दिया है।

# युद्ध खत्म करने का ट्रम्प के पास कोई प्लान नहीं

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान की ताकत का गलत अंदाजा लगाया, तेल सप्लाई ठप होगी सोचा नहीं था



**ट्रम्प प्रशासन के अधिकारी भी इसको लेकर निराश, युद्ध खत्म करने का कोई प्लान नजर नहीं आ रहा**

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प 18 फरवरी को जब यह तय कर रहे थे कि ईरान पर हमला किया जाए या नहीं, तब ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने एक इंटरव्यू में कहा था कि उन्हें यह चिंता नहीं थी कि अगर युद्ध हुआ, तो मिडिल ईस्ट से तेल की सप्लाई पर असर पड़ेगा या तेल के बाजार में बड़ी गड़बड़ी होगी। राइट ने कहा था कि पिछले साल जून में जब इजरायल और अमेरिका ने ईरान पर हमले किए थे, तब भी तेल बाजार पर ज्यादा असर नहीं पड़ा था।

उनके मुताबिक उस समय तेल की कीमत थोड़ी बढ़ी थी, लेकिन जल्द ही नीचे आ गई थी। ट्रम्प के दूसरे सलाहकार भी निजीतौर पर इसी तरह की राय रखते थे। उनका मानना था कि चेतावनियां बढ़ा-चढ़ाकर दी जा रही हैं और ईरान शायद ही इस बार तेल ले जाने वाले समुद्री रास्तों को बंद करेगा, जिनसे दुनिया की लगभग 20 प्रतिशत तेल सप्लाई गुजरती है, लेकिन हाल के दिनों में यह आकलन गलत साबित होता दिख रहा है। ईरान ने धमकी दी कि वह होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले तेल के टैंकरों पर हमला कर सकता है। यह वही अहम समुद्री रास्ता है जिससे होकर फारस की खाड़ी से निकलने वाले सभी जहाज गुजरते हैं।

ईरान की इन धमकियों के बाद खाड़ी रीजन में व्यावसायिक जहाजों की आवाजाही लगभग रुक गई है। इस वजह से तेल की कीमतें एक समय 110 डालर प्रति बैरल को छू गई थीं। ट्रम्प प्रशासन अब आर्थिक संकट को काबू में करने के तरीके खोजने में जुट गया है। इस संकट के कारण अमेरिका में पेट्रोल की कीमतें भी बढ़ गई हैं। इस घटना यह भी पता चलता है कि ट्रम्प और उनके सलाहकारों ने युद्ध पर ईरान के रुख का गलत अंदाजा लगाया।

ईरान इस संघर्ष को अपने अस्तित्व से जुड़ा खतरा मान रहा है। पिछले साल जून में हुई 12 दिन की युद्ध की तुलना में इस बार ईरान ने कहीं ज्यादा आक्रामक प्रतिक्रिया दी है। उसने अमेरिका के सैन्य ठिकानों, मिडिल ईस्ट के कई अरब देशों के शहरों और इजरायल के आबादी वाले इलाकों पर मिसा. इल और ड्रोन अटेक किए हैं। इन हमलों के कारण अमेरिकी अधिकारियों को कई प्लान तुरंत बदलने पड़े। कुछ जगहों पर दूतावास खाली कराने पड़े और पेट्रोल की बढ़ती कीमतों को कंट्रोल करने के लिए नई पालिसी पर काम करना पड़ा। इसके बाद ट्रम्प प्रशासन के अधिकारियों ने सांसदों को बंद कमरे में जानकारी दी। इसके बाद अमेरिकी प्रांत कनेक्टिकट के डेमोक्रेटिक सीनेटर क्रिस्टोफर मर्फी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि प्रशासन के पास होर्मुज स्ट्रेट को दोबारा सुरक्षित तरीके से खोलने का कोई प्लान नहीं है। प्रशासन के अंदर भी कुछ अधिकारी इस बात को लेकर निराश हैं कि युद्ध खत्म करने का कोई प्लान नजर नहीं आ रहा है। हालांकि वे यह बात सीधे राष्ट्रपति ट्रम्प से कहने से बच रहे हैं, क्योंकि ट्रम्प बार-बार कह रहे हैं कि सैन्य अभियान पूरी तरह सफल रहा है। ट्रम्प कई बार बहुत बड़े टारगेट की बात करते हैं। जैसे कि वे चाहते हैं कि ईरान में ऐसा नेता आए जो अमेरिका की बात माने। लेकिन विदेश मंत्री मार्को रुबियो और रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ऐसी बात नहीं करते। पीट हेगसेथ ने मंगलवार को कहा भी था कि अमेरिका, इराक में हाथ जला चुका है। वे ऐसा ईरान में नहीं करेगा। उनका कहना है कि ईरान की मिसाइल ताकत और सैन्य क्षमता को कमजोर करना ही असल मकसद है। अगर यह हो जाता है तो युद्ध खत्म करने का रास्ता निकल सकता है। हेगसेथ ने माना कि ईरान ने अपने पड़ोसी देशों पर जिस तरह से जोरदार जवाबी हमले किए, उसकी तीव्रता का अंदाजा पेंटागन को पूरी तरह नहीं था। हालांकि उन्होंने कहा कि ईरान की ये कार्रवाइयां आखिरकार उसी के खिलाफ जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि यह साफ-साफ कहना मुश्किल है कि ईरान से बिल्कुल ऐसा ही जवाब आएगा, लेकिन इस तरह के हमले होने की संभावना पहले से थी। उनके मुता. बिक ईरान के इन हमलों से लगता है कि वहां की सरकार इस समय काफी दबाव में है। इस बीच ट्रम्प ने यह भी कहा कि तेल की सप्लाई पर युद्ध के असर से वह नाराज हैं। उन्होंने फाक्स न्यूज से कहा कि तेल टैंकरों के क्रू मेंबर्स को 'थोड़ी हिम्मत दिखानी चाहिए' और होर्मुज स्ट्रेट से गुजरते रहना चाहिए।

# हमारे द्वीपों पर हमला हुआ, तो खून से लाल होगी फारस की खाड़ीः ईरानी संसद अध्यक्ष

**दुबई।** ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकिर कालिबफ ने गुरुवार को कहा कि ईरान के द्वीपों पर किसी भी तरह का आक्रमण करने वाले फारस की खाड़ी को हमलावरों के खून से सराबोर कर देगा। यह चेतावनी ईरान में चल रहे युद्ध के बीच तनाव को और बढ़ाने वाली है। यह स्पष्ट नहीं है कि कालिबाफ की यह टिप्पणी किस विशेष घटना से प्रेरित थी। हालांकि, यह बयान ईरान और अन्य देशों के बीच बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव का संकेत देता है। ऐतिहासिक रूप से, ईरान 1971 में अपने गठन से पहले संयुक्त अरब अमीरात से तीन द्वीपों पर नियंत्रण रखता है। ये द्वीप फारस की खाड़ी में सामरिक महत्व रखते हैं। इस बीच, ऐसी अटकलें भी लगाई जा रही हैं कि संयुक्त राज्य अमेरिका फारस की खाड़ी में स्थित खर्ग द्वीप को निशाना बना सकता है, जो ईरान का मुख्य तेल टर्मिनल है।




नई दिल्ली। बजट सत्र के दूसरे भाग के दौरान संसद परिसर में एलपीजी की कमी को लेकर एनसीपी (एसपी) सांसद सुप्रिया सुले, डीएमके सांसद कनिमोझी करुणानिधि, सपा के सांसद धर्मेंद्र यादव व अन्य लोग प्रदर्शन करते हुए।

# थाईलैंड नौसेना ने तीन लापता क्रू मेंबर्स को बचाने के लिए ओमान से मदद मांगी

**बैंकॉक।** थाईलैंड के एक मालवाहक जहाज में चालक दल के तीन लापता सदस्यों के फंसे होने की आशंका है। इस बीच थाईलैंड नौसेना प्रमुख ने तलाशी अभियान में फौरन मदद के लिए ओमान के अपने समकक्ष से सीधा संवाद कायम किया है।

होर्मुज जलडमरूमध्य में यात्रा के दौरान थाईलैंड के ध्वज वाले इस जहाज पर बुधवार को हमला हुआ था। इसमें चालक दल के कुल 23 थाई सदस्य सवार थे। इनमें से 20 सदस्यों को सुरक्षित निकाल लिया गया है, जो फिलहाल ओमान के तट पर हैं। जहाज की मालिक कंपनी 'प्रेशियस शिपिंग पीसीएल' ने जारी एक बयान में कहा कि चालक दल के तीन सदस्यों के लापता होने की खबर है और अंद. ेशा है कि हमले में क्षतिग्रस्त जहाज के 'इंजन रूम' में वे फंसे हो सकते हैं। इस हमले के बाद थाईलैंड की रॉयल नेवी के कमांडर-इन-चीफ एडमिरल पायरोत फुआंगचन ने बुधवार शाम को ओमान की रॉयल नेवी के कमांडर रियर एडमिरल सैफ बिन नासिर अल राहबी को जरूरी संदेश भेजा। इसमें उन्होंने थाई चालक दल को दी गई फौरी मदद के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

# दक्षिण अफ्रीका ने अमेरिकी राजदूत को किया तलब

**प्रिटोरिया।** दक्षिण अफ्रीका के विदेश मंत्री ने बुधवार को कहा कि उन्होंने नये अमेरिकी राजदूत को उनकी 'गैर-राजनयिक टिप्पणियों' पर स्पष्टीकरण देने के लिए तलब किया है। यह विवाद दक्षिण अफ्रीका की नस्लीय नीतियों एवं अदालती फैसलों पर राजदूत की टिप्पणी के बाद शुरू हुआ है। कंजर्वेटिव दूत ब्रेंट बोझेल ने पिछले महीने ही अपना पद संभाला है। दक्षिण अफ्रीका के अमेरिकी सहयोगी इजरायल के खिलाफ नरसंहार का मामला दर्ज कराने और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के श्वेत अफ्रीकी प्रताड़ित किए जा रहे हैं।

# ऊर्जा संकट से निपटने के लिए अमेरिका का बड़ा कदम

**रणनीतिक भंडार से जारी करेगा 17.2 करोड़ बैरल कच्चा तेल**

**न्यूयॉर्क।** ईरान के साथ जारी संघर्ष के बीच बढ़ती तेल की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए अमेरिका ने अपने रणनीतिक पेट्रोलियम रिजर्व से 17.2 करोड़ बैरल तेल बाजार में जारी करने की घोषणा की है।

अमेरिकी ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने एक बयान में बताया कि अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के 32 सदस्य देश राष्ट्रपति ट्रम्प के उस अनुरोध पर सर्वसम्मति से सहमत हो गए हैं, जिसमें ऊर्जा की कीमतों को कम करने के लिए एक समन्वित प्रयास के तहत अपने संबंधित भंडारों से कुल 40 करोड़ बैरल तेल और रिफाइंड उत्पाद जारी करने की बात कही गई थी। ऊर्जा मंत्री के अनुसार, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ऊर्जा मंत्रालय को अपने हिस्से के 17.2 करोड़ बैरल तेल जारी करने के लिए अधिकृत कर दिया है। यह प्रक्रिया अगले सप्ताह से शुरू होगी और योजनाबद्ध डिस्चार्ज रेट के आधार पर इसे बाजार तक पहुंचाने में लगभग 120 दिन लगेंगे। राइट ने यह भी स्पष्ट किया कि अमेरिका ने अगले एक वर्ष के भीतर इन रणनी. तिक भंडारों की भरपाई करने के लिए लगभग 20 करोड़ बैरल तेल की व्यवस्था पहले ही कर ली है। विशेषज्ञों का मानना है कि 'होर्मुज जलडमरूमध्य' में ईरान की घेराबंदी और वैश्विक तेल आपूर्ति में आए व्यवधान के कारण जो कीमतें आसमान छू रही थीं।

# खाड़ी देशों पर ईरानी हमले के विरोध में प्रस्ताव पारित

## सुरक्षा परिषद में भारत ने भी 130 से अधिक देशों के साथ प्रस्ताव का किया समर्थन

**सुरक्षा परिषद के 15 में 13 सदस्यों ने बहरीन की ओर से पेश किए गए इस प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया**



**न्यूयॉर्क।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में 130 से अधिक देशों के साथ बुधवार को उस प्रस्ताव का समर्थन किया जिसमें खाड़ी देशों और जॉर्डन के खिलाफ ईरान के हालिया 'भीषण' हमलों की निंदा की गई है। यह प्रस्ताव ईरान के हमलों की भर्त्सना करता है और शत्रुता को तत्काल समाप्त करने का आह्वान करता है।

इसमें होर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय समुद्री परिवहन को अवरुद्ध करने, बाधित करने या हस्तक्षेप करने की ईरान की किसी भी कार्रवाई या धमकी की कड़ी निंदा की गई है। इसके साथ ही ईरान द्वारा बाब-अल-मंदेब में समुद्री सुरक्षा को खतरे में डालने वाले किसी भी कदम की भी निंदा की गई है। सुरक्षा परिषद के 15 में 13 सदस्यों ने बहरीन की ओर से पेश किए गए इस प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया। किसी भी देश ने इसके खिलाफ मतदान नहीं किया, जबकि चीन और रूस ने मतदान में भाग नहीं लिया। इस प्रस्ताव का भारत के साथ-साथ ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, जापान, पाकिस्तान, सऊदी अरब, ब्रिटेन और अमेरिका सहित 130 से अधिक देशों ने सह-प्रायोजन किया। कुल 135 सह-प्रायोजकों के साथ, प्रस्ताव ने बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और जॉर्डन की क्षेत्रीय अखंडता, संप्रभुता और राजनीतिक स्वतंत्रता के लिए मजबूत समर्थन दो. हराया। इसमें इन देशों के क्षेत्रों के खिलाफ ईरान द्वारा किए गए हमलों की 'कड़े शब्दों में' निंदा की गई और कहा गया कि ऐसी कार्रवाई अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है और अंतर्राष्ट्रीय शांति तथा सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। प्रस्ताव में ईरान से पड़ोसी देशों के प्रति किसी भी उकसावे या धमकियों को 'तत्काल और बिना शर्त' रोकने की मांग की गई है। अमेरिका के प्रतिनिधि ने कहा कि ईरान सभी दिशाओं में हमले करता है। वहीं, डेनमार्क के प्रतिनिधि ने कहा कि इस महत्वपूर्ण क्षण में क्षेत्र की आवाजों को सुनना अनिवार्य है। प्रस्ताव में यह भी दोहराया गया कि व्यापारिक और वाणिज्यिक जहाजों को अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार अपने नौवहन अधिकारों और स्वतंत्रता का प्रयोग पूर्ण अधिकार होना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र में अमे. रिकी राजदूत माइक वॉल्ट्ज ने कहा कि यह प्रस्ताव ईरानी शासन की क्रूरता की स्पष्ट निंदा है। वॉल्ट्ज ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और उनकी टीम ने राजनयिक बातचीत के हर प्रयास को आजमा लिया था।

# रूस के शिवेलुच ज्वालामुखी में विस्फोट

**राख का गुबार आठ किमी ऊंचाई तक उठा**

**व्लादिवोस्तोक।** रूस के कामचटका प्रायद्वीप पर शिवेलुच ज्वालामुखी में विस्फोट के बाद आसमान में आठ किलोमीटर की ऊंचाई तक धुएं और राख का गुब्बार फैल गया।

कामचटका ज्वालामुखी विस्फोट प्रतिक्रिया दल ने गुरुवार को यह जानकारी दी। रूसी विज्ञान अकादमी के ज्वालामुखी विज्ञान और भूकंप विज्ञान संस्थान की टीम ने गुरुवार को बताया कि ज्वालामुखी में विस्फोट के साथ-साथ उत्सर्जन गैस और भाप भी निकला। विस्फोटों के कारण राख समुद्र तल से 08 किलोमीटर ऊपर तक पहुंच गई और राख का यह बादल ज्वालामुखी से 10 किलोमीटर पूर्व की ओर बढ़ गया। यह विस्फोट करीब 15 मिनट तक चला। राख का यह गुबार पूर्व की ओर अमेरिका के अलेउतियन द्वीपों की दिशा में बढ़ रहा है। स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय हवाई यातायात के लिए संभावित जोखिमों को देखते हुए विमानन सेवाओं के लिए 'ऑरेंज' एलर्ट जारी किया गया है। शिवेलुच ज्वालामुखी की ऊंचाई 3,283 मीटर है। यह कामचटका के सबसे बड़े शहर पेट्रोपावलोव्स्क-कामचत्स्की से 440 किलोमीटर और 4500 की आबादी वाले क्लयुची कस्बे से 45 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

# जापान में ऑनलाइन बैंकिंग धोखाधड़ी ने तोड़े सारे रिकॉर्ड

## 2025 में गंवाए 6.5 करोड़ डॉलर, कंपनियों पर हमलों में चार गुना बढ़ोतरी




**सबसे चिंताजनक बात यह है कि कंपनियों को होने वाला नुकसान पिछले वर्ष की तुलना में चार गुना से अधिक बढ़कर 4.7 अरब एन तक पहुंच गया है**

**टोक्यो।** जापान में साइबर अपराधियों ने वर्ष 2025 में ऑनलाइन बैंकिंग धोखाधड़ी के जरिए लगभग 10.4 अरब एन (करीब 6.54 करोड़ अमेरिकी डॉलर) का रिकॉर्ड नुकसान को अंजाम दिया है।

नेशनल पुलिस एजेंसी द्वारा गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार कुल नुकसान में से 55 प्रतिशत व्यक्तिगत खातों से था, जबकि 45 प्रतिशत हिस्सा कंपनियों का था। सबसे चिंता. जनक बात यह है कि कंपनियों को होने वाला नुकसान पिछले वर्ष की तुलना में चार गुना से अधिक बढ़कर 4.7 अरब एन तक पहुंच गया है। रिपोर्ट में खुला. सा हुआ है कि 90 प्रतिशत मामलों में 'फिशिंग स्कैम' का इस्तेमाल किया गया। इसमें पीड़ितों को झांसा देकर उनकी गोपनीय जानकारी चुराई गई। पिछले साल की तुलना में 7.3 लाख की वृद्धि के साथ रिकॉर्ड 24.5 लाख मामले दर्ज किए गए। रिपोर्ट की गई नकली वेबसाइटों की संख्या 3 लाख बढ़कर 10 लाख के पार पहुंच गई है। डेटा के अनुसार,फिरौती के मामलों या रैंसमवेयर हमलों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है। ऐसी घटनाओं में हमलावर डेटा ब्लॉक कर फिरौती मांगते हैं। वर्ष 2025 में कुल 226 मामले सामने आए, जिनमें से 60 प्रतिशत शिकार लघु और मध्यम स्तर की कंपनियां बनीं। आधे से अधिक प्रभावित कंपनियों ने बताया कि डेटा रिकवरी में उन्हें एक करोड़ एन से अधिक का खर्च उठाना पड़ा, जबकि 5 मामलों में यह खर्च 10 करोड़ एन के भी पार निकल गया। जापान की पुलिस एजेंसी ने इस बढ़ते खतरे को देखते हुए नागरिकों और व्यापारिक संस्थानों को अपनी साइबर सुरक्षा और डिजिटल लेनदेन के प्रति अधिक सतर्क रहने की चेतावनी दी है।

# दांडी मार्चः नमक सत्याग्रह ने हिला दिया था ब्रिटिश साम्राज्य को

**नई दिल्ली।** महात्मा गांधी ने अनुयायियों के एक छोटे समूह के साथ साबरमती आश्रम से एक सरल लेकिन क्रांतिकारी योजना को ध्यान में रखते हुए आज ही के दिन यानि 12 मार्च (1930) को दांडी की ओर पैदल यात्रा शुरू की थी। 78 स्वयंसेवकों के साथ शुरू हुई यह यात्रा धीरे-धीरे एक ऐसे बवंडर में बदल गई जिसने ब्रिटिश शासन को उखाड़ फेंका। नमक जैसी रोजमर्रा इस्तेमाल होने वाली साधारण सी वस्तु बनाकर दुनिया की सबसे शक्तिशाली सत्ता को चुनौती देने के लिए शुरू की गई यह पद यात्रा आधुनिक इतिहास की सबसे शक्तिशाली अवज्ञाओं में से एक बन गई। भारतीय स्वतंत्रता इतिहास में आज भी यह दिन एक निर्णायक क्षण के रूप में याद किया जाता है।

# आतंकवाद मानवाधिकारों के लिए सबसे गंभीर खतराः भारत

**जेनेवा।** भारत ने जेनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवा. धिकार परिषद (यूएनएचआरसी) में इस बात को दोहराया कि आतंकवाद 'मानवाधिकारों के लिए सबसे गंभीर खतरों में से एक' बना हुआ है और इसके खिलाफ एक 'एकीकृत वैश्विक प्रतिक्रिया की आवश्यकता' है। भारत की ओर से राजदूत सिबी जॉर्ज ने परिषद के 61वें सामान्य सत्र में आह्वान किया कि परिषद सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए दृढ़ रहे। राजदूत ने कहा कि जैसा कि विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने कुछ दिन पहले इस सम्मानित परिषद को संबोधित करते हुए रेखांकित किया था कि हमारे विचार-विमर्श केवल बयानों और प्रस्तावों तक सीमित नहीं रहने चाहिए, बल्कि सबसे कमजोर लोगों के दैनिक जीवन में मूर्त सुधार लाने वाले होने चाहिए। जॉर्ज ने जोर देकर कहा कि आतंकवाद मानवाधिकारों के लिए सबसे गंभीर खतरों में से एक है। हमें इसके सभी रूपों और अभिव्यक्तियों का मुकाबला करने में अडिग रहना चाहिए। इस मुद्दे पर परिषद को एक स्वर में बोलना जारी रखना चाहिए।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108